ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 31 मई 2024
वर्ष 34, अंक 124, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

एसी को कुछ देर दें आराम 16

भूल भुलैया 3 में काम करेंगी माधुरी दीक्षित 15

आजम को 10 वर्ष की कैद, 14 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- ठेकेदार बरकत अली को सात साल कैद, छह लाख रुपये जुर्माना

कोर्ट ने सपा नेता आजम खां को 10 वर्ष की कैद और 14 लाख रुपये का जुर्माना तथा ठेकेदार बरकत अली को सात साल की कैद और छह लाख रुपये जुर्माना लगाया है। – सीमा सिंह राणा, एडीजीसी

अमृत विचार : डूंगरपुर से जुड़े लूटपाट, चोरी व मारपीट के एक मामले में गुरुवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सपा नेता आजम खां को 10 वर्ष की कैद और 14 लाख रुपये जुर्माना और ठेकेदार बरकत अली को सात वर्ष की कैद और छह लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

आजम खां फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। इस मामले में बुधवार को कोर्ट ने दोनों को दोषी करार दिया था। सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों से बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी व मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इसमें एक मुकदमा अबरार ने 13 अगस्त 2019 को लिखवाया था। इस मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई थी। गुरुवार को दोपहर बाद अदालत ने दोनों के खिलाफ सजा का ऐलान कर दिया।

इन धाराओं में हुई सजा

सपा नेता को धारा 392 में 10 साल का कठोर कारावास एवं सात लाख रुपये जुर्माना, धारा 452 में सात साल का कठोर कारावास एवं पांच लाख रुपये जुर्माना, धारा 504 में दो साल का साधारण कारावास एवं एक लाख जुर्माना, धारा 506 में दो साल की कैद और एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। बरकत अली ठेकेदार को धारा 392 में सात साल का कठोर कारावास एवं तीन लाख रुपये जुर्माना, धारा 452 में छह साल का कठोर कारावास एवं दो लाख रुपये जुर्माना, धारा 504 में दो साल का साधारण कारावास एवं 50 हजार रुपये जुर्माना, धारा 506 में दो साल का साधारण कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

42 वर्षों बाद इतनी गर्म हुई लखनऊ की रात

दिन के पारे ने 29 वर्षों का तोड़ा रिकार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राजधानी में गुरुवार को न्यूनतम तापमान ने 42 साल का रिकार्ड तोड़ दिया। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 32.4 डिग्री दर्ज किया गया। दिन के अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस रहा। 29 साल पहले मई के आखिर में इतना तापमान दर्ज किया गया था। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक बुलंदशहर में 46 साल का रिकार्ड तोड़कर तापमान 48 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विज्ञान विभाग का अनुमान है कि अगले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी, लेकिन रात में गर्मी का असर बढ़ेगा।

मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि गुरुवार को बादल छाए रहे। बावजूद इसके, पारा 45.1 डिग्री तक पहुंच गया। 31 मई 1995 को 46.5 तापमान दर्ज किया गया था। न्यूनतम तापमान 32.4 डिग्री रहा जो 29 मई 1982 को दर्ज किए गए 34.2 डिग्री तापमान के आसपास है।

गर्मी व लू से 51 की मौत

- कानपुर में 13, महोबा में 12, लखनऊ में 4 की गर्मी से गई जान

लखनऊ/ कानपुर। शरीर झुलसा देने वाली गर्मी अब जानलेवा हो गई है। लू और मौसमी बुखार की चपेट में आने से प्रदेश के अलग-अलग जिलों में 51 लोगों की मौत हो गयी। लखनऊ में पिछले 24 घंटे में अलग-अलग थाना क्षेत्र में चार लोगों के शव, जबकि कानपुर में गुरुवार को अलग-अलग स्थानों पर 13 लोगों के शव पाए गए। महोबा में 12 लोगों की मौत लू व धूप लगने की वजह से हुई। इन सभी की मौत उपचार के दौरान हुई। जबकि चित्रकूट में दो, हमीरपुर में छह, बांदा में तीन, प्रयागराज में दो महिलाओं व एक अधेड़, जालौन में दो लोगों की मौत हुई। इसी तरह उन्नाव में दो की लू की चपेट में आने से मौत की खबर है। वहीं बाराबंकी, हरदोई, बलरामपुर व गोंडा में एक-एक की मौत। गर्मी के चलते बांदा के अतर्रा कस्बे के नहर कोठी स्थित ऑक्सीजन पार्क में करीब ढाई सौ चमगादड़ मृत पाए गए। महोबा में अधिकतम तापमान 46.7 डिग्री सेल्सियस डिसे रहा। हमीरपुर में अधिकतम तापमान 46 व न्यूनतम 32 डिग्री रहा। बांदा में अधिकतम तापमान 47 व न्यूनतम 34 डिग्री दर्ज किया गया। जालौन में अधिकतम तापमान 48.2 व न्यूनतम 32.8 डिग्री सेल्सियस रहा। चित्रकूट में अधिकतम तापमान 46.6 और न्यूनतम 33.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। फतेहपुर में अधिकतम तापमान 46 व न्यूनतम तापमान 32 डिग्री रहा।

केरल और पूर्वोत्तर राज्यों में समय से पहले पहुंचा मानसून

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने गुरुवार को केरल और पूर्वोत्तर क्षेत्र में समय से पहले दस्तक दे दी, जिससे भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण चार महीने की वर्षा ऋतु की शुरुआत हो गई। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि चक्रवात रेमल ने मानसून के प्रवाह को बंगाल की खाड़ी की ओर खींच लिया है, जो पूर्वोत्तर में मानसून के जल्दी पहुंचने का एक कारण हो सकता है।

3डी प्रिंटेड इंजन वाला दुनिया का पहला स्वदेशी रॉकेट लॉन्च

श्रीहरिकोटा, एजेंसी। आईआईटी मद्रास-इनक्यूबेटेड स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने गुरुवार सुबह 7:15 बजे श्रीहरिकोटा में अपने निजी लॉन्च पैड पर सिंगल पीस थ्री-डायमेंशनल (3डी) प्रिंटेड इंजन वाला दुनिया का पहला रॉकेट प्रक्षेपित किया। यह उपलब्धि पूरी तरह से स्वदेशी डिजाइन और विकास के माध्यम से हासिल की गई है। इस अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ, आईएन एसपीएसीई के अध्यक्ष डॉ. पवन गोयनका, तकनीकी निदेशक राजीव ज्योति और एसएचएआर के निदेशक ए राज राजन मौजूद थे।

विपक्ष मुंह न खुलवाए, सात पीढ़ी के पाप सामने रख दूंगा : मोदी

लोस चुनाव की आखिरी रैली में इंडी गठबंधन पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री

- मोदी ने कहा- कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान का गला घोंटा

होशियारपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान-संविधान की रट लगाने के लिए गुरुवार को कांग्रेस पर तीखे सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने ही संविधान का गला घोंट दिया था तथा जब 1984 के दंगों में सिखों की हत्या हो रही थी तब भी उसने इसकी कोई परवाह नहीं की।

मोदी ने लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में अपनी आखिरी चुनावी रैली में इंडिया गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सेना को राजनीति का हथियार बनाने का आरोप लगाया और कहा कि इससे बड़ा कोई पाप नहीं हो सकता।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने भारतीय सशस्त्र बलों को कमजोर करने के लिए कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस को निशाना बनाते हुए मोदी ने जीप घोटाले, बोफोर्स, पनडुब्बी और सेना के ट्रक घोटाले का जिक्र किया और कहा कि उन्होंने सेना की जरूरतों की कभी परवाह नहीं की। मोदी ने आरोप लगाया उन्होंने भ्रष्टाचार में लिप्त होकर केवल सरकारी खजाने को लूटने और खाली करने की योजना बनाई।

कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने राम मंदिर का विरोध किया : मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की स्वार्थ की राजनीति से देश को नुकसान हुआ है। यही लोग हैं, जो अपने वोट बैंक के लिए लगातार राम मंदिर का विरोध करते रहे। तुष्टिकरण की राजनीति के कारण इंडी गठबंधन सीएए (संशोधित नागरिकता कानून) का विरोध कर रहा है। मोदी ने कहा कि दशकों बाद ऐसा समय आया है कि पूर्ण बहुमत वाली केंद्र सरकार हैट्रिक लगाने जा रही है।

कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल में मोदी अराधना करते हुए। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री का विवेकानंद रॉक पर 45 घंटे का ध्यान शुरू

कन्याकुमारी, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बृहस्पतिवार की शाम कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंड में 45 घंटे का ध्यान शुरू हो चुका है। वे 1 जून तक यहां ध्यानमग्न रहेंगे। मोदी उसी जगह ध्यान कर रहे हैं, जहां स्वामी विवेकानंद ने भी ध्यान किया था। लोकसभा चुनाव के प्रचार का शोर थमते ही पीएम मोदी गुरुवार (30 मई) की शाम कन्याकुमारी पहुंचे।

मोदी ने हेट स्पीच से पद की गरिमा कम की : मनमोहन

नई दिल्ली। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा चुनाव-2024 के आखिरी चरण में वोटरों के नाम लेटर लिखा। इसमें उन्होंने लोगों से भाजपा सरकार न बनाने की अपील की। वहीं, उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान को लेकर अपनी राय दी। तीन पेज के लेटर में मनमोहन सिंह ने कहा मोदी ने चुनाव के दौरान नफरत भरे भाषण दिए। वह पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने पद की गरिमा कम की है। कुछ गलत बयानों के लिए उन्होंने मुझे भी जिम्मेदार ठहराया। मैंने अपने जीवन में कभी भी एक समुदाय को दूसरे समुदाय से अलग नहीं किया। ऐसा करने का कॉपीराइट सिर्फ भाजपा के पास है। उन्होंने किसान आंदोलन समेत बड़ी घटनाओं का जिक्र किया।

खाई में गिरी बस, उप्र के 22 तीर्थयात्रियों की मौत

जम्मू के अखनूर मार्ग पर 200 फिट नीचे गिरी, 57 घायल

संवाददाता, अखनूर (जम्मू)

- हाथरस-अलीगढ़ से वैष्णो देवी और शिवखोड़ी जा रहे थे

अमृत विचार: उप्र से तीर्थ यात्रियों को लेकर जा रही वैष्णो देवी और शिवखोड़ी जा रही स्लीपर बस राजौरी रोड पर 200 फिट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई और 57 घायल हो गए। इनमें से 30 गंभीर रूप से घायलों को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है। बस में करीब 80 लोग सवार थे। सभी तीर्थ यात्री मथुरा, हाथरस और अलीगढ़ के थे।

गुरुवार दोपहर हादसा उस समय हुआ जब बस नंबर यूपी 86 ईसी 4078 राजौरी रोड के उप जिला चौकी चौरा के पास गांव तुंगी मोड़ पहुंची। चालक अचानक बस से नियंत्रण खो बैठा और बस खाई में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया बस पहाड़ी से 5-6 बार पलटती हुई गिरी। यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस और लोगों ने बचाव कार्य शुरू कराया। बस के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

इस दौरान सड़कों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही। खाई से निकालकर यात्रियों को सड़क तक लाने में 4 घंटे का समय लगा। मौके पर ही 15 से ज्यादा यात्रियों की मौत हो चुकी थी। बाकी घायलों को अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से घायलों को जम्मू रैफर किया गया।

खाई में गिरी बस। ● अमृत विचार

परिजन को 7 लाख व घायलों को एक लाख की सहायता राशि

लखनऊ : हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को सात लाख और घायलों को एक लाख की सहायता राशि दी जाएगी। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को दो-दो लाख की सहायता राशि और घायलों को 50-50 हजार रूपए देने की घोषणा की है। वहीं जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने मृतकों के परिजनों को पांच लाख और घायलों के लिए 50 हजार की सहायता की घोषणा की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख प्रकट किया है।

एक नजर

मदरसा बोर्ड : 88.5 फीसदी परीक्षार्थी सफल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, बीए और एमए की परीक्षा का परिणाम जारी हो गया है। मदरसा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने बताया कि 88.5 फीसदी परीक्षार्थी सफल हुए हैं। इस साल 1,14,723 परीक्षार्थियों ने मदरसा बोर्ड की परीक्षा दी थी। (संबंधित खबर पेज 4 पर)

सेना के 16 जवानों पर मामला दर्ज

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में सीमावर्ती कुपवाड़ा जिले के एक थाने में हमले में शामिल तीन लेफ्टिनेंट कर्नल सहित 16 सैन्यकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सैन्यकर्मियों पर दो दिन पूर्व एक पुलिसकर्मी का अपहरण करने और अन्य पुलिसकर्मियों को पीटने का आरोप लगाया गया है। सेना के जवानों पर हत्या के प्रयास, दंगा, अपहरण और डकैती समेत कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सेना के जवान कथित तौर पर मंगलवार को रात 11.40 बजे के आसपास थाने में घुसे और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया।

57 सीटों पर मतदान कल

वरिष्ठ संवाददाता, नई दिल्ली/लखनऊ

- आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गजों की होगी अग्नि परीक्षा

अमृत विचार: सातवें एवं अंतिम चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश चंड़ीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों के लिए मतदान शनिवार को होगा। उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर, पंजाब की 13 सीटों, पश्चिम बंगाल की 9 सीटों, बिहार की 8 सीटों, ओडिशा की 6 सीटों, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटों तथा झारखंड की 3 सीटों और केन्द्रशासित प्रदेश चंड़ीगढ की एक सीट पर 19 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। नतीजे चार जून को आयेंगे।

उत्तर प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए गुरुवार को प्रचार थम गया। इन सीटों पर मतदान के लिए 31 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। मतदान एक जून को होगा। इस चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। वाराणसी सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रत्याशी हैं।

उप्र में इन सीटों पर मतदान

जिन सीटों पर मतदान होना है उनमें लोकसभा सीटों में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व राबर्ट्सगंज (अजा) व सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट शामिल है।

गैंगस्टर छोटा राजन को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

मुंबई। मुंबई की एक विशेष अदालत ने 2001 में होटल व्यवसायी जय शेट्टी की हत्या के जुर्म में गैंगस्टर छोटा राजन को गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मकोका के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल ने राजन को हत्या के लिए भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया।

जय शेट्टी मध्य मुंबई के गामदेवी में गोल्डन क्राउन होटल का मालिक था। छोटा राजन गिरोह की ओर से जबरन वसूली की धमकियों का सामना कर रहे जय शेट्टी को गिरोह के दो कथित सदस्यों ने चार मई 2001 को होटल की पहली मंजिल पर गोली मार दी थी। अदालत का विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं है। पुलिस ने होटल प्रबंधक की शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया था। मामले की जांच से पता चला कि शेट्टी को छोटा राजन गिरोह के सदस्य हेमंत पुजारी से रंगदारी के लिए फोन आया था और पैसे न देने पर उसकी हत्या कर दी गई।

केजरीवाल की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब तलब

नई दिल्ली। धनशोधन मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत और मेडिकल आधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिकाओं पर यहां की एक विशेष अदालत ने ईडी को गुरुवार को जबाव तलब किया। राउज एवेन्यू स्थित ईडी और सीबीआई मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ईडी को अपना पक्ष रखने की अनुमति दी और कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई एक जून को अपराह्न दो बजे करेगी।

मुस्लिम पुरुष की मूर्तिपूजक महिला से शादी वैध नहीं

एमपी हाईकोर्ट का आदेश

जबलपुर, एजेंसी

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक अंतरधार्मिक जोड़े की पुलिस सुरक्षा और अपनी शादी के पंजीकरण का अनुरोध करने वाली याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि मुस्लिम कानून के अनुसार, एक मुस्लिम पुरुष की शादी मूर्तिपूजक या अग्निपूजक महिला से वैध नहीं है।

न्यायमूर्ति जी एस अहलूवालिया की पीठ ने कहा, मुस्लिम कानून के अनुसार, किसी मुस्लिम लड़के की शादी किसी मूर्तिपूजक या अग्निपूजक लड़की से वैध विवाह नहीं है। यदि शादी विशेष विवाह अधिनियम के तहत पंजीकृत भी है तो भी वह वैध नहीं रहेगी। पीठ ने सोमवार को आदेश में कहा कि याचिकाकर्ताओं का यह मामला नहीं है कि अगर शादी नहीं हुई तो भी वे 'लिव-इन' में रहने के इच्छुक हैं। याचिकाकर्ता नंबर-एक मुस्लिम धर्म स्वीकार कर ले। इन परिस्थितियों में इस अदालत का मानना है कि हस्तक्षेप करने के लिए कोई मामला नहीं बनता है। अदालत ने मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की रहने वाली सारिका सेन (23) और सफी खान (23) की याचिकाओं को खारिज कर दिया।

बेंगलुरु एयरपोर्ट पर प्रज्वल को लिया गया हिरासत में

एजेंसी, बेंगलुरु

- सैक्स स्कैंडल का आरोपी है रेवन्ना

जेडीएस के निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना को गुरुवार देर रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही एसआईटी ने हिरासत ले लिया। रेवन्ना पर कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म व धमकाने का आरोप है। जनता दल-सेक्युलर (जेडी-एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना जर्मनी के म्यूनिख से बेंगलुरु देर रात पहुंचे थे।

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एयरपोर्ट पर बैरिकेड्स लगाकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रेवन्ना पर यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के आरोपों की एसआईटी द्वारा जांच की जा सकती है। यह जांच उनके घर में काम करने वाली एक महिला की शिकायत पर की गई थी। एयरपोर्ट पर तैनात एसआईटी अधिकारियों को आदेश दिया गया था कि वे रेवन्ना को पहुंचते ही गिरफ्तार कर लें। जेडी-एस सांसद कर्नाटक में मतदान के दिन 26 अप्रैल को देश से बाहर चले गए थे। वहीं हिरासत में लेने के बाद रेवन्ना को सीआईडी आफिस लाया गया।

सूरज की सतह उगल रही है जबरदस्त आग

- अफ्रीकी देशों में रहा असर, हुआ ब्लैक आउट

संवाददाता, नैनीताल



अमृत विचार : एक तरफ सूरज आग उगल रहा है तो दूसरी ओर धरती भीषण गर्मी से तप रही है। सूर्य पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने में आमादा है। गत दिवस फिर एक भीषण विस्फोट सूर्य की सतह पर हुआ है। जिससे अफ्रीकी देशों में ब्लैक आउट हुआ। आने वाले दिनों में भी सूर्य जबरदस्त विस्फोटों के संकेत दे रहा है।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन ने बताया कि सूर्य की सतह पर तपिश बेकदर हाबी है। आए दिन जबरदस्त विस्फोट हो रहे हैं। जिनका असर पृथ्वी तक देखने को मिल रहा है। गत दिवस सन स्पॉट संख्या एन ओ ए ए 3697 से मेजर एक्स 1.4 श्रेणी की आग भड़की है। भारतीय समय के अनुसार यह विस्फोट रात 9.41 बजे हुआ। जिसमें भयानक ज्वाला निकली, जो रात 10.25 बजे तक जारी रही। इसमें तेज रफ्तार वाला भू-चुम्बकीय सौर तूफान 900 किमी प्रति सेकंड की गति से उठा। इससे रेडियो ब्लैकआउट हुआ, जो मध्य अटलांटिक महासागर में शुरू हुआ और प्यूर्टो रिको तक जारी रहा। अफ्रीका के अल्जीरिया में रेडियो ब्लैकआउट का असर देखा गया।

इधर, सन स्पॉट ए आर 3664 अब पृथ्वी की ओर वाले हिस्से पर वापस आ गया है। इसने कुछ दिन पहले सौर चक्र 25 की अब तक की सबसे बड़ी एक्स फ्लेयर एक्स 8.8 श्रेणी की आग उगली थी। जिससे 10 मई को विशाल वैश्विक भू-चुंबकीय तूफान पृथ्वी तक पहुचा था। इस सन स्पॉट के पृथ्वी की दिशा में आ जाने से विस्फोटों की आशंका बढ़ गई है। जिस कारण दुनियाभर के वैज्ञानिक इन पर नजर रखे हुए हैं।

लद्दाख में नजर आने लगा भू-चुम्बकीय तूफान का असर

नैनीताल : डा वहाब के अनुसार भू-चुम्बकीय सौर तूफानों का असर भारत के लदाख तक नजर आने लगा है। 10 मई को आये तूफान से लदाख का आसमान लाल रंग में जगमगा उठा था। लदाख काफी ऊंचाई मे स्थित है। जिस कारण तूफान का असर ऑरोरा यानी लाल प्रकाश के रूप में देखने को मिला। इससे यह जानकारी पुख्ता हो गई कि भविष्य में भू चुम्बकीय सौर तूफानों का असर लदाख में पड़ेगा।

एक नजर

प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र में शुरू होंगे 10 व्यावसायिक कोर्स

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत राजधानी में अलीगंज स्थित प्रादेशिक स्टॉफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र में 10 नए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होंगे। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 8 करोड़ रुपये के बजट की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। अलीगंज स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में शुरू होने वाले व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में, कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्क मेन्टीनेंस, ड्रेस मेकिंग, मैकेनिकल डीजल, ऑफिस मैनेजमेंट, पेन्टिंग टेक्नोलॉजी, ड्राफ्टमैन मैकेनिकल, स्टेनोग्राफर व सेकेट्रियल असिस्टेंट, इलेक्ट्रीशियन पावर डिस्ट्रीब्यूशन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिकल एवं मैकेनिक ट्रैक्टर शामिल हैं। उक्त विभिन्न कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग प्रस्तावित बजट पर स्वीकृति प्रदान करते हुए 8 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है।

एसटीएफ ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ की मेरठ इकाई ने गाजियाबाद में एक हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी को लोनी डिपो से गिरफ्तार किया है। गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी पर 50 हजार का इनाम भी रखा था। एसटीएफ और पुलिस की कई टीमें आरोपी को तलाश रही थी। एसटीएफ के एएसपी वृजेश कुमार सिंह ने बताया कि बीती 5 मई को राहुल उर्फ रामबाबू निवासी गाजियाबाद ने विक्रम मावी निवासी टीला शहवाजपुर के ऊपर धारदार हथियार से हमला करके हत्या करने का प्रयास किया था। इस घटना में विक्रम मावी बाल-बाल बच गए थे। बाद में बीती 11 मई की रात्रि राहुल ने घात लगाकर पाइपलाइन रोड के पास विक्रम मावी की हत्या कर दी। इस दौरान लोनी थाने में राहुल के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई थी। पुलिस लगातार राहुल की तलाश कर रही थी। आरोपी पर 50 हजार का इनाम भी रखा गया था। गुरुवार को पता चला कि राहुल लोनी डिपो के पास खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। इसी दौरान वहां पहुंचकर उसे मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया।

ई-रिक्शा चालकों को जोन आवंटन अब 8 को

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में ई-रिक्शा चालकों को जोन आवंटन अब 8 जून को किया जायेगा। पहले यह एक जून को होना तय हुआ था। संयुक्त पुलिस आयुक्त लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया लोक सभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों के चलते तारीख में बदलाव किया गया है। अब आठ जून को ई-रिक्शा चालकों की ओर से भरे गए सत्यापन फार्म के जरिए जोनवार लॉटरी निकाल कर जोन आवंटन किये जाएंगे।

पहली तिमाही में राहत के बाद फिर डराने लगे आंकड़े

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : मार्ग दुर्घटनाओं के आंकड़ों पर चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात वाली कहावत एक बार फिर चरितार्थ होती दिखी। वर्ष 2024 की पहली तिमाही में लगे ब्रेक के ठीक एक माह बाद ही हादसों और मौतों की संख्या में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला है। बीते वर्ष से लेकर 2024 के प्रथम चार माह (जनवरी, फरवरी, मार्च व अप्रैल) में न केवल दुर्घटनाएं की संख्या बढ़ी है, बल्कि जनहानि के आंकड़े भी बढ़ गये हैं। जहां हादसों की संख्या में 3.5 तो मौत की संख्या में 2.2 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखी गई है।

अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने कहा कि यह चिंताजनक है। पहली तिमाही के आंकड़े राहत देने वाले रहे, लेकिन एक बार फिर मौत और जनहानि के आंकड़ों में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। सड़क सुरक्षा से जुड़ीं सभी एजेंसियों को इस सिलसिले में बता दिया गया है। एनएच और एसएच पर सख्त निगरानी और सर्तकता बरतने के लिए कहा गया है। सभी एजेंसी मिलकर इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें। जल्द ही इस सिलसिले में उच्च स्तरीय बैठक भी बुलाई जाएगी।

हादसों और मौत के आंकड़ों में हुई बढ़ोतरी

प्रदेश में जनवरी से अप्रैल तक हुए हादसे व मौतों की संख्या

पिछले साल- 2023 (चार माह के दौरान)	इस वर्ष- 2024 (चार माह के दौरान)
सड़क हादसों की संख्या -14,110	सड़क हादसों की संख्या-14,597
मृतकों की संख्या-7,757	मृतकों की संख्या-7,926

2023 से 2024 के बीच चार माह में आया अंतर

हादसों की संख्या-487	मौतों का आंकड़ा-169

3 जून को डीएल के लिए न जाएं आरटीओ, नहीं होगा काम

स्मार्ट कार्ड डीएल सिस्टम हुआ ध्वस्त, 2 और 3 जून को होगा अपग्रेडेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 3 जून को डीएल या इससे जुडे. किसी काम को लेकर आरटीओ या फिर प्रदेश के किसी भी सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय जा रहे हैं तो इस भीषण गर्मी में रुक जाएं। आपका काम नहीं होगा। वजह यह है कि तकनीकी टीम परिवहन विभाग के सारथी पोर्टल को अपग्रेड करने जा रही है। एनआईसी इस अपग्रेडेशन पर दो दिन काम करेगी। एक दिन छुट्टी और एक दिन कार्यालय के कार्य दिवस पर यह काम पूरा होगा। इसके लिए 2 और 3 जून की तारीख तय की गई है। 2 जून को रविवार है, इस दिन भी आवेदक अगर घर से ऑनलाइन फार्म भर रहा है या फीस जमा कर रहा है तो यह कार्य भी नहीं होगा। कहा जा सकता है कि स्मार्ट कार्ड डीएल का ऑनलाइन सिस्टम बैठ गया है। आए दिन डाटा मिस्मैच हो रहा है। इसके चलते डीएल की पेंडेंसी भी बनी हुई है।

दरअसल, परिवहन विभाग की अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन हैं। इनमें से सबसे ज्यादा जनोपयोगी मानी जाने वाली डीएल सेवा के सर्वर डाउन होने से लोग समस्या से जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी में ध्वस्त हुए सिस्टम पर आगामी दो दिन किसी भी आरटीओ-एआरटीओ कार्यालय में डीएल का अप्रूवल नहीं होगा। परिवहन अफसरों का कहना है कि 2 व 3 जून को एनआईसी डीएल से जुड़े सारथी पोर्टल का अपग्रेडेशन करेगी। इसे लेकर तिथि तय की गई है।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक, डीएल सिस्टम में बीते कुछ दिनों से दिक्कतें आ रही थीं। इसके तहत डीएल आवेदक और सारथी पोर्टल पर अंकित डाटा का जब केएमएस (की मैनेजमेंट सिस्टम) प्रक्रिया के तहत मिलान कराया जाता है तो वह खरा नहीं उतरता है। कई बार मिस्मैच की शिकायत आती है। इससे बड़ी संख्या में मुख्यालय से डीएल, आवेदकों के पते पर जारी नहीं हो पाते हैं। परिवहन विभाग के तकनीकी विशेषज्ञ कहते हैं कि मामले में एनआईसी टीम अक्सर ढील दे देती है। समय रहते विभाग के पोर्टल को अपग्रेड नहीं किया गया। इससे यह दिक्कत आ गई है।

मोबाइल पर मिलेगा तारीख का मैसेज

इस दौरान जिन आवेदकों की डीएल तिथि है उनके जिलों के एआरटीओ की ओर से दर्ज मोबाइल नंबर पर मैसेज जाएगा। तारीख बताई जाएगी। एक- दो दिन में आवेदकों को मौका दिया जाएगा और वह अपना डीएल बनवा सकेंगे। 3 जून के बाद ही नए डीएल की तारीख आवंटित की जाएगी। उसके बाद ही परिवहन कार्यालयों में फोटो अप्रूवल का काम आगे बढेगा।

2 जून को भी ऑनलाइन फीस नहीं होगी जमा

- डाटा अक्सर होता है मिस्मैच आवेदकों को दी जाएगी नई तिथि

सारथी पोर्टल को दुरुस्त किया जा रहा है। दो दिन यानी 2 और 3 जून का समय एनआईसी ने इसे अपग्रेड करने के लिए रखा है। एक दिन अवकाश है, एक दिन कार्य दिवस पर इसका बेहतर ट्रायल हो जाएगा और काम शुरू हो जाएगा।

-पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त

प्रदेश में बंद इकाइयां चालू नहीं होने से बिजली संकट बरकरार

पावर कॉरपोरेशन विद्युत आपूर्ति सामान्य करने में जुटा, समय पर आपूर्ति बहाल करें अधिकारी : आशीष गोयल

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बंद इकाइयों के चालू न होने से प्रदेश में गुरुवार को भी बिजली संकट बना रहा। अधिकतम बिजली की मांग 29,077 मेगावाट दर्ज हुई। स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली की किल्लत से जूझते रहे। इस बीच, पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने शक्ति भवन में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर बिजली आपूर्ति का जायजा लिया। उन्होंने राजधानी में गहराए बिजली संकट को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए।

भारी मांग के कारण ठप हुई अनपरा सी की 600 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट व पारीछा बिजलीघर की 250 मेगावाट क्षमता की इकाइयों को चालू करने के प्रयास जारी रहे, पर गुरुवार देर रात तक इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। हालांकि, बिजली अभियंता इकाइयों के चालू कर लिए जाने की उम्मीद जताते रहे। इसी तरह, ओबरा बिजलीघर की 200 मेगावाट क्षमता की इकाई चालू नहीं हो सकी। इस इकाई के 31 मई को चालू होने की उम्मीद जताई गई।

इस बीच, शक्ति भवन में आयोजित बैठक में पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने कहा कि भंयकर गर्मी को देखते हुए जहां कहीं भी बिजली आपूर्ति बाधित हो, वहां के उपभोक्ताओं, जनप्रतिनिधियों व मीडिया को जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उपभोक्ता सेवा 1912 पर भी इसकी सूचना दी जाए। जरूरत पड़े तो लाउडस्पीकर से भी घोषणा कर उपभोक्ताओं को सही जानकारी दी जाए। बैठक में कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, निदेशक वितरण जीडी द्विवेदी, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत आदि अधिकारी शामिल थे।

गुरुवार को शक्ति भवन में बैठक करते उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल व अन्य।

कम समय में बदले जाएं ट्रांसफॉर्मर

अध्यक्ष ने कहा कि क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मर कम से कम समय में बदले जाएं। इसके लिए ट्रांसफॉर्मर बदलने के लिए प्रयुक्त होने वाले वाहन वर्कशॉप में तैयार रहें। उन पर सभी आवश्यक उपकरण भी मौजूद रहें, जिससे ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्तता की सूचना पर कम से कम समय में दूसरा ट्रांसफॉर्मर वहां पहुंचा दिया जाए। ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर और गैंग की कहीं कोई कमी न हो।

उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

अध्यक्ष ने कहा कि देर रात तक अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में रहें। उपभोक्ताओं के फोन उठाएं और उपभोक्ताओं को सही जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक अपने-अपने तैनाती स्थल पर ही रहें। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि पावर कारपोरेशन निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए संकल्पबद्ध है। भीषण गर्मी के कारण कुछ समस्याएं आती हैं, जिनका तत्काल निराकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

एमडी मध्यांचल ने किया उपकेंद्र का निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : मंध्याचल विद्युत वितरण निगम के एमडी भवानी सिंह खंगारोत ने गुरुवार को कमता के शिवपुरी उपकेंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपकेंद्र अधिकारियों को रात में पर्याप्त गैंग रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जिन क्षेत्रों में बिजली की समस्याओं की शिकायत ज्यादा आ रही है। उन क्षेत्रों में पेट्रोलिंग और सक्रियता बढ़ाने के आदेश दिए। वहीं मुख्य अभियंता गोमतीनगर ने कमता उपकेंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने जेई और लाइन स्टॉफ को मोबाइल पर आने वाली शिकायतों का तत्परता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

लगातार चेक किया जाएगा ट्रांसफार्मर का तापमान और तेल

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसफार्मरों का तापमान और ऑयल को लगातार चेक किया जाएगा। इस आशय का निर्देश ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने गुरुवार को इटौंजा उपकेंद्र के निरीक्षण के बाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने जंफर, पेटीफ्यूज और केबल पर भी निगरानी करने के निर्देश दिए।

सतर्क रहें बिजली अधिकारी

अध्यक्ष ने कहा कि अभी गर्मी और बिजली की मांग बढ़ने की संभावना है, इसलिए अधिकारियों को ज्यादा सतर्क रहना पड़ेगा। अनुरक्षण कार्यों में लगे ठेकेदारों से बेहतर काम लिया जाए, जिससे कम से कम समय में लोकल फाल्ट या क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मर या उपकरण बदले जा सकें।

भीषण गर्मी में शारदा नहर में रखरखाव कार्य के चलते समस्या

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया गया है कि शारदा नहर से पानी न मिलने के कारण सहायक नहरों सोनारा और अलहदापुर के आसपास के लोग ही नहीं, जानवर और मछलियों जैसे जलीय जीव भी पानी को तरस रहे हैं। वहीं, राज्य सरकार की ओर से यह बताने पर कि शारदा नहर में 8 जून तक रखरखाव संबंधी कार्य के चलते पानी रोका गया है और 8 जून के बाद इसे छोड़ दिया जाएगा, न्यायालय ने टिप्पणी की कि यदि यही काम पहले कर लिया गया होता तो ऐसी स्थिति न उत्पन्न होती, सरकार को दूसरे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, रखरखाव कार्य की टाइमिंग तय करनी चाहिए। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने याची को सुल्तानपुर के जिलाधिकारी व सीडीओ के समक्ष 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत होने का निर्देश देते हुए, आदेश दिया है कि यदि संभव हो तो समुचित मात्रा में तत्काल पानी छोड़ा जाए, तत्पश्चात इस सम्बंध में जो भी आवश्यक हो, वह विधिपूर्ण कार्रवाई की जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने वेद प्रकाश सिंह की जनहित याचिका पर पारित किया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि 12 मई से शारदा नहर में रखरखाव का कार्य हो रहा है जो 8 जून तक चलेगा।

अधिकारियों व कर्मियों की बढ़ेगी कार्य क्षमता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- समाज कल्याण विभाग में कार्यालय स्टाफ से लेकर अधिकारियों तक को किया जाएगा प्रशिक्षित

अमृत विचार : आप अपने ही काम को और कितने बेहतर तरीके से कर सकते हैं, इसको लेकर अधिकारियों और कर्मियों की कार्य क्षमता में वृद्धि की जाएगी। पहले चरण की कार्यशाला में उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन एकेडमी की ओर से विभिन्न कोर्स और स्किल डेवलपमेंट के बारे में बताया गया।

समाज कल्याण निदेशायल में कार्यरत कर्मियों और अधिकारियों को और अधिक ऊर्जावान बनाने के लिए क्षमता विकास को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन एकेडमी के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू ने कर्मियों और अधिकारियों को स्किल डेवलपमेंट के गुर बताए। उन्होंने कहा कि अगर आप कोई काम करते हैं तो उसका उद्देश्य क्या है। इसको समझते हुए स्किल डेवलेप की जा सकती है। मिशन कर्मयोगी के तहत जेम, आईटीआई समेत अन्य क्षेत्रों में ऑनलाइन प्रशिक्षण लिया जा सकता है। इसके तहत एक हजार कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इसमें पंजीकरण कराकर वीडियो देख सकते हैं और कोर्स के बारे में जानकारी ले सकते हैं। प्रशिक्षण के बाद ऑनलाइन परीक्षा देनी होगी और परीक्षा पास करने के बाद संबंधित व्यक्ति को कोर्स करने का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कर्मी या अधिकारी अपनी आईडी से पंजीकरण करा सकते हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा कि कर्मियों की आईडी जल्द बनवाई जाएगी।

प्रश्नपत्र लीक मामला : आरोपियों पर गैंगेस्टर के तहत होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 250 आरोपियों में से 100 के खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई करने की तैयारी

अमृत विचार : आरओ-एआरओ व सिपाही भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में पुलिस अब आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने जा रही है। मामले में अब तक गिरफ्तार हुए करीब 250 आरोपियों में से 100 के खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई करने की तैयारी है। आरोपियों के द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गईं संपत्तियों को भी जब्त करने का निर्णय लिया गया है।

मालूम हो कि दोनों परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में अब तक 250 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इस मामले में 16 आरोपी मास्टर माइंड श्रेणी के हैं, जिन्हें एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। अब इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी है। अधिकारियों के मुताबिक, इनमें से 100 आरोपी ऐसे पाए गए हैं, जो प्रश्नपत्र लीक करने की योजना में भी शामिल थे। इनके खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। अभी करीब 150 आरोपी और ट्रेस किए गए हैं। उनकी गिरफ्तारी को लेकर दबिश दी जा रही है।

विद्युत कनेक्शनों का सत्यापन करेंगे प्रधान व सचिव

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सरकारी भवनों के विद्युत कनेक्शन का सत्यापन प्रधान व सचिव करेंगे। जहां बिल बकाया होगा वह जमा करेंगे। उप्र पावर कारपोरेशन ने प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत व सामुदायिक भवन, सामुदायिक शौचालय, ग्रामीण पेयजल परियोजना व स्ट्रीट लाइट के विद्युत कनेक्शन की रिपोर्ट मांगी है। इस क्रम में निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को कनेक्शनों का सत्यापन प्रधान व सचिव से कराने के निर्देश दिए हैं। सत्यापन में कनेक्शन है या नहीं, बिल बकाया व गड़बड़ बिल की रिपोर्ट तैयार कर पोर्टल पर फीड की जाएगी। संबंधित विभाग इसका निस्तारण करेगा। एक नई व्यवस्था यह भी शुरू होगी जिसमें ग्राम पंचायत ऑनलाइन खुद बिल जमा करेंगी। इसके लिए सभी ग्राम पंचायत को लॉगिन आईडी दी गई है।

मलेरिया प्रभावित जिलों में 10 फीसदी लोगों की होगी खून की जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- जून माह को मलेरिया माह के रूप में मनाएगा स्वास्थ्य विभाग
- सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को जारी किए गए निर्देश

अमृत विचार : प्रदेश में मलेरिया प्रभावित जिलों में 10 फीसदी लोगों की खून की जांच अनिवार्य रूप से कराई जायेगी। स्वास्थ्य महानिदेशालय से निर्देश दिए गए हैं कि जांच कराने वाले लोगों में बुखार पीड़ित भी शामिल होंगे। मलेरिया माह के रूप में मनाए जाने वाले जून माह में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सतर्कता के तौर पर इन लोगों के खून की जांच कराई जाएगी और पाजिटिव पाए जाने पर उनका इलाज कराया जाएगा।

अपर निदेशक मलेरिया व वेक्टर बार्न डिसीज डॉ. सईद अहमद ने गुरुवार को सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को इस संबंध में पत्र जारी किया है। पत्र के माध्यम से निर्देश दिए हैं कि मासिक जांच के लिए स्वास्थ्य इकाई आने वाली समस्त गर्भवती महिलाओं की भी मलेरिया जांच अनिवार्य रूप से कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 तक देश-प्रदेश को मलेरिया मुक्त करने साथ ही बीमारी की रोकथाम व रोग के संबंध में जागरूकता बढ़ाना जरूरी है, ताकि शुरुआती लक्षणों, सावधानियों और उपचार विकल्प के बारे में लोगों को शिक्षित किया जा सके। इसके लिए मलेरिया से बचाव व नियंत्रण के संबंध में जागरूकता रैली, बैठकें, गोष्ठी, चौपाल, पम्पलेट वितरण, सोशल मीडिया, रेडियो, कार्यशाला, नुक्कड़ नाटक आदि का प्रयोग करने के निर्देश दिए हैं।

हर रविवार मच्छर पर वार

डॉ. सईद अहमद ने बताया कि जनसमुदाय में हर रविवार मच्छर पर वार, लार्वा पर प्रहार, मलेरिया का संहार एवं बुखार में देरी पड़ेगी भारी जैसे संदेशों को एसएमएस व सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा।

सरकारी अधिवक्ताओं के इलाज के लिए क्या सरकार के पास है कोई फंड

विधि संवाददाता, लखनऊ

हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

- कहा, दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल स्थायी अधिवक्ता नीरज चौरसिया की सरकार करे हर संभव मदद

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या उसके पास हाईकोर्ट के राज्य विधि अधिकारियों के लिए ऐसी कोई योजना है जिसके तहत दुर्घटना आदि की स्थिति में उनकी आर्थिक मदद की जा सके। न्यायालय ने यह जानकारी भी मांगी है कि हाईकोर्ट सहित प्रदेश के तमाम सरकारी वकीलों के लिए क्या कोई बीमा योजना भी है।

साथ ही न्यायालय ने राज्य सरकार से उम्मीद जताई है कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल स्टैंडिग काउसिंल (स्थायी अधिवक्ता) नीरज चौरसिया के इलाज का खर्च डिस्ट्रेस फंड या अन्य किसी स्त्रोत से पूरा किया जाए ताकि उनकी जान बचायी जा सके। न्यायालय ने सरकारी वकील से कहा है कि वह आदेश से तत्काल सरकार को अवगत कराएं ताकि उचित कार्यवाही की जा सके। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार के लिए तय की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अधिवक्ता एचपी गुप्ता की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया है कि हाईकोर्ट में स्टैंडिग काउंसिल नीरज चैरसिया का 28 मई को उनके घर के पास एक्सीडेंट हो गया है जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका इलाज गोमती नगर के मैक्स अस्पताल में चल रहा है। इलाज में प्रति दिन 50 हजार रुपये का खर्च आ रहा है जिसे उनका परिवार वहन करने में सक्षम नहीं है। कहा गया कि अवध बार एसोसिएशन ने एक लाख रुपये की मदद की है लेकिन वह नाकाफी है।

मेरठ व बांदा मेडिकल कॉलेज में बढ़ेंगी 44 पीजी सीटें, बजट जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में एमबीबीएस की सीटों के साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सक बनाने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन की सीटें भी मेडिकल कॉलेज में बढ़ाई जा रही हैं। आगामी सत्र में मेरठ मेडिकल कॉलेज में 31 और बांदा में 13 पीजी सीटें बढ़ाई जाएंगी, इसके लिए जरूरी मानकों की पूर्ति करने के लिए अनुमान्य बजट जारी कर दिया गया है।

मेरठ मेडिकल कॉलेज में पीजी की 31 सीटें बढ़ेंगी। मेडिकल कॉलेज में परीक्षक शिक्षकों के लिए गेस्ट हाउस के लिए स्वीकृत 6 करोड़ 55 लाख के बजट में द्वितीय व अंतिम चरण में 3 करोड़ 27 लाख का बजट जारी कर दिया गया है। इसी तरह, बांदा मेडिकल कॉलेज में भी पीजी की 13 सीटें बढ़ेंगी। इसके लिए परिसर में स्किल लैब तैयार होने के साथ ही चिकित्सकीय उपकरणों की खरीद के लिए स्वीकृत 2 करोड़ 62 लाख और फर्नीचर मद में करीब 28 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। लगभग 2 करोड़ 90 लाख के कुल बजट में 2 करोड़ 24 लाख का केन्द्रांश बजट चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक के खाते में भेज दिया गया है।

वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जमीन देने के संबंध में क्या निर्णय लिया

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शहर के कई इलाकों में पीने के पानी की समस्या पर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए, पूछा है कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए पांच हेक्टेयर की जमीन उपलब्ध कराने के संबंध में जिलाधिकारी, लखनऊ ने क्या निर्णय लिया है। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय व न्यायमूर्ति ओमप्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने उत्कर्ष सेवा संस्थान की ओर से दाखिल वर्ष 2016 की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। दरअसल मामले पर पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि अब वक्त आ गया है कि नगर निगम जाग जाए। साथ ही जवाब भी तलब किया था। अपने जवाब में यूपी जल निगम ने हलफ़नामा देते हुए बताया कि 23 जुलाई 2019 को ही प्रोजेक्ट मैनेजर, पेय जल- 2 ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए पांच हेक्टेयर जमीन की मांग की थी। इस पर न्यायालय ने सरकार के अधिवक्ता को निर्देश प्राप्त कर उक्त पत्र पर लिए गए निर्णय की जानकारी देने को कहा है। याची के अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने बताया कि सुनवाई के दौरान न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि शहर के सराय हसनगंज, बरौरी, अकबर नगर, हरदासी खेड़ा, डूडा कॉलोनी, चिनहट व मटियारी इलाकों में पीने का पानी नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है।

अभ्युदय योजना के तहत कराई जाएगी क्लैट की तैयारी

1 जुलाई से क्लैट की तैयारी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पांच जिलों से होगी शुरू

क्लैट के प्रतिभागियों को निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराएगा समाज कल्याण विभाग

योजना के तहत कई युवाओं को हुआ है लाभ

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : महंगे कोचिंग सेंटरों की फीस का खर्च वहन न कर पाने वाले मेधावियों के सपनों पर अब पानी नहीं फिरेगा। प्रदेश सरकार उनकी राह आसान करेगी। उन्हें क्लैट परीक्षा के लिए मुफ्त कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत क्लैट की यह तैयारी कराई जाएगी। इससे जरूरतमंद छात्र-छात्राएं कोचिंग में दाखिला लेकर भविष्य में न्यायाधीश बनने की अपनी हसरत पूरी कर सकेंगे। कोचिंग 1 जुलाई से शुरू होगी।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग की ओर से किया जा रहा है। इसके तहत चल रही विभिन्न योजनाओं का कई युवाओं ने लाभ उठाया है। आईएएस, पीसीएस बनने का सपना साकार किया है। अभी योजना के तहत संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई), उप-सेवा चयन आयोग (एसएसएससी), अन्य भर्ती बोर्ड परीक्षाएं, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी), राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कराई जा रही है।

1 जुलाई से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर गोरखपुर, प्रयागराज, लखनऊ, गाजियाबाद और हापुड़ में क्लैट की तैयारी कराई जाएगी। उक्त पांच जिलों में छात्रों की संख्या अच्छी रहने पर अन्य जिलों में भी इसकी शुरुआत की जाएगी। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि जुलाई से जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को क्लैट की तैयारी शुरू कराई जाएगी।

परीक्षा और सफल अभ्यर्थी

- जेईई 2024 में 35
- यूपीपीसीएस 2023 में 30
- यूपीएससी 2023 में 23

लेक्चर के लिए रखे जाएंगे विधि विशेषज्ञ

- क्लैट की तैयारी कराने के लिए पांच जिलों में विधि विशेषज्ञ बतौर अध्यापक संविदा पर रखे जाएंगे। डेढ़ घंटे का लेक्चर देने पर इनको दो हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से उन्हें भुगतान किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को बेहतर तैयारी कराई जा सके इसके लिए ये विशेषज्ञ उन्हें तैयारियां कराएंगे। इस सिलसिले में लखनऊ के लिए डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से वार्ता चल रही है।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
विश्व तंबाकू निषेध दिवस
तंबाकू खाने की आदत को छोड़िए और परिवार के लिए मिसाल बनिए। गुटखा खाकर, पान चबाकर नहीं बढ़ेगा सम्मान! इसलिए आज से अपनी सेहत का दो ध्यान
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

शहर में आज

- जेसी गेस्ट हाउस निराला नगर में दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान का वार्षिक सम्मेलन शाम 6 :00 बजे
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हॉकी मैच शाम 5 :00 बजे।
- विश्व संवाद केन्द्र जियामऊ में सामाजिक समरसता मंच की ओर से अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी सायं 4.30 बजे।

एक नजर

छोटी दूरी के लिए चलेंगी रोडवेज की ज्यादा बसें

अमृत विचार, लखनऊ : गर्मी से रोडवेज की बसों की हालत खस्ता है। लंबी दूरी जाने के लिए भीषण गर्मी में यात्री नहीं मिल रहे हैं। रोडवेज को नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में लंबी दूरी की बसों की संख्या घटाकर छोटी दूरी के लिए ज्यादा बसें चलाई जाएंगी। इस संबंध में गुरुवार को निगम मुख्यालय पर एमडी क्षेत्रीय प्रबंधकों के वीसी ने बैठक की। बैठक में रोडवेज बसों में घट रही यात्री संख्या से होने वाले राजस्व नुकसान से निपटने की योजना पर चर्चा हुई।

मुंबई रूट पर स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ाए गए

अमृत विचार, लखनऊ : यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने गोरखपुर जंक्शन – लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल ट्रेन (05325) के फेरे बढ़ाए हैं। यह ट्रेन 1 से 9 जून तक हर दिन चलेगी। वापसी में यही ट्रेन (05326) 3 जून से 11 जून तक चलेगी।

मंडल में 5 से 10 घंटे की देरी से चल रहीं ट्रेनें

अमृत विचार, लखनऊ : भीषण गर्मी में ट्रेन देरी से चल रही हैं। मुंबई से गोरखपुर चलने वाली ट्रेन 10 घंटे देरी से चल रही है। जयनगर–आनन्द विहार एक्सप्रेस (04059) साढ़े छह घंटे, जम्मूतवी– गुवाहाटी एक्सप्रेस (15652) पांच घंटे, डिब्रूगढ़–दिल्ली एक्सप्रेस (04067) आठ घंटे, अमरनाथ एक्सप्रेस (05653) साढ़े तीन घंटे देरी से चल रही है।

अवैध वेंडर बेच रहे प्लेटफार्म पर सामान, हुई जांच

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम आदित्य कुमार के निर्देश पर लखनऊ जंक्शन, गोरखपुर स्टेशन के अलावा गोंडा और बस्ती में ट्रेनों में अवैध वेंडरों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इसमें प्लेटफार्म से लेकर ट्रेनों में लोकल ब्रांड लेख पानी, चिप्स, नमकीन और बिस्कुट पैकेट बरामद किए गए।

तीन की बिक्री पर रोक एक लाइसेंस निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में कृषि विभाग ने गुरुवार को 39 बीज दुकानों पर छापा मारा। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह के नेतृत्व में गठित टीमों ने 21 विक्रेताओं के यहां बीज के एक–एक नमूने लिये। साथ ही विक्रय अभिलेख न मिलने पर तीन विक्रेताओं की बिक्री पर रोक लगा दी। वहीं सरोजनीनगर क्षेत्र में अग्रिम होल सेल प्रालि. के संचालक व कर्मचारी गोदाम बंद कर भाग गए। इस पर दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया। दो अन्य को चेतावनी दी।

24 घंटे में चार शव मिले, गर्मी से मौत की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक इंदिरानगर, दो हसनगंज व एक चौक थाना क्षेत्र में मिला
- दो शवों की शिनाख्त, दो पहचान के लिए मोर्चरी में रखवाए

अमृत विचार: राजधानी में पिछले 24 घंटे के अंदर अलग-अलग थाना क्षेत्र में चार शव मिले हैं। इनकी गर्मी से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। दो शवों की पहचान हो गयी जबकि दो की शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने 72 घंटे के लिए मोर्चरी में रखवाया है।।

इंदिरा नगर के अबरार नगर क्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब दो बजे सड़क किनारे गिरे युवक की थोड़ी देर बाद मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान फहीम पुत्र ईदु वर्तमान पता खुर्रम नगर व मूल निवासी सीतापुर के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार परिजन गर्मी से मौत की आशंका जताते हुये आरोप से इंकार कर बिना पोस्टमार्टम कराए शव ले गए।

उधर, हसनगंज थाना क्षेत्र में मनकामेश्वर चौकी के पास बने शौचालय के समीप शाम करीब 5:30 बजे युवक का शव पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके से मिले झोले में मिले दवा के पर्चे से युवक की पहचान रवि (40) निवासी नेपाल के रूप में की। युवक टीबी की बीमारी से ग्रसित था। पुलिस ने अधिक गर्मी से मौत होने की आशंका जताई है।

इधर, इसी थाना क्षेत्र में झूलेलाल पार्क में अज्ञात अधेड़ (57) का शव शाम छह बजे मिला। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। इसकी भी अधिक गर्मी से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। उधर, बुधवार देर शाम चौक थाना क्षेत्र में पुराना पक्का पुल के बने गुंबद में अज्ञात बुजुर्ग (60) का शव पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। संबंधित थाना पुलिस को कहना है कि अज्ञात शवों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

हजरतगंज चौराहे पर धूप से बचने के लिए दुपट्टे से मुंह ढक कर जातीं युवतियां।

कई अस्पतालों की इमरजेंसी फुल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डायरिया और डिहाइड्रेशन के मरीज ज्यादा

अमृत विचार: गर्मी की वजह से अस्पतालों की इमरजेंसी फुल हो गई है। गर्मी की चपेट में आने के बाद बड़ी संख्या में मरीज सिविल अस्पताल पहुंच रहे हैं। उल्टी, लूज मोशन और कमजोरी के मरीज बढ़े हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल के सीएमएस के डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि 24 घंटे में 52 मरीज अस्पताल की इमरजेंसी में लाए गए हैं। इनमें 23 मरीज बेहद गंभीर हालत में थे। उन्हें तत्काल भर्ती कर इलाज शुरू किया गया।

बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉक्टर पवन अरुण ने बताया कि 24 घंटे में ऐसे 39 गंभीर मरीजों में भर्ती किया गया जिनमें डिहाइड्रेशन और डायरिया जैसे लक्षण थे। लोकबंधु अस्पताल की ओपीडी में सुबह 8 बजे से मरीजों की भीड़ रही। इनमें सबसे ज्यादा गर्मी और लू की चपेट में आने वाले मरीज रहे। लोकबंधु अस्पताल की इमरजेंसी गुरुवार को लगभग फुल हो गई थी। बड़ी संख्या में लोग इमरजेंसी के बाहर स्ट्रैचर पर लेटे दिखे। हालांकि अस्पताल के वार्ड में अभी रिजर्व बेड खाली हैं। ईएमओ के मुताबिक हीट स्ट्रोक जैसे लक्षण, ब्लड प्रेशर, सिरदर्द, चक्कर वाले मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। इमरजेंसी में कुछ देर इलाज के बाद मरीजों को वार्ड में शिफ्ट किया गया।

लोकबंधु अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि अभी हालत नियंत्रण से बाहर नहीं हैं। पिछले 24 घंटे में भीषण गर्मी की चपेट में आकर 68 मरीज अस्पताल पहुंचे। इन्हें तत्काल भर्ती किया गया। हीट वेव और हीट स्ट्रोक के पेशेंट के लिए अलग से वॉर्ड बनाया गया है। कोल्ड रूम भी तैयार है। ऐसे मरीजों के इलाज के लिए कोल्ड स्पनजिंग की भी व्यवस्था है। मरीज के साथ तीमारदारों को भी ओआरएस के पैकेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

बिजली कटौती पर फिर फूटा गुस्सा, तपती दोपहर में सड़क पर लेटा बुजुर्ग, 4 घंटे बुद्धेश्वर चौराहा जाम

वीआईपी इलाकों को छोड़कर पूरे शहर में हुई जबरदस्त कटौती, लोड बढ़ने से हुए फाल्ट ने बढ़ाई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: भीषण गर्मी में बिजली कटौती के विरोध में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। उपभोक्ताओं का बढ़ता गुस्सा उपकेंद्रों से लेकर सड़क तक उतर रहा है। अपट्रान विद्युत उपकेंद्र के सामने 80 साल के बुजुर्ग ने तपती दोपहर में सड़क पर लेटकर प्रदर्शन किया। वहीं बुधवार रात कटौती के विरोध में सैकड़ों उपभोक्ताओं ने चार घंटे तक बुद्धेश्वर चौराहा जाम किया।

बुधवार रात 11बजे एबीसी लाइन के जलने से बुद्धेश्वर क्षेत्र की बिजली चली गई। घंटों इंतजार के बाद लोग आक्रोशित होकर सड़क पर उतर आए। लोग हंगामा करते हुए बुद्धेश्वर चौराहे पर पहुंचे। भीड़ ने मोहान रोड जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची लेकिन भीड़ का आक्रोश देख काफी देर तक बस समझाने में जुटी रही। चार घंटे बाद किसी तरह लोगों को शांत करा पुलिस यातायात सुचारू करवा पाई।

इसके अलावा अर्जुनगंज, उतरठिया, न्यू गरौड़ा और सरोसा पावर हाऊस से जुड़े क्षेत्र में कटौती से लोग परेशान रहे। पुराना लखनऊ के गोलागंज इलाके में तार जलने से कई मकानों की बिजली गुल हो गई। कर्मचारियों ने तार बदल कर आपूर्ति सामान्य की।

बिजनौर में भी बिजली गुल: ओल्ड गरौड़ा के अयोध्यापूरी में बिजली कटौती से लोग परेशान है। हर 5 मिनट के बाद बिजली कटौती हो रही है। बुधवार देर रात ट्रांसफार्मर का डियो उड़ने से दो घंटे से अधिक कटौती रही। गुरुवार को सुबह 33केवी लाईन ट्रिप होने से बिजली सप्लाई अम्बेडकर पावर हाऊस से चालू किया गया।

बुद्धेश्वर चौराहे पर प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

राजाजीपुरम : पुराने उपकेंद्र पर तीन घंटे चला हंगामा

राजाजीपुरम पुराना उपकेंद्र के उपभोक्ताओं ने बुधवार रात 2 बजे से सुबह 5 तक हंगामा किया। गुस्साए लोगों के आक्रोश को देख उपकेंद्र पर मौजूद कर्मचारियों ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। पुराना टेंपो स्टैंड, ए ब्लॉक, तारया मंदिर, एफ ब्लॉक, मीना बेकरी, सेक्टर–12, सी ब्लॉक, जलालपुर, तुलसी विहार, विक्रम नगर और सूर्यनगर में आपूर्ति ठप रहने से यहां के लोगों ने उपकेंद्र का घेराव कर हंगामा किया।

बिजली गुल होने पर सड़क पर लेटकर प्रदर्शन करता बुजुर्ग। अमृत विचार

नादरगंज में 11 घंटे गुल रही बिजली, लोग पानी को तरसे

अमृत विचार, सरोजनीनगर/निगोहां : नादरगंज विद्युत उपकेन्द्र के अन्तर्गत आने वाली अवध विहार कालोनी में बुधवार की रात 12 बजे से सुबह 11 बजे तक बिजली गुल रही। पूरी रात बिजली गुल रहने के चलते सुबह उपभोक्ताओं को पानी के लिए तरसना पड़ा। सप्लाई चालू होने के बाद ट्रिपिंग से लोग परेशान रहे। सीएसए नगर, दरोगा खेड़ा, राम बिहार कालोनी व कृष्णालोक में बिजली ने उपभोक्ताओं को रूलाया। चन्द्रावल फीडर के आश्रमपुर के पास किसी वाहन की टक्कर से पोल टूट गया। जिसके चलते शाम 6 बजे से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। वहीं निगोहां विद्युत सबस्टेशन की 33 केवी लाइन सुबह 7 बजे ब्रेकडाउन लिया गया। इससे निगोहां कस्बा सहित दर्जनों गांवों की विद्युत आपूर्ति लगभग चार घंटे ठप रही। लगभग 11 बजे विद्युत आपूर्ति सुचारु हो सकी।

दो जगह ट्रांसफार्मर में लगी आग, आपूर्ति ठप

अमृत विचार, लखनऊ : बीती रात करीब 1:15 बजे ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के टीबी अस्पताल के पास लगे ट्रांसफार्मर में आग लग गई। लपटों को देख भगदड़ मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और चौक स्टेशन से पहुंची फायर विभाग की टीम ने करीब 10 मिनट में आग पर काबू पा लिया। ट्रांसफार्मर के फुंक जाने से पूरे क्षेत्र की बिजली सप्लाई ठप हो गई। यहां पांच घंटे बाद आपूर्ति बहाल की जा सकी।

वहीं बख्शी का तालाब के शाढ़ामऊ बिजली उपकेंद्र के बड़ी बाजार में रखा ट्रांसफार्मर गुरुवार दोपहर करीब 11 बजे अचानक धू-धू कर जलने लगा। व्यापारियों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दस मिनट में आग पर काबू पाया।

लेकिन इससे साढ़ामऊ क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। देर रात तक यहां आपूर्ति सुचारु नहीं की जा सकी थी। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष वेद रत्न सिंह ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर पर लोड ज्यादा है। अधिकारियों से अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने के लिए आवेदन किया गया है।

ठाकुरगंज में टीबी अस्पताल के पास ट्रांसफार्मर में लगी आग। अमृत विचार

सरोसा पॉवर हाउस से सबसे ज्यादा कटौती

सरोसा पावर हाउस की बिजली कटौती सबसे ज्यादा हो रही है। लापरवाही बरतने वाले जेई, एसडीओ और एक्सीएन को पद से हटा दिया गया था। इसके बाद भी सागर विहार कॉलोनी में पिछले 24 घंटे से बिजली बाधित थी। जब पारा रोड पर गुरुवार को एबीसी जलने लगी तो आनन–फानन कर्मचारियों ने इसे ठीक कराया।

होटल में जांच करते एफएसडीए के अधिकारी। अमृत विचार

पांच सितारा होटल का खाना खाकर दो की तबीयत बिगड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- होटल हयात रीजेंसी का मामला, पुलिस को बुलाया
- मौके पर पहुंची एफएसडीए की टीम ने दिया नोटिस

अमृत विचार: राजधानी के नामचीन पांच सितारा होटल हयात के खाने से दो मेहमानों की तबीयत बिगड़ गई। गुरुवार को इसको लेकर खूब हंगामा हुआ। सूचना पर पुलिस और एफएसडीए की टीम पहुंची। ग्राहकों को शांत कराने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में होटल के किचन से बेकार सामग्री को नष्ट कराने के साथ कई चीजों के नमूने भी लिए। खाने की गुणवत्ता में सुधार के लिए होटल प्रबंधन को नोटिस भी जारी किया गया है।

मामला गोमती नगर स्थित पांच सितारा होटल हयात रीजेंसी का है। यहां पर खाना खाने के बाद दो युवकों का स्वास्थ्य बिगड़ गया। दोनों ने आरोप लगाया कि खाने के साथ परोसी गई चटनी खाते ही उनका स्वास्थ्य खराब हुआ है। होटल में खराब खाना परोसे जाने की सूचना इन युवकों ने एफएसडीए को दी और होटल में हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही एफएसडीए की टीम होटल पहुंच गई और यहां के खाद्य पदार्थों की जांच में जुट गई। पुलिस बल की मौजूदगी में जांच टीम ने होटल के किचन और स्टोर रूम का निरीक्षण किया गया। एफएसडीए के अधिकारियों ने होटल से चटनी, पनीर और दही का नमूना लेकर जांच के लिए राजकीय खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा।

किचन और स्टोर रूम के निरीक्षण में कुछ बेकरी उत्पाद ऐसे पाये गए, जिनकी उपयोग किये जाने की अवधि निकल चुकी थी। यह सभी उत्पाद होटल द्वारा तय की गई एक्वपायरी शेल्फ पर ही मिले। इन सभी उत्पादों को मौके पर ही नष्ट कराया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे उत्पादों को रखने के बजाय तत्काल नष्ट किया जाये। इसके बाद पाई गई कमियों को दूर करने को नोटिस दिया गया। तय समय में कमियां दूर न होने पर और भरे गए नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद फर्म के विरुद्ध खाद्य एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ.एसपी सिंह के अनुसार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह के नेतृत्व में टीम पहुंची थी। टीम में अजय मौर्या, कमलेश कुमार शुक्ला, देवांश चतुर्वेदी और हेमंत कुमार मौजूद रहे।

बिजली संकट को देखते हुए कई अभियंताओं को किया गया बहाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मंध्याचल निगम ने राजधानी में गहरायें बिजली संकट को देखते हुए अतिरिक्त अभियंताओं की बहाली की गई है। इसके साथ ही निलबिंत चल रहें कुछ अभियंताओं को भी बहाल कर दिया गया है।

सेस में तैनात अधिशासी अभियंता यादवेन्द्र यादव को अमौसी जोन और घनश्याम त्रिपाठी को जानकीपुरम जोन में तैनाती देकर तत्काल प्रभाव से बहाल किया गया है। जबकि जानकीपुरम जोन के विश्व विद्यालय खंड की कमान अधिशासी अभियंता ज्ञानेंद सिंह और दुबग्गा खंड की जिम्मेदारी विशाल कुमार वर्मा को दी गई है। इसके साथ ही कर्म सिंह और वीरेंद्र कुमार को अयोध्या जोन में तैनात किया गया है। लेकिन इनके खिलाफ चल रही जांच चलती रहेगी। कुछ और निलबिंत अभियंताओं को भी बहाल करने की तैयारी चल रही है। बरेली में तैनात सहायक अभियंता अमन तिवारी और देवरिया से सौरभ उपाध्याय को मुख्य अभियंता जानकीपुरम में तैनात किया गया है। इसके साथ अयोध्या से प्रशांत कुमार गिरि और गाजीपुर के संतोष कुमार कुशवाहा को मुख्य अभियंता वितरण अमौसी में तैनात किया गया है। गोरखपुर के अशोक मौर्य और कानपुर नगर में तैनात संतोष कुमार पाठक को मुख्य अभियंता लखनऊ सेंट्रल में तैनाती दी गई है।

खुलेआम बिक रहे तंबाकू उत्पाद, 6 जून से चलेगा अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : मंडलायुक्त के दो बार आदेश जारी करने के बाद भी शहर में सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू, सिगरेट और उससे जुड़े उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री रोकी नहीं जा सकी। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के अनुसार 6 जून से इस बाबत अभियान चलाया जाएगा। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने पिछले वर्ष 8 नवंबर और फिर अगले महीने यानी दिसंबर के पहले हफ्ते में नगर आयुक्त को सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू और तंबाकू से बने अन्य उत्पादों का प्रदर्शन रोकने और नोटिस देते हुए जुर्माना लगाने के आदेश दिए थे। बावजूद इसके नगर निगम के अधिकारियों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस आज

बांझपन के साथ गर्भस्थ शिशुओं की मौत का कारण भी बन रहा धूम्रपान

गर्भावस्था में धूम्रपान, खतरे में गर्भस्थ शिशु की जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: धूम्रपान बांझपान के साथ गर्भस्थ शिशुओं की मौत का कारण भी बन रहा है। गुरुवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में आयोजत कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने चिंता जताते हुए इस समस्या पर अपनी राय रखी।

उनका कहना है कि तंबाकू के सेवन से हर साल दुनिया भर में 80 लाख मौतें हो रही हैं। इसमें 12 लाख ऐसे लोग जान गवां रहे जो तंबाकू का सेवन न करने के बावजूद इसके धुंए का शिकार बन रहे हैं। 10 लाख मौते अकेले भारत में हो रही हैं। इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। धूम्रपान से बांझपन की समस्या 60 फीसदी बढ़ गई है। 14 फीसदी बच्चे समय से पहले जन्म ले रहे और करीब 30 प्रतिशत नवजात औसत से कम वजन के हो रहे हैं। इसकी वजह से शिशु मृत्यु दर बढती जा रही है।

केजीएमयू में पलमोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में 26 करोड़ लोग तम्बाकू का सेवन करते हैं जिसमें लगभग 29 प्रतिशत युवा हैं। लगभग 38 प्रतिशत वयस्क और 52 प्रतिशत बच्चे सार्वजनिक स्थानों, घरों और कार्यस्थलों पर धूम्रपान के संपर्क में आते हैं।

उन्होंने बताया कि धुंआ रहित तंबाकू का सेवन सबसे ज्यादा भारत में हो रहा है। धूम्रपान की वजह से प्रजनन दर में भी तेजी से कमी आ रही है। बताया कि तंबाकू सेवन से दिल का दौरा पड़ने का खतरा 6 गुना तक बढ़ जाता है।

10 फीसदी शिशुओं की गर्भ में हो रही मौत

12 लाख लोग बिना धूम्रपान किए गंवा रहे जान

बीमारियों के इलाज पर 14 लाख करोड़ खर्च

डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि भारत में गरीबी दर अधिक होने के बावजूद लोग कमाई का बड़ा हिस्सा इलाज पर खर्च कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत में तंबाकू जनित बीमारियों के इलाज पर सालान 14 लाख करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। तंबाकू के उपयो से हर साल 220 करोड़ रुपये का आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अन्तराष्ट्रीय रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केन्द्र के मुताबिक तंबाकू सेवन करने वाले 10 में से 9 लोग 18 वर्ष की आयु से पहले धूम्रपान की शुरूआत कर देते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की वर्ष 2022 की रिपोर्ट

3.7	करोड़ से ज्यादा बच्चे दुनिया में तंबाकू के शिकार
30	30 प्रतिशत कैंसर भारत में लगभग तंबाकू के सेवन से
14	प्रतिशत किशोर कर रहे भारत मे तंबाकू का उपयोग
50	लाख हेक्टेयर वन नष्ट हो रहा तंबाकू की खेती से हर साल
8.9	लाख असामयिक मौतें सालाना हो रहीं तंबाकू से

एक नजर

केकेवी में काउंसलिंग कल से

अमृत विचार, लखनऊ : बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कॉलेज (केकेवी) में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 1 जून से काउंसलिंग शुरू की जाएगी। बीए रेगुलर की 700, बीएससी मेथ्स रेगुलर की 350 सीटें प्राचार्य प्रो. संजय मिश्रा ने बताया कि कि बीए रेगुलर 700, बीएससी मेन्स रेगुलर 350, बीएससी बायो रेगुलर 350, बीएससी सेल्फ फाइनेंस 80 और बीकॉम सेल्फ फाइनेंस 240 सीट के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर एडमिशन दिए जाएंगे।

स्नातक व परास्नातक में आवेदन की तिथि बढ़ी

अमृत विचार, लखनऊ : नेशनल पीजी कॉलेज में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए जारी प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 20 जून तक आवेदन कर सकेंगे। पहले यह तारीख 31 मई थी। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यूजी और पीजी कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने की तिथि 20 जून तय कर दी गई है। आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन है। जबकि ऑफलाइन फॉर्म कॉलेज परिसर से काउंटर नंबर एक से प्राप्त किए जा सकेंगे।

समर कैंप में छात्रों की प्रतिभा को मिला नया आयाम

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल के विभिन्न कैम्पसों द्वारा आयोजित किये जा रहे समर कैम्प छात्रों की नैसर्गिक बहुमुखी प्रतिभा को निखारने व संवारने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। सीएमएस राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस का समर कैम्प में छात्र योग, ताईक्वाण्डो, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, सेल्फ-डिफेन्स, स्केटिंग, वेस्टन डान्स एवं गायन आदि विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा को निखारने व संवारने में संलग्न नजर आये। यह निःशुल्क समर कैम्प छात्रों में आपसी सद्भाव, सौहार्द व एकता के विचारों को बढ़ावा देने का अवसर भी है।

मदरसा बोर्ड का परिणाम जारी 88.5 फीसदी परीक्षार्थी सफल

90.3 फीसदी छात्राएं और 86.7 फीसदी छात्र हुए सफल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड का परिणाम जारी हो गया है। 88.5 फीसदी परीक्षार्थियों ने बोर्ड की परीक्षा पास कर ली है। मदरसा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने बताया कि इस साल 1,14,723 परीक्षार्थियों ने मदरसा बोर्ड की परीक्षा दी थी। इनमें 1,01,602 परीक्षार्थियों ने परीक्षा पास कर ली।

अन्य बोर्ड की तरह से मदरसा बोर्ड की परीक्षा में भी लड़कियों ने ही बाजी मारी है। मदरसा बोर्ड की परीक्षा में 90.3 फीसदी लड़कियों ने पास होकर अपना कद बढ़ाया, जबकि 86.7 फीसदी लड़कों ने पास होकर दूसरे नंबर पर रहे। कुल परिणाम की बात करें तो मदरसा बोर्ड का परीक्षाफल 88.5 फीसदी रहा।

मदरसा बोर्ड की परीक्षा में सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी, कामिल और फाजिल परीक्षाओं की बात करें तो पहला स्थान प्राप्त करने वालों में लड़कों ने बाजी मारी है। सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी और कामिल की परीक्षाओं में पहले नंबर पर लड़के हैं जबकि दूसरा और तीसरा स्थान लड़कियों ने हासिल किया है लेकिन फाजिल की परीक्षा में लड़की पहले स्थान पर है जबकि दूसरा और तीसरा स्थान लड़कों ने हासिल किया है।

मदरसा बोर्ड का परीक्षाफल देखतीं बोर्ड की रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी। अमृत विचार

हाईस्कूल, इंटर, बीए में छात्र व एमए में छात्रा ने किया टॉप

- सेकेंडरी (हाईस्कूल) की परीक्षा में झांसी के असद खान वारसी ने टॉप किया है। देवरिया की अफीफा परवीन को दूसरा स्थान मिला है जबकि देवरिया की ही लाडली खातून को तीसरा स्थान मिला है।
- सीनियर सेकेंडरी (इंटरमीडिएट) की परीक्षा में कन्नौज के मोहम्मद रेहान रजा ने टॉप किया है। सीतापुर की गुलिस्तां परवीन को दूसरा और सीतापुर की ही यास्मीन को तीसरा स्थान मिला है।
- कामिल (बीए) की परीक्षा में जालौन के मोहम्मद आर्यन सिद्दीकी ने टॉप किया है। बहराइच की जीनत फात्मा शेख ने दूसरा और शाहजहांपुर की राबिया बी को तीसरा स्थान मिला है।
- फाजिल (एमए) की परीक्षा में सीतापुर की गुलफशां ने टॉप किया है। गाजीपुर के अबु ओसामा को को दूसरा स्थान मिला है। जबकि बलरामपुर के महताब हुसैन ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

जो परीक्षार्थी कामयाब नहीं हुए वे निराश न हों : कमर अली

मदरसा बोर्ड के सदस्य कमर अली ने वर्ष 2024 की परीक्षा को पास करने वाले परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि जो पास नहीं कर पाए वह निराश न हों और अगले वर्ष की परीक्षा की पूरी मेहनत के साथ तैयारी करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश पर इस साल नक़ल विहीन परीक्षा कराई गई। जिन परीक्षार्थियों ने अच्छे नम्बरों से परीक्षा पास की है उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं हैं।

ये परीक्षार्थी टॉप-10 में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मदरसा बोर्ड की परीक्षा में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, बीए और एमए के टॉप टेन परीक्षार्थियों के नाम बोर्ड ने घोषित कर दिए हैं। सेकेंडरी (हाईस्कूल) परीक्षार्थियों की टॉप टेन सूची में देवरिया जिले ने कमाल कर दिया है। इस जिले के 8 परीक्षार्थियों ने टॉप टेन सूची में अपना नाम शामिल कराया है। झांसी के असद खान वारसी पहले, अफीफा परवीन को दूसरा, लाडली खातून को तीसरा, अलीना खातून को चौथा, अफनान खातून को पांचवां (सभी देवरिया), कासगंज की शबाना को छठा, फातिमा खातून को सातवां, मजिया खातून को आठवां, नूर अफसा खातून को नवां और शाहीन फात्मा को 10वां स्थान हासिल हुआ है।

सीनियर सेकेंडरी (इंटरमीडिएट) की टॉप टेन सूची में पांच परीक्षार्थी सीतापुर के हैं। इसमें कन्नौज के मोहम्मद रेहान रजा ने टॉप किया है। सीतापुर की गुलिस्तां परवीन ने दूसरा, यास्मीन ने तीसरा, बलिया के शाहनवाज अख्तर ने चौथा, चंदौली के अब्दुर्रहमान ने पांचवां, सीतापुर के मोहम्मद फैसल फैज को छठा, बलरामपुर की निकहत फात्मा को सातवां, सीतापुर की सुमैया खातून को आठवां, मोहम्मद सूफियान को नवां और इटावा के मज्दुल कुद्दूस को 10वां स्थान मिला है।

कामिल (बीए) की परीक्षा में टॉप टेन परीक्षार्थियों की सूची में जालौन के मोहम्मद अयान सिद्दीकी टॉप पर हैं। बहराइच की जीनत फात्मा शेख को दूसरा, शाहजहांपुर की रबिया बी को तीसरा, देवरिया की नजमीन परवीन को चौथा, महाराजगंज के वाजिद अली को पांचवां, कन्नौज के मोहम्मद आलम को छठा, कन्नौज के मोहम्मद मकहूम राजा को सातवां, देवरिया की यास्मीन खातून को आठवां, झांसी की फरहीन मंसूरी को नवां और मऊ के मोहम्मद इरफ़ान अंसारी को 10वां स्थान हासिल हुआ है।

फाजिल (एमए) की परीक्षा के टॉप टेन में सीतापुर की गुलफशां टॉप हैं। गाजीपुर के अबू ओसामा को दूसरा, बलरामपुर के महताब हुसैन को तीसरा, हमीरपुर की फरजाना सगीर को चौथा, देवरिया के मोहम्मद नजीर को पांचवां, मुरादाबाद की उम्मे हनी सदफ को छठा, हमीरपुर की रजिया को सातवां, कानपुर नगर के अब्दुस्सलाम को आठवां, मऊ के जिया अफजल को नवां और कन्नौज की समरीन बानो को 10वां स्थान मिला है।

एकेटीयू के छात्रों को समर इंटर्नशिप करने का अवसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इंटर्नशिप करने के लिए छात्रों को 5 जून तक पंजीकरण कराना होगा

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने छात्रों को नई तकनीकी में दक्ष बनाने पर जोर दे रही है। छात्र नई तकनीकी के जानकार होंगे तो रोजगार मिलने में आसानी होगी।

इस दिशा में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में विश्वविद्यालय ने सॉफ्टप्रो इंडिया कंप्यूटर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेज कंपनी से एमओयू किया था। जिसके तहत कंपनी अब संबद्ध संस्थानों के बीटेक सीएस और आईटी ब्रांच के छात्रों को निःशुल्क ऑनलाइन समर इंटर्नशिप कोर्स कराने जा रही है।

इंटर्नशिप करने के लिए छात्रों को 5 जून तक पंजीकरण कराना होगा। यह इंटर्नशिप चार से छह सप्ताह की होगी। इसमें पिछले साल 50 प्रतिशत स्कोरिंग करने वाले छात्र हिस्सा ले सकेंगे। छात्रों को कंपनी की ओर से विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे। डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट कोर्स से छात्रों को काफी लाभ मिलता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैं सरोज यादव पत्नी भाईलाल यादव निवासिनी अलीनगर सुनहरा तहसील सरोजनी नगर जिला लखनऊ अपने पुत्र शुभम यादव व पुत्र वधू के मध्य होने वाले वाले वाद-विवाद, गलत आचरण, चाल-चलन व मेरे साथ किये जा रहे क्रूरतापूर्ण अमानवीय व्यवहार से व्यथित होकर मैं अपने पुत्र को समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। उनके किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होंगे।

सूचना

सूचित हो कि मैं भाई लाल यादव पुत्र स्व0 बाबू लाल, निवासी अलीनगर सुनहरा तहसील सरोजनी नगर जिला लखनऊ अपने पुत्र शुभम यादव व पुत्र वधू के मध्य होने वाले वाले वाद-विवाद, गलत आचरण, चाल- चलन व मेरे साथ किये जा रहे क्रूरतापूर्ण अमानवीय व्यवहार से व्यथित होकर मैं अपने पुत्र को समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होंगे।

अदालती नोटिस

हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप
बअदालत न्यायालय श्रीमान् लघुवाद न्यायाधीश, लखनऊ
प्रकीर्ण वाद संख्या-46/2022
ता0पेशी-15.07.2024

अजय सिंह पुत्र स्व0 भंवर सिंह निवासी-7/553ए, विकास नगर, थाना विकास नगर, जिला-लखनऊ -प्रार्थी/वादी

बनाम

1-नगर निगम लखनऊ द्वारा नगर आयुक्त कार्यालय लालबाग, लखनऊ
2-जोनल अधिकारी, जोन-3, नगर निगम लखनऊ
3-हरीलाल चौहान पुत्र स्व0 शोभा चौहान निवासी-643/195, सीतापुर रोड, मोहिबुल्ला पुर, फैजुल्लागंज प्रथम, लखनऊ- विपक्षीगण

चूंकि उपरोक्त नामांकित-वादी/प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आवेदन पत्र अपील अन्तर्गत धारा-472 नगर निगम अधिनियम-1959 हेतु। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 15.07.2024 के दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 13.05.2023 के दिवस को दिखायी गयी।

दस्तखत हाकिम-मोहर अदालत

सूचना

सूचित हो कि मेरा इंटरमीडिएट का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1096120 वास्तव ने कहीं खो गया है। मैने पंडित दीन दयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज मवई उन्नाव से पढ़ाई की थी। **विनीता यादव पुत्री छोटेलाल, निवासी पूरे नक्का मजरे मलिक मऊ चौबारा, जिला रायबरेली।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र शैलेश कुमार मौर्य के विद्यालय दस्तावेजों में उसकी जन्मतिथि त्रुटिवश 20.11.2008 तथा मेरा नाम प्रेम नारायण मौर्या दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र की सही जन्मतिथि 11.08.2008 तथा मेरा सही नाम प्रेम नारायण है जो कि मेरे व मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर भी दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय दस्तावेजों में उसकी जन्मतिथि व मेरा नाम सही दर्ज किया जाये। **प्रेम नारायण पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम परसेहरा खुर्द पोस्ट मजलिसपुर थाना खैराबाद तहसील व जिला सीतापुर।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस UP34/2005/0070383 दिनांक 24.01.2005 में त्रुटिवश मेरा नाम मोहम्मद अरशद व पिता का नाम मो0 नसीम दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि मेरा सही नाम मोहम्मद अरशद अंसारी व मेरे पिता का सही नाम नसीम अहमद है जो कि आधार कार्ड पर अंकित है। अतः मेरे उपरोक्त ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा व मेरे पिता का सही नाम दर्ज किया जाये। **मोहम्मद अरशद अंसारी पुत्र श्री नसीम अहमद निवासी- 102, मियागंज बिसवां जिला सीतापुर।**

सूचना

सूचित हो कि मैं अपने छोटे पुत्र वीरेंद्र सिंह को उनके गलत आचरण व व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर लिया था परंतु वर्तमान में वीरेंद्र सिंह के कार्य व्यवहार व आचरण में सुधार के कारण संबंध विच्छेद की कार्यवाही समाप्त करता हूं। **गिरजा बक्श सिंह पुत्र स्व0 शिव विहार सिंह नि0 ग्राम मोहरी कला पोस्ट मोहरी खुर्द जिला लखनऊ।**

अन्य विषयों के साथ सांख्यिकी की पढ़ाई भी कर सकेंगे स्नातक के छात्र

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में गणित व सांख्यिकी विभाग की 1 वर्षीय, 3 वर्षीय और 5 वर्षीय कार्य योजना तैयार की गई है। इस योजना का प्रस्तुतीकरण कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने देखा और उसकी समीक्षा भी की। इस मौके पर विभाग के समन्वयक डॉ. प्रवीण कुमार मिश्रा ने बताया कि विभाग में सांख्यिकी विषय में अन्य विषयों के संयोजन के साथ स्नातक कोर्स को शुरू किया जाएगा।

साथ ही अन्य विभागों के साथ मिलकर डाटा साइंस में स्नातक एवं परास्नातक कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। इसके बाद पंच वर्षीय कार्य योजना के तहत विभाग में सांख्यिकी एवं डाटा साइंस में सामूहिक रूप से शोध को शुरू किया जाएगा एवं विभाग को एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित करने की कार्य योजना है।

साहित्यिक परंपराएं और सौंदर्यबोध पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग की ओर से भारतीय साहित्यिक परंपराएं और सौंदर्यबोध विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही इस अवसर पर विभागीय लिटरेरी क्लब का भी उद्घाटन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. कविता त्यागी ने एक दिवसीय राष्ट्रिय कार्यशाला में पधारे हुए सभी अतिथियों का भाषागत औपचारिकता से परे विशुद्ध अंतःकरण से स्वागत किया। इसके बाद डॉ. विपिन कुमार पांडेय, सह आचार्य, अंग्रेजी विभाग द्वारा कार्यशाला की परिकल्पना एवं विषय वस्तु पर प्रकाश डाला गया। इस राष्ट्रीय कार्यशाला की मुख्य वक्ता प्रो. निशि पांडे ने समृद्ध प्राचीन भारतीय बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। व्याख्यान में भारतीय साहित्य, धर्मशास्त्र, शिक्षा एवं सौंदर्य शास्त्र में नवरस के महत्व की विवेचना करते हुए प्राचीन भारतीय बौद्धिक परंपराओं को उजागर किया।

सेवानिवृत्त प्रो. अरविंद अवस्थी के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाते लविवि कुलपति आलोक कुमार राय।

सेवानिवृत्त हुए लविवि के प्रो. अरविंद अवस्थी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रति कुलपति के पद पर सेवा दे रहे प्रोफेसर अरविंद अवस्थी सेवानिवृत हो गए। उनके सम्मान में कुलपति प्रो. आलोक राय ने एक समारोह का आयोजन किया।

इस मौके पर प्रो. राय ने कहा कि प्रो. अवस्थी के साथ कार्य करने का अनुभव बड़ा सुखद रहा। डीन के रूप में उन्होंने बहुत अच्छा कार्य किया, समय से वह क्लास लेते थे, एक अच्छे अकैडमिशियन, एक अच्छे शिक्षक और बहु आयामी व्यक्तित्व के स्वामी है। इतने महत्वपूर्ण पद पर आसीन होने के बाद भी उनके अंदर किसी प्रकार का कोई अहंकार मुझे दिखाई नहीं पड़ा। बता दें अरविंद अवस्थी ने लखनऊ विश्वविद्यालय से 1982 में बी ए, 1984 में एमए और 1992 में पीएचडी पूर्ण किया। प्रो.अवस्थी ने अपने छात्र जीवन और शिक्षक जीवन के अनुभव को भी उपस्थित लोगों के साथ साझा किया। उन्होंने यह भी बताया कि उनके 80 लेक्चर यूट्यूब पर भी उपलब्ध हैं।

शिक्षकों की उम्मीद पर फिर सकता है पानी

- इस बार भी शिक्षकों का अंतर्जनपदीय स्थानांतरण होना संभव नहीं

अमृत विचार, लखनऊ : बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात शिक्षकों की उम्मीदों पर पानी फिर सकता है। शिक्षकों का अंतर्जनपदीय स्थानांतरण इस बार भी होना संभव नहीं दिखाई पड़ रह है। अभी जिले के भीतर समायोजन की तैयारी है। ये प्रक्रिया ही पूरी होने में अभी 10 से 12 दिन का समय लग सकता है। उसके बाद अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की तैयारी बीच सत्र में शुरू नहीं हो पायेगी।

हालांकि, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने परिषदीय विद्यालयों में सहायक शिक्षकों के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के मामले में महत्वपूर्ण फैसला देते हुए कहा कि अगर कोई कानूनी बाधा नहीं है तो नए सत्र के शुरू में शिक्षकों के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के लिए दूसरे आवेदन पर विचार किया जाये। इस मामले में शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से भी जीत मिली है। लेकिन प्रक्रिया कब शुरू होगी इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं है।

सख्ती | शिक्षा महानिदेशक ने सरप्लस शिक्षकों के समायोजन की मांगी सूचना

छात्र संख्या 100 से कम तो मिलेगा नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग की मान्यता पर पूरे प्रदेश में संचालित आशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) प्राइमरी और जूनियर हाई विद्यालयों में छात्र संख्या यदि 100 से कम है तो ऐसे विद्यालयों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी किया जायेगा। नोटिस जारी होते ही कारण सहित जवाब देना होगा। इसके साथ ही जहां शिक्षक ज्यादा हैं और बच्चे कम है उनका समायोजन होगा।

इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने कार्यवाही के निर्देश संयुक्त शिक्षा निदेशक गणेश कुमार को दिए हैं। एडेड विद्यालयों में लगातार घटती नामांकन संख्या के चलते कई विद्यालय बंदी के कगार पर है लेकिन इनके शिक्षकों को लाखों में वेतन दिया जा रहा है। अब प्रेरणा पोर्टल पर जानकारी अपलोड होने के बाद विद्यालय के प्रबंधकों और प्रधानाध्यापकों की कलई खुल रही है।

- आशासकीय सहायता प्राप्त प्राइमरी और जूनियर हाई विद्यालयों का मामला

एडेड विद्यालयों में सिर्फ वेतन पर रहता है ध्यान : प्रबंध समिति के अंतर्गत संचालित एडेड जूनियर विद्यालयों की बात की जाये तो साल दर साल इन विद्यालयों की स्थिति खराब होती चली गई। यहां शिक्षकों और प्रबंधकों ने नामांकन संख्या बढ़ाने पर कभी जोर नहीं दिया। शिक्षकों को भी वेतन सरकार द्वारा दिया जाता है लेकिन अब अधिकांश विद्यालयों में गरीब बच्चों को शिक्षा नहीं मिलती है।

वर्तमान में जूनियर हाई विद्यालयों में कार्यरत स्टाफ की बात करें तो 1,660 प्रधानाध्यापक कार्यरत हैं। 10,960 सहायक अध्यापक कार्यरत हैं। तृतीय श्रेणी में 1,946 कर्मचारी हैं, चतुर्थ श्रेणी में 3,450 कर्मचारी हैं। कुल 18,016 स्टाफ है। लेकिन पूरे प्रदेश में विद्यालयों में बच्चों की संख्या का आकड़ा देखा जाये तो शिक्षकों का अनुपात कहीं ज्यादा है।

ऐसी मिली विद्यालयों की स्थिति

एडेड विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का नामांकन व आधार प्रेरणा पोर्टल पर यू-डायस कोड सहित अपलोड किया गया है। जिसके बाद शिक्षा महानिदेशक ने समीक्षा में पाया कि 0 से 10 तक नामांकन वाले विद्यालयों की संख्या पूरे प्रदेश में 24 है। जबकि कार्यरत अध्यापकों की संख्या 76 है। इसी तरह से 11 से 24 नामांकन वाले विद्यालयों की संख्या 39 है व 25 नामांकन संख्या वाले विद्यालयों की संख्या 26 है। वहीं एकल अध्यापक वाले विद्यालयों की संख्या 198 है।

15 दिनों में देना होगा जवाब

एडेड विद्यालयों की पहली बार इस तरह की समीक्षा हुई है। अब नोटिस जारी होने के बाद प्रबंधकों और प्रधानाध्यापकों को घटते नामांकन का कारण बताना होगा। जवाब संतोषजनक न मिलने पर शासन के संज्ञान में लाते हुए आगे की कार्रवाई विभाग करेगा।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय-
सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय-
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना

आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि0मी0
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि0मी0
- मटियारी चौराहा – 14 कि0मी0
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि0मी0
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि0मी0

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.

Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

एक नजर

उम्मीद संस्था ने यूपी दर्शन पार्क में लगाया प्याऊ

अमृत विचार, लखनऊ : भीषण गर्मी से जनता को राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने सभी आठ जोन में कूलिंग प्वाइंट शुरू कर दिए हैं। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह की अपील पर उम्मीद संस्था ने गुरुवार को एलडीए और वीफा डेवलपर्स के सहयोग से गोमती नगर स्थित यूपी दर्शन पार्क से प्याऊ सेवा की शुरुआत की। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सलाहकार और नगर आयुक्त ने राहगीरों को गुड़ और बिस्कुट वितरण के साथ ठंडा पानी पिलाया।

कर्मियों को क्रॉप सर्वे के नहीं मिले रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में पंचायत सहायकों को डिजिटल क्रॉप सर्वे का भुगतान नहीं किया गया है। यह शिकायत कर्मियों ने जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर से की है। बताया कि रबी फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे कराया गया था। इसमें ऑनलाइन लोकेशन, फसलें, क्षेत्रफल, उत्पादकता, फोटो आदि विवरण फीड कराया गया था। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि कुछ कर्मियों के बैंक खाते गलत फीड हो गए थे। जो ठीक कर भुगतान करा रहे हैं।

चिड़ियाघर में जानवरों के लिए लगाए गए कूलर

अमृत विचार, लखनऊ : भीषण गर्मी को देखते हुए नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में गुरुवार को वन्य जीवों के लिए कई इतंजाम किए गए। जीवों को साफ पीने के पानी को उपलब्ध कराने के साथ बाड़ों में स्प्रिंकलर सिस्टम लगाए गए है। इसके साथ ही उनके खाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि शहर में पड़ रही भीषण गर्मी में वन्य जीव बहुत कम मात्रा में भोजन ले रहें हैं। साथ ही पक्षी भी दाना कम मात्रा में खा रहें हैं। जीवों को गर्मी से बचाने के लिए हर एक बाड़े में करीब 25 कूलर लगाए गए हैं। दोपहर के समय 11से 4 बजें के बीच रोटेशन के आधार पर पानी के फव्वारे चलाए जा रहे हैं।

आरबी इंटर कॉलेज के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

अमृत विचार, हरदोई : क्षेत्र के आरबी इंटर कॉलेज समदखेड़ा के छात्रों ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित आईपीएल कंपनी का भ्रमण किया। छात्रों ने इस दौरान कंपनी में बनने वाले विभिन्न रसायनों सहित सुरक्षा मानकों के बारे में जानकारी प्राप्त की।कंपनी के महाप्रबंधक अजय भटनागर ने छात्रों को कार्बनिक यौगिकों की विस्तृत जानकारी दी।

कठौता झील में केवल 8 दिन का पानी बचा, जलकल विभाग ने आपूर्ति में एक घंटे की कटौती बढ़ाई

10 लाख आबादी को अब पांच घंटे नहीं मिलेगा पानी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में 10 लाख आबादी के सामने पेयजल का बड़ा संकट खड़ा होने वाला है। कठौता झील में केवल 8 दिन का पानी बचा है। इससे पहले झील नहीं भरी गई तो गोमतीनगर, चिनहट, इंदिरानगर क्षेत्र में पानी की किल्लत पैदा हो सकती है।

हालात नियंत्रित रखने के लिए जलकल विभाग ने रविवार से आपूर्ति में एक घंटे और कटौती करने का फैसला लिया है। इससे अभी तक की जा रही चार घंटे की कटौती बढ़कर पांच घंटे हो जाएगी।

> झील में पानी का स्तर लगातार कम हो रहा है। जलकल विभाग रविवार से एक घंटे और जलापूर्ति में कटौती करेगा। समस्या को देखते हुए सिंचाई विभाग को नहर का काम जल्द पूरा करके पानी छोड़ने के लिए पत्र लिखा जाएगा।
>
> –रमेश चंद्र, अधिशासी अभियंता, जलकल विभाग

कठौता को पानी देने वाली शारदा नहर की सफाई और मरम्मत के लिए सिंचाई विभाग ने 12 मई को आपूर्ति रोक दी थी। उसने जलकल विभाग को बताया था कि 9 जून तक काम पूरा होगा। इसके बाद पानी छोड़ा जाएगा जिसे पहुंचने में चार दिन से ज्यादा का समय लगेगा। पानी बंद होने के समय झील भरी हुई थी। लेकिन बेतहासा गर्मी की वजह से पानी की मांग बढ़ने लगी। तेज धूप से भी काफी पानी सूख गया। अब केवल आठ दिन की आपूर्ति के लिए पानी बचा है।

जलकल विभाग की ही कहा है कि सप्ताह भर में नहर से पानी नही छोड़ा गया तो हालात बेकाबू हो जाएंगे। भीषण गर्मी में दूसरे स्रोतों से इतनी बड़ी आबादी में पानी की मांग पूरी कर पाना संभव नही होगा। जलकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नहर से पानी जल्दी छोड़ने के लिए सिंचाई विभाग को पत्र लिखा जा रहा है।

झील में पानी पहुंचने में लगेंगे चार दिन

सिंचाई विभाग द्वारा जलकल विभाग को भेजे गए पत्र के अनुसार 12 मई से 9 जून तक अनुरक्षण कार्य के चलते नहर बंद रहेगी। नहर से पानी छोड़ने के बाद कठौता झील तक पहुंचने में चार दिन लगेंगे। जलकल विभाग के पास अभी 10 दिनों तक आपूर्ति के लिए पानी बचा है। यदि एक सप्ताह में नहर से पानी नहीं छोड़ा गया तो गोमती नगर और इन्दिरा नगर की आबादी को पेयजल की भारी किल्लत का सामना करना पड़ेगा।

लो वोल्टेज और बिजली कटौती से नहीं चल पा रहे ट्यूबवेल

जलकल विभाग ने इस समस्या से निपटने के लिए झील के साथ क्षेत्र में लगे 100 ट्यूबवेल पम्प को लगातार चलाकर पेयजल आपूर्ति का निर्णय लिया था। गर्मी में मोटर खराब होने पर जलकल विभाग ने इन्हें तुरंत बदलने के लिए स्पेयर में मोटर रख ली हैं। लेकिन बिजली कटौती और लो वोल्टेज से पम्प पूरी क्षमता से नहीं चल पा रहे हैं। इससे जलकल विभाग की परेशानी बढ़ गई है।

घंटाघर में सुगंधित पौधों से महकेगा फ्रैगरेंस पार्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एलडीए थीम बनाकर लगाएगा अंदर व बाहर 10 हजार पौधे

अमृत विचार : शहर के घंटाघर में बन रहा फ्रैंगरेंस पार्क जल्द तैयार होकर महकेगा। परिसर के अंदर व बाहर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) थीम आधारित 10 हजार सुगंधित पौधे लगाएगा।

उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने फ्रैंगरेंस पार्क 10 जून तक तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद जुलाई व अगस्त में पार्क में एक थीम बनाकर अभियान के तहत बोगनवेलिया, चमेली, गुलाब, बेला आदि पौधे लगाए जाएंगे। इससे पौधरोपण का लक्ष्य भी पूरा होगा। पार्क के बाहर सड़क के दोनों तरफ प्लांटेशन की खाली पड़ी जगहों पर भी यह पौधे एक तर्ज पर लगेंगे। इसी तरह घंटाघर के सामने वाले हिस्से में क्लस्टर बनाकर एक प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे। एक समान पौधे दिखने से सुगंध के साथ क्षेत्र का नजारा अलग होगा और इसकी सुंदरता आने-जाने वाले लोगों को आकर्षित भी करेगी। पौधे एनबीआरआई से लिए जाएंगे।

डफरिन : सुबह 4 बजे से लाइन में लगे मरीज, नंबर आया तो काउंटर बंद

अवंतीबाई अस्पताल में घटों इंतजार के बाद भी अल्ट्रासाउंड न होने पर महिलाओं ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: वीरांगना अवंती बाई महिला अस्पताल में (डफरिन) में गुरुवार को सुबह चार बजे से ही लाइन में लगीं महिलाओं और उनके तीमारदारों ने नंबर आने से पहले ही टोकन काउंटर बंद किए जाने पर हंगामा किया। शिकायत मिलने पर गोलागंज चौकी पुलिस ने मामला शांत कराया।

महिलाओं का आरोप था कि सुबह से अल्ट्रासाउंड की लाइन में लगने के बाद भी दोपहर तक जांच का नंबर नहीं आया। वहीं 200 से 400 की पर्ची ब्लैक करने के बाद कुछ मरीजों का अल्ट्रासाउंड पहले होने लगा। वहीं, अस्पताल की प्रमुख डॉ. मधु गैरोला ने बताया कि एक दिन पहले यानी बुधवार को करीब 15 मरीजों का टोकन मिलने के बाद भी अल्ट्रासाउंड नहीं हो पाया था। गुरुवार सुबह पहले उन्हीं मरीजों का अल्ट्रासाउंड हुआ। कुछ महिलाएं इस बात को समझ नहीं सकी, इसलिए हंगामा करने लगीं।

अवंतीबाई महिला चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड के लिए हंगामा करतीं महिलाएं और उनके तीमारदार। अमृत विचार

केजीएमयू में तय समय से नहीं मिल रहीं दवाएं

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू में वेंटीलेटर पर भर्ती मरीजों को दवा के लिए करीब पंद्रह से बीस दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। विभागों के जरिए दवाओं की मांग की जा रही है मगर उन्हें समय पर दवाएं नहीं मिल रही है। कई शिकायतें होने बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। केजीएमयू में लोकल पर्चेज की दवा आपूर्ति का काम आमा मेडिकल पास है। प्रिंट रेट से 50 प्रतिशत छूट पर दवा मुहैया कराए जाने का दावा किया जाता है। आरोप है कंपनी तय समय पर मरीजों को दवाएं आपूर्ति नहीं कर पा रही है। मजबूरी में मरीजों को निजी मेडिकल से दवाएं लेनी पड़ रही है। ट्रॉमा के पांचवें तल पर स्थित क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग में मरीज गौरव दुबे अप्रैल माह से भर्ती हैं। सीएम फंड के तहत करीब दो लाख रुपए इलाज के लिए मिले थे। मरीज को लगने वाले इंजेक्शन विभाग जरिए मांग की गई थी। करीब 15 दिन बीत जाने के बाद भी मरीज को इंजेक्शन नहीं मिल पा रहा हैं। इसे लेकर तीमारदार ने गुरुवार को विभागाध्यक्ष व ट्रॉमा प्रभारी से शिकायत दर्ज कराई है। अफसरों ने जल्द दवाएं आपूर्ति कराने का आश्वासन दिया है।

> लोकल पर्चेज (एलपी) से तीन कार्य दिवस में दवा मुहैया कराए जाने का नियम है। अफसरों को अवगत कराकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –डॉ. सुधीर सिंह, केजीएमयू प्रवक्ता

> दवा की आपूर्ति लगातार हो रही है। दवा आपूर्ति में लेटलतीफी का आरोप गलत है। मांग के अनुरूप दवा भेज दी जाती है।
>
> –शरफ जैदी, संचालक आमा मेडिकल

कुकरैल नदी में टेल तक पहुंचेगा पानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कुकरैल नदी का पुनरुद्धार कर उसकी टेल तक पानी पहुंचाया जाएगा। इससे नदी से लगे शहर के अलावा बीकेटी और चिनहट ब्लॉक के 80 गांवों का जलस्तर भी बढ़ेगा। इस संबंध में गुरुवार को बेंगलुरु से आए लेकमैन आनंद मल्लिगावड ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) में बैठक कर विभागों को नदी के पुनरुद्धार की कार्ययोजना बताई।

उन्होंने एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व आर्किटेक्ट अशीष श्रीवास्तव के साथ इस कार्ययोजना पर चर्चा की। बताया कि आसपास के गांवों के सभी जलस्त्रोत जैसे तालाब, झील, कुंए, पोखर आदि इसी नदी से भरे जाएंगे।

▸▸ नदी के पुनरुद्धार से शहर के साथ 80 गांवों का जलस्तर सुधरेगा

▸▸ बेंगलुरु से आए लेकमैन आनंद मल्लिगावड ने बताई कार्ययोजना

फसलों के सिंचाई की समस्या भी दूर होगी। बताया कि यह पहल लखनऊ विकास प्राधिकरण की है। इन 80 गांवों पर मनरेगा और वन विभाग, जबकि शहर में नगर विकास काम करेगा। कुकरैल नदी चालू होने से बीकेटी की ग्राम पंचायत अलदमपुर में सौतल झील भी विकसित होगी। बैठक में कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण किया गया।

तालाबों व झील की बढ़ाएं गहराई : आनंद

एलडीए में बैठक के बाद आनंद मल्लिगावड ने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के साथ नगर निगम के अंतर्गत बन रहे तालाब व झील का निरीक्षण किया। इस दौरान हैवतपुर मवैया गांव में झील, विरुरा व मल्हौर गांव में निर्माणाधीन तालाब देखा। जिसकी जल संरक्षण के उद्देश्य से गहराई कम मिली और गहरा करने को कहा। बताया कि अधिक गहराई से ज्यादा जल संरक्षण होगा।

अंजू अस्थाना की स्मृति में हर साल होंगे चार साहित्यिक आयोजन

अमृत विचार : प्रख्यात व्यंग्यकार सर्वेश अस्थाना ने पत्नी अंजू अस्थाना की स्मृति में हर साल चार आयोजन कर साहित्यकारों और पत्रकारों को सम्मानित करने का फैसला किया है। हर साल फरवरी, अप्रैल, जून और दिसंबर में अंजू अस्थाना साहित्यमाला कार्यक्रम की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि 24 अप्रैल 2024 को लम्बी बीमारी के बाद अंजू अस्थाना का असामयिक निधन हो गया था।

अंजू अस्थाना

अंजू अस्थाना साहित्यमाला में एक महिला साहित्यकार को सम्मानित किया जायेगा। शुरू के वर्षों में अंजू की पसंद की महिला साहित्यकार और पत्रकार को सम्मानित किया जायेगा। सम्मान के रूप में 11 हजार रुपये की राशि और उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। पहला आयोजन जून के अंतिम सप्ताह में होगा।

महिलाओं को स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियां देते नोडल अधिकारी।

महिलाओं को दी स्वच्छता से जुड़ी अहम जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: स्वछता पखवाडा सप्ताह 2024 के तहत टीएचडीसीआईएल ऋषिकेश ने लखनऊ स्थित टुस्को लिमिटेड में महिलाओं को स्वच्छता से जुड़ी जानकारियां दी।

नोडल अफसर धीरेन्द्र प्रसाद गैरोला एवं माधुरी यादव के साथ-साथ चैतन्य वेलफेयर फाउंडेशन की ओम शांति ने महिलाओं को स्वस्थ जीवन की भी जानकारी दी। चंद्र शेखर आजाद पार्क में महिलाओं को नारी स्वच्छ तो समाज स्वच्छ का नारा भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में धीरेन्द्र प्रसाद गैरोला और एचए मैनेजर माधुरी यादव ने ओम शांति को धन्यवाद दिया। उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को जूट बैग एवं सैनेटरी पैड्स वितरित किए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व सीईओ मनोज सरदाना की देख रेख में आयोजित किया गया।

बिना अनुमति दूसरी जगह लगा दिए 35 यूनिपोल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ नगर आयुक्त से शिकायत के बाद जांच कमेटी की गठित

▸▸ 300 यूनिपोल लगाने का मिला है सिग्मा कंपनी को काम

अमृत विचार : शहर में यूनिपोल लगाने में विज्ञापन कंपनी नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर रही है। तय स्थलों की जगह कंपनी ने 35 यूनिपोल ऐसी जगह लगा दिए जिससे आम जनता की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया। इसकी शिकायत मिलने पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनाई है।

सिग्मा कंपनी को नगर निगम ने शहर के मुख्य मार्गों पर 3,00 यूनिपोल लगाने का टेंडर दिया है। कमेटी ने स्थलों का चयन करने के बाद स्थल चिन्हित किए थे। नगर निगम के प्रचार विभाग की मिलीभगत से कंपनी ने करीब 35 यूनिपोल तय स्थान से अन्यत्र लगा दिए। जानकारी होने के बावजूद प्रचार विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। प्रचार विभाग के अधिकारी के अनुसार कंपनी ने 35 निर्धारित स्थलों पर समस्या होने का पत्र दिया है। कमेटी जांच करेगी यदि समस्या सही पायी गई तो यूनिपोल हटाए जाएंगे।

> कंपनी ने निर्धारित स्थलों के बजाय दूसरी जगह यूनिपोल लगा दिए हैं। शिकायत के बाद अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की गई है। कमेटी की जांच के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा।
>
> –ओपी सिंह, कर अधीक्षक, लखनऊ नगर निगम

नहीं सुधरे

सीवर में उतरे पिता-पुत्र की मौत के बाद भी जिम्मेदार नहीं जागे। गुरुवार को आलमबाग में एक बार फिर बिना सुरक्षा उपकरण कर्मचारी सीवर में सफाई करने उतर गया।

सार्थक प्रयास | लखनऊ विवि के कृषि वैज्ञानिक किसानों को बता रहे बचाव के तरीके

आम की फसल को फ्रूट फ्लाई से बचाएगा फेरोमोन ट्रैप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: आम की फसल तैयार होने के साथ फ्रूट फ्लाई का खतरा भी बढ़ गया है। इससे बचाव के लिए बाजार में उपलब्ध फेरोमैन ट्रैप काफी कारगार है। इसके उपयोग को लेकर भ्रमित किसानों की समस्या सुलझाने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक आगे आए हैं। वे किसानों के बीच जाकर उन्हें फेरोमैन की उपयोगिता और इस्तेमाल कर तरीका बता रहे हैं।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह का दावा है कि लखनऊ और उसके नजदीक जनपदों में आम की फसल में कीट नुकसान पहुंचा रहे हैं। इनमें फ्रूट फ्लाई (फलमक्खी) की सक्रियता इन दिनों बढ़ी हुई है। कीट की मादा फलों के अंदर अंडे देती है, उनसे निकले हुए मैगट फलों के गूदे को खाते हैं, ऐसे में कुछ दिनों बाद फल में गहरे रंग का छेद अथवा उभार आ जाता है। क्योंकि फल का गूदा सड़ने लगता है। इस प्रकोप से आम की फसल को बड़ा नुकसान होता है। हालांकि लखनऊ, सीतापुर, हरदोई और बाराबंकी जनपदों में स्थिति अधिक खराब नहीं है, लेकिन कीट 20-25 फीसद फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।



बख्शी का तालाब स्थित बाग में लगे आम।

▸▸ गहरे रंग का छेद या फल में उभार तो समझ लें फ्रूट फ्लाई का है प्रकोप

घरेलू मक्खियों की तरह होती है फ्रूट फ्लाई

कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि फ्रूट फ्लाई घरेलू मक्खी की तरह ही होती है। पंखों के फैलने की अवस्था में लगभग 14 मिमी चौड़ी हो जाती है। इसकी लंबाई 7 मिमी के आसपास है। इसके शरीर पर पीछे गहरे भूरे रंग या जंग के आकार के धब्बे होते हैं, वहीं सिर अर्धचंद्राकार होता है। इसके मैगट अपारदर्शी टांगों रहित और पीले होते हैं।

फसलों के संरक्षण के लिए अस्तित्व में आया था एपीडा

वर्ष 1986 में एपीडा योजना अस्तित्व में आई, केन्द्र सरकार की योजना का मुख्य उद्देश्य फल, सब्जी उत्पादों का निर्यात, संवर्धन एवं विकास करना था। कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि उस समय लखनऊ और आसपास के जनपदों के गांवों में जाकर बागवानों को जागरूक किया गया तो फसलों में काफी सुधार भी आए, लेकिन ये बहुत दिनों तक नहीं चल सका। ऐसी योजनाओं को जमीन स्तर पर चलाए जाने की जरूरत है।

इस तरह से करें बचाव

कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि फ्रूट फ्लाई से बचाव के लिए बाग के चारों कोनों पर फेरोमेन ट्रैप लगाना होगा। प्लास्टिक के बने ये ट्रैप बाजार में उपलब्ध हैं, बॉक्स के भीतर उपयोग में लाया जाने वाला ल्यूर (आकर्षी रसायन) बहुत उपयोगी है। क्योंकि इस रसायन में मिथाइल यूजिनॉल होता है, जो फल मक्खी को आकर्षित करने की क्षमता रखता है। प्रति एकड़ में 8 फेरोमोन ट्रैप लगा देने से फसलों की रक्षा हो सकेगी। ल्यूर को समय-समय पर बदलते रहना होगा।

रैली निकाल कर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विश्व तंबाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री विभाग ने रैली (वॉकाथान) निकाली।

वॉकथॉन का उद्घाटन सुबह 9:30 बजे अधिष्ठाता दन्त विज्ञान संकाय प्रो. नन्द लाल ने किया। इस वर्ष की थीम 'तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की रक्षा करना' है। विभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार गुप्ता के साथ संकाय सदस्यों डॉ. गौरव मिश्रा, डॉ. सुमित कुमार, सीनियर रेजीडेंट डॉ. सोनल तथा डॉ. निशिता कनकने के मार्गदर्शक में तंबाकू का उपयोग नहीं करने तथा खाने वालों को छोड़ने के लिए शपथ दिलायी गई। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अधीक्षक दंत विज्ञान संकाय, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के डॉ. सूर्याकान्त, नोडल ऑफिसर, स्टेट टोबैको कंट्रोल सेल, सतीश त्रिपाठी स्टेट टोबैको कंट्रोल सेल के डॉ. विवेक अवस्थी, यूपी वालंटियर हेल्थ एसोशियन एवं दन्त विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के 500 छात्रों ने प्रतिभाग लिया।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर रैली निकालते डॉक्टर। अमृत विचार

5 जून तक होंगे जागरूकता कार्यक्रम : विभाग द्वारा 5 जून तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें नुक्कड़ नाटक, फ्लेस मोब, विभिन्न स्कूल में लेक्चर, कैंसर की निःशुल्क जांच, पैरामेडिकल-नर्सिंग के छात्रों को प्रशिक्षण, केजीएमयू के सुरक्षा गार्ड को प्रशिक्षण तथा शपथ दिलाना आदि शामिल हैं।

एक नजर

नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, पीजीआई : नौकरी लगवाने के नाम पर महिला से ठगी और दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पीजीआई पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, 20 दिन पहले क्षेत्र निवासी महिला ने प्रार्थना-पत्र दिया था। उसका आरोप था कि विपिन यादव निवासी सहादतगंज, जिला बाराबंकी से उसकी मुलाकात हुई थी। आरोपी ने नौकरी का झांसा देकर पहले रकम हड़पी। इसके बाद शारीरिक शोषण किया। नौकरी नहीं लगने पर दबाव बनाया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।

खरीदारी करने निकली छात्रा लापता

अमृत विचार, लखनऊ : चौक कोतवाली इलाके में रहने वाले व्यक्ति ने अपनी पुत्री के गायब होने पर एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक सोमवार की शाम करीब 5 बजे उसकी 18 वर्षीय पुत्री घर का सामान की खरीदने बाजार गई थी। जहां से वापस नही आई। देर रात तक तलाश किया गया। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आरोप है कि बेटी की सहेली के माध्यम से उन्हें जानकारी हुई कि पानदरीबा, टीबी अस्पताल निवासी फैज अहमद उनकी बेटी को बहला-फुसला कर अपने साथ कहीं भगाकर ले गया है। इसके बाद फैज के परिजनों से शिकायत करने पहुंचे। आरोप है कि फैज घर वालों ने अभद्रता की। फैज का पक्ष लेते हुए गाली-गलौज और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। उन्होंने अनहोनी की आशंका जताते हुए चौक कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

घर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, काकोरी : पारा क्षेत्र में घर से बाहर खड़ी स्कूटी चोरों ने पार कर दी। पुलिस के अनुसार बेचन कुमार गौतम निवासी राम कृपाल नगर ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया की उनकी स्कूटी बुधवार रात घर के बाहर खड़ी थी। गुरुवार सुबह देखा तो स्कूटी चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आसपास के कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

दो आईएएस अफसर बने साइबर अपराधियों के शिकार

प्रमुख सचिव व विशेष सचिव की फेसबुक आईडी बनाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मैसेंजर से संदेश भेजकर कई परिचितों से मांगे रुपये
- साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच



अमृत विचार : साइबर अपराधियों के निशाने पर आईएएस अफसरों की फेसबुक आईडी है। राजधानी में तैनात दो आईएएस अफसर इसके शिकार हुए हैं। जालसाजों ने दोनों की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर परिचितों से रकम की मांग की है। शिकार हुए अफसरों में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव और विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म विजय कुमार शामिल है। दोनों अधिकारियों ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है।

परिचितों को मैसेज भेज मांगे रुपये : भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के विशेष सचिव विजय कुमार के नाम से साइबर जालसाजों ने फर्जी फेसबुक आईडी बना ली। विशेष सचिव ने साइबर क्राइम थाने की पुलिस को बताया कि 23 मई की रात को फर्जी फेसबुक आईडी से उनके कई मित्रों व परिचितों को मैसेज किया गया। जिसमें इमरजेंसी बताकर रुपये की मांग की गई। यह रुपये उनके नाम पर मांगे गए।

इस संबंध में उनके मित्रों और परिचितों ने कॉल कर पूछताछ की तो वह स्तब्ध रह गए। उन्होंने पूरी जानकारी हासिल की। फिर साइबर क्राइम थाने में संपर्क किया। उन्होंने आशंका जाहिर की है कि फर्जी फेसबुक के माध्यम से कोई आपराधिक घटना को अंजाम दिया जा सकता है। प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना बृजेश यादव के मुताबिक आईएएस विजय कुमार की प्रार्थना पत्र के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

धमकी भरा मैसेज भेजकर वसूले रुपये : वहीं, प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव के नाम का फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर साइबर जालसाजों ने वसूली करने का प्रयास किया है।

इस मामले में विनम्रखंड निवासी राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन आईटी सेल के प्रबंधक प्रदीप कुमार तिवारी ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। प्रदीप ने बताया कि प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर मैसेंजर से लोगों को धमकी भरा संदेश भेजा जा रहा है। बदले में रुपये की मांग की गई है। यह सिलसिला काफी दिनों से चला आ रहा है।

पहले भी इस तरह का कृत्य साइबर अपराधियों द्वारा किया गया है। जानकारी की गई तो सामने आया कि सुमित नाम के व्यक्ति ने फर्जी फेसबुक आईडी और मैसेंजर का प्रयोग कर रहा है। इसके जरिये कई लोगों को धमकी देकर रुपये वसूल रहा है।

आरोपी आईएएस अनुराग श्रीवास्तव के पहचान का उपयोग करते हुए लोगों को भ्रामक संदेश भी भेज रहा है। जिससे प्रमुख सचिव की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है। वहीं, उनके परिचितों और मित्रों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। प्रदीप ने बताया कि आरोपी एक लिंक से मैसेज भेजकर वसूली कर रहा है। प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम सेल बृजेश यादव के मुताबिक प्रदीप की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

अनुराग पहले भी हो चुके हैं शिकार

अमृत विचार, लखनऊ : प्रमुख सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति अनुराग श्रीवास्तव 19 महीने पहले भी साइबर अटैक के शिकार हो चुके हैं। 21 नवंबर 2022 को प्रमुख सचिव के मोबाइल पर मैसेज आया कि एसबीआई क्रेडिट कार्ड से विदेशी मुद्रा में 49999 रुपये का ट्रांजेक्शन किया गया है। इस पर ऐप के जरिये क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कराने का प्रयास किया, लेकिन नहीं हुआ। बैंक से संपर्क कर खाता व कार्ड ब्लॉक कराया। साइबर जालसाजों ने उनके ईमेल का प्रयोग कर 80 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। इस मामले में साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया था। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने दिसंबर में इस मामले का खुलासा किया। जिसमें पीजीआई के उतरेठिया का रहने वाला अमित प्रताप सिंह, एल्डिको सौभाग्यम वृंदावन के रजनीश निगम और गोमतीनगर के हार्दिक खन्ना को गिरफ्तार किया गया। तीनों ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के संविदाकर्मी थे। तीनों कार्यालय में सर्वर का काम देखते थे।

विवेचना में पकड़ा गया निजी आईटी कंसलटेंट : साइबर क्राइम थाने की टीम ने जब इस मामले की विवेचना शुरू की तो कई राज सामने आए। कई साक्ष्य ऐसे मिले जिसके आधार पर प्रमुख सचिव के निजी कंसलटेंट सत्यप्रकाश ने पूरी साजिश रची थी। उसने इस काम में अपने कंप्यूटर प्रोग्रामर नाबालिग बेटे की मदद ली थी। वहीं, तीन संविदाकर्मियों को भी फंसाने के लिए फर्जी साक्ष्य खुद ही जुटाकर पुलिस को उपलब्ध कराए थे। सत्यप्रकाश प्रमुख सचिव का काफी करीबी था। उसे उनके इंटरनेट से जुड़ी हर गोपनीय जानकारी थी। उसने वेबसाइट से हावर्ड डॉट नेट डॉट इन नाम से डोमेन खरीदा था।

ऑडिट कंपनी की ई-मेल आईडी हैक, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हजरतगंज के अशोक मार्ग पर स्थित है ऑडिट कंपनी का कार्यालय

अमृत विचार : हजरतगंज इलाके में अशोक मार्ग स्थित विनय पैलेस में एक ऑडिट कंपनी का कार्यालय है। कंपनी की ई-मेल आईडी साइबर हैकरों ने हैक कर लिया है। इसमें फीड किए गए जरूरी डाटा भी चोरी कर लिया है। कपंनी के अधिकारी ने हजरतगंज कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

अशोक मार्ग स्थित विनय पैलेस में संचालित ऑडिट कंपनी के संचालक राजीव गुप्ता ने हजरतगंज कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि 25 मई की रात में किसी ने उनके ई-मेल आईडी rp. apcoaudit <bha>@</ bha>gmail. com को हैक कर लिया है। इसका पासवर्ड बदल दिया है। इसमें अति महत्वपूर्ण सूचनाएं व जरूरी डाटा था। काफी प्रयास के बाद भी अकाउंट दोबारा सक्रिय नहीं हो रहा है। वहीं, लगातार गूगल से चेतावनी आ रही है कि कोई आपकी ई-मेल आईडी खोलने का प्रयास कर रहा है।

कई कर्मचारी करते हैं प्रयोग : राजीव के मुताबिक गूगल के चेतावनी देने के बाद आईडी का पासवर्ड बदल दिया गया था। यह मेल आईडी कंपनी और मेरे लिए अतिमहत्वपूर्ण है। इस मेल आईडी का प्रयोग मेरे कंपनी के कई कर्मचारी करते हैं। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। साइबर क्राइम टीम के साथ मिलकर जांच की जा रही है।

प्रोफेसर से जालसाज ने ठगे 15 हजार रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : विकास नगर क्षेत्र में निजी कॉलेज की एचओडी से साइबर अपराधी ने 15 हजार रुपये हड़प लिये। पुलिस के मुताबिक पीड़ित अंशु दीक्षित निजी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर व बीकॉम ऑनर्स की एचओडी हैं। उनकी कक्षा के बच्चों का वायवा होना है, प्रति छात्र की फीस 15 सौ रुपये है। 25 मई की शाम 6 बजे उनके मोबाइल पर कॉल आई थी। उधर से खुद का परिचय आरके शर्मा बताकर बच्चे की वायवा की फीस 15 सौ की जगह गलती से 15 हजार ट्रांसफर होने की बात कही। एचओडी ने झांसे में आकर 15 हजार रुपये लौटा दिए। कुछ देर बाद जालसाज ने दोबारा कॉल कर कहा कि वह 15 सौ रुपये वापस कर दें। संदेह होने पर उन्होंने मना कर खाता जांचा तो ठगी का पता चला। इंस्पेक्टर ने बताया जालसाज के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नौ लोगों के खातों से उड़ाए 1.88 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

साइबर ठगी

- शेयर मार्केट में ट्रेडिंग, निवेश पर मोटा मुनाफा का दिया था लालच
- एक को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 35 लाख रुपये

अमृत विचार : साइबर जालसाजों ने राजधानी के नौ लोगों के खातों से 1,87,90,203 रुपये उड़ा लिये। जालसाजों ने कई लोगों को शेयर मार्केट में ट्रेडिंग, निवेश पर मोटा मुनाफा मिलने का लालच देकर रुपये ठगे। वहीं एक व्यक्ति को दिल्ली साइबर क्राइम सेल के अधिकारी बनकर जेल भेजने का धौंस दिया और 35 लाख रुपये खाते में जमा करा लिए। छह पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने और तीन पीड़ितों ने राजधानी के विभिन्न थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस व साइबर क्राइम थाने की टीम जांच कर रही है।

गैरकानूनी लेनदेन में किया डिजिटल अरेस्ट : जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-4 निवासी नवीन चंद्र जोशी को जालसाजों ने 27 मई की रात को कॉल किया। कॉल करने वाले ने खुद को लाजपतनगर पुलिस स्टेशन का मुख्य आरक्षी बताया। इसके बाद उनको आईसीआईसीआई बैंक खाते में 25 लाख रुपये के गैर कानूनी लेनदेन करने की बात कही। कहा कि मामला दर्ज हो गया है। विवेचना दिल्ली साइबर सेल द्वारा की जा रही है। वहां के अधिकारी से बात करा रहा हूं। आप सहयोग करें नहीं तो गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, सारे खाते बंद हो जाएंगे। कॉल करने वाले ने किसी से चर्चा न करने की चेतावनी दी। साथ ही नवीन को डिजिटल अरेस्ट कर दिया। इस दौरान दो बैंक खातों से 3574990 रुपये ठग लिए।

असिस्टेंट प्रोफेसर समेत तीन के खाते से उड़ाई रकम

साइबर जालसाजों ने आशियाना निवासी विवेक हवेलिया से 396060 रुपये साफ कर दिए। उधर, अलीगंज के सेक्टर-एन निवासी अंशु दीक्षित शेरवुड कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर और बीकॉम ऑनर्स की विभागाध्यक्ष हैं। जालसाजों ने उनसे फीस जमा कराने के नाम पर 15 हजार रुपये ठग लिए। वहीं, चिनहट विकल्प खंड रेल विहार निवासी दिव्यांजलि वर्मा को कॉल कर जालसाज ने खाते से दो बार में 40 हजार रुपये साफ कर दिए। तीनों संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

ऑनलाइन ट्रेडिंग में फंसकर गवाएं 73 लाख

अर्जुनगंज स्थित ओमेक्स रेजीडेंसी निवासी सतीश कुमार ने ऑन लाइन ट्रेडिंग के जरिये मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में 73,18,921 रुपये गवां दिये। सतीश ने बताया कि फरवरी में फेसबुक विज्ञापन के जरिए एक व्हाट्सएप ग्रुप मास्टरट्रस्ट स्टॉक पुल ग्रुप से जुड़ा। बल्क ट्रेड पुलअप स्टक्स आईपीओ में ट्रेड करते व कराने का दावा किया गया। दो महीने बाद अप्रैल में धीरे-धीरे कर 73,18,921 रुपये निवेश किया। इसके बाद ग्रुप ही बंद हो गया। ग्रुप के प्रमुख लोगों ने भी अपने मोबाइल बंद कर लिए।

मुनाफे का सपना दिखाकर 40 लाख ठगे

गोमतीनगर विस्तार अलकनंदा अपार्टमेंट निवासी आरती चौहान से साइबर जालसाजों ने 40,21,635 रुपये ठग लिये। आरती को इनफेक्स नामक फर्जी कंपनी से ईमेल और कॉल कर निवेश करने पर मोटा मुनाफा दिलाने का लालच दिया गया। जालसाजों ने कई खातों में यह रकम जमा कराये। आरोप है कि रकम निवेश के बाद सभी आरोपियों ने अपने मोबाइल बंद कर लिए। पीड़िता ने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

सेबी का प्रमाण पत्र दिखा ठग लिये 11.50 लाख

चिनहट तिवारीगंज निवासी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि साइबर जालसाजों ने उसने 11.50 लाख रुपये की ठगी की। उनको फरवरी में कॉल किया। इसके बाद एक गालाघर लर्निंग एक्सचेंज व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़कर शेयर मार्केट के बारे में जानकारी दी गई। इसमें कुल 121 सदस्य थे। इसमें सेबी का प्रमाण पत्र दिखाकर भरोसा जीता गया। विश्वास दिलाकर 11.50 लाख रुपये का निवेश कराया। और धनराशि मांगने पर धमकी दी गई।

खड़े डंपर में घुसा ट्रक, भाई की मौत, चालक गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीकेटी इलाके में रैथा गांव के पास हुआ हादसा
- पुलिस ने केबिन काटकर चालक को बाहर निकाला

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ट्रक का केबिन देखते लोग। अमृत विचार

अमृत विचार : बख्शी का तालाब इलाके के आउटर रिंग रोड स्थित रैथा गांव के पास खड़े डंपर में गुरुवार सुबह ट्रक घुस गया। हादसे में ट्रक चालक नैमिष पाल और उसका भाई गोलू पाल (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों ट्रक के केबिन में फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की मदद से केबिन काटकर दोनों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने गोलू को मृत घोषित कर दिया।

इंस्पेक्टर बीकेटी राणा राजेश सिंह ने बताया कि सीतापुर के कमलापुर का नैमिष पाल ट्रक चालक है। भाई गोलू भी उसके साथ ट्रक पर चलता है। दोनों भाई ट्रक में मौरंग लादकर लखनऊ की तरफ आ रहे थे। सुबह करीब साढ़े सात बजे रैथा गांव के पास रिंग रोड़ पर सड़क किनारे डंपर खड़ा था। चालक नैमिष को झपकी आ गई। इससे ट्रक अनियंत्रित होकर डंपर में पीछे से जा घुसा। रफ्तार तेज होने के कारण ट्रक का केबिन सामने पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों भाई केबिन में फंस गए। हाथ-पैर भी नहीं हिला पा रहे थे। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और दमकल कर्मियों की टीम पहुंची। इसके बाद केबिन काटकर दोनों को बाहर निकाला गया। आनन-फानन अस्पताल भेजा गया। जहां गोलू को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रुप से घायल नैमिष को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि सड़क किनारे डंपर खड़े करने वाले चालक की तलाश की जा रही है।

साली पर हमला कर भागे जीजा का फंदे से लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: आलमबाग क्षेत्र में साली पर बांके से हमला कर भागे जीजा का अगले दिन गांव के बाहर फंदे से शव लटका मिला। साली का ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। भाई ने ससुरालवालों पर हत्या का आरोप लगाया है।

इंस्पेक्टर आलोक राव के मुताबिक, थाना अंतर्गत त्रिलोकपुर निवासी अर्जुन यादव (35) कई वर्षों से पत्नी को छोड़कर साली जावित्री के साथ अलग घर में रह रहा था। जांच में पता चला कि बुधवार रात दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इस पर भड़का अर्जुन साथ में रह रही साली पर बांके से हमला कर भाग निकला। हमले में जावित्री के हाथ की कई अंगुलियां कट गईं। आनन-फानन जावित्री की सीएचसी पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी अर्जुन की तलाश की जा रही थी। इसी बीच गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर पेड़ पर अर्जुन का शव लटका देखा। भाई अरुण ने ससुरालवालों पर अर्जुन की हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है।

सार-संक्षेप

बैंक में घुसकर मैनेजर से विवाद करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बुद्धेश्वर शाखा में घुसकर युवक ने बैंक मैनेजर और कर्मचारियों से विवाद किया। कर्मचारियों के विरोध करने पर धमकी दी। मैनेजर की सूचना पर पहुंची पारा पुलिस ने युवक को गिरफ्तार लिया। बैंक मैनेजर हनी वर्मा के मुताबिक बुधवार को दोपहर 3.30 बजे वह और कर्मचारी काम कर रहे थे। तभी अचानक दीपक त्रिवेदी उनके चेंबर के दरवाजे में लात मारते हुए अंदर दाखिल हो गया और गाली-गलौज करने लगा। कर्मचारियों से भी अभद्रता की और शाखा प्रबंधक को जान से मारने की धमकी दी। इस कारण बैंक में अफरा-तफरी मच गई और सरकारी काम में बाधा आ गई। हनी वर्मा ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस दीपक को पकड़ ले गई। इंस्पेक्टर पारा ब्रजेश कुमार के मुताबिक दीपक ने केवाईसी फार्म नहीं भरा था। जिसकी वजह से खाता ऑपरेट करने में दिक्कत आ रही थी। इस बात को लेकर दीपक ने हंगामा किया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ शांतिभंग करने की कार्रवाई की गई है।

गुम मोबाइल हाथ में आते ही 101 लोगों के खिले चेहरे

अमृत विचार, लखनऊ : सेंट्रल जोन के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुये 101 मोबाइल गुरुवार को डीसीपी रवीना त्यागी ने वितरित कराये। गुम मोबाइल हाथ में आते ही लोगों के चेहरों पर मुस्कान दौड़ गयी। डीसीपी ने बताया बरामद मोबाइलों की कीमत करीब 25 लाख रुपये होगी। डीसीपी के मुताबिक, पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के निर्देशानुसार विभिन्न थानों में दर्ज गुम मोबाइलों की बरामदगी के लिये अभियान चलाया गया। इसमें आरोपियों के कब्जे से 101 मोबाइल बरामद किये गये। बताया अभियान में हजरतगंज, महानगर, हुसैनगंज, हसनगंज, नाका, अमीनाबाद और गौतमपल्ली थानों की पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से गुम मोबाइलों को लोकेशन ट्रेस कर बरामद किया। डीसीपी ने बताया आगे भी अभियान चलाकर लोगों के गुम मोबाइल बरामद कर उनके सुपुर्द किये जायेंगे।

मारपीट की दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर में दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में दोनों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाये हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। थाना अंतर्गत सेक्टर - ई, एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड निवासी अधिवक्ता मानस अवस्थी के मुताबिक घर के सामने बंद पड़े गेस्ट हाउस की सीढ़ियों पर रोज अराजक तत्व शराब पीकर गाड़ियों में आपत्तिजनक स्थिति में देखे जाते हैं। इससे महिलाओं का घरों से निकलना दूभर है। 28 की शाम करीब 7:30 बजे स्कॉर्पियो और ब्रेजा गाड़ी में सवार नितिन जौहरी व चार-पांच अज्ञात उनके घर के सामने गाड़ी खड़ी कर शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर नितिन व अन्य ने घर में घुस महिलाओं से अभद्रता और पथराव किया। दूसरे पक्ष से नितिन जौहरी का कहना है कि मित्र की कार लेकर घर जा रहा था। स्वागत स्थल के सामने कुछ लोगों ने कार रुकवा ली। वह बाहर निकाला तो मानस अवस्थी ने मारपीट कर कार पर डंडे व पत्थर चला तोड़फोड़ की। पुलिस का कहना है कि जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

करंट की चपेट में आकर संविदाकर्मी झुलसा

अमृत विचार, लखनऊ : उतरेठिया उपकेंद्र में बिजली फाल्ट ठीक करने के दौरान करंट की चपेट में आकर संविदाकर्मी झुलस गया। आनन-फानन में कर्मचारियों ने उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। निलमथा निवासी सिद्धार्थ कुमार उतरेठिया उपकेंद्र में तैनात है। बुधवार रात 9 बजे दुर्गापुरी में बिजली गुल होने की शिकायत पर फॉल्ट को सही करने मौके पर पहुंचा। फॉल्ट को ठीक करने के दौरान अचानक तेज धमाका हुआ। जिससे वह ट्रांसफार्मर से नीचे गिर गए। कर्मचारियों ने उसे तुरंत सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों के अनुसार हाथ-पैर गंभीर रूप से झुलस गये है। वहीं मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि विभाग की ओर से सुरक्षा उपकरण न मिलने से यह हादसा हुआ है। मामले में एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि घायल संविदाकर्मी शटडाउन लेकर काम कर रहे था। मगर किसी उपभोक्ता के जनरेटर चलाने से करंट बैक हुआ, उससे कर्मचारी झुलस गयां। कर्मचारी का इलाज कराया जा रहा है। इसके साथ ही पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

डॉक्टर व अस्पताल कर्मी के घर में 10 लाख की चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : चोरों ने इंदिरानगर क्षेत्र निवासी डॉक्टर और मोहनलालगंज क्षेत्र में रहने वाले अस्पताल कर्मी के घर को निशाना बनाया। दोनों घरों से गहने व नगदी समेत करीब 10 लाख का सामान समेट ले गये। पीड़ितों के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक, इंदिरानगर क्षेत्र के शिव चंद्रिका विहार कॉलोनी निवासी डॉक्टर सुरेश कुमार पांडेय 24 मई को बस्ती गये थे। 27 मई की शाम घर लौटे तो गेट का ताला टूटा और कमरों में सामान अस्त व्यस्त मिला। चोर अलमारी में रखे सात लाख के गहने व कीमती सामान चुरा ले गए। उधर, मोहनलालगंज के मऊ गांव निवासी प्रताप गौतम निजी अस्पताल में काम करते हैं। बुधवार रात प्रताप व परिवारीजन छत पर सोये थे। देर रात चोर सीमेंट की जाली तोड़कर घर में घुसकर कमरे में रखी चाबी से बक्सा खोलकर एक लाख रुपये नकद और दो लाख के गहने समेट ले गये। प्रताप को घटना की जानकारी सुबह हुई।

इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो डालकर ब्लैकमेल किया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गाजीपुर और मड़ियांव क्षेत्र में इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो शेयर कर ब्लैकमेलिंग करने का मामला सामने आया है। प्रार्थना-पत्र पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

गाजीपुर पुलिस के मुताबिक 26 से 28 मई के बीच इंदिरा नगर क्षेत्र में रहने वाली 15 वर्षीया लड़की की फोटो का इस्तेमाल कर चार इंस्टाग्राम आईडी बनाई गईं। आरोपी ने इंस्टाग्राम से एआई का इस्तेमाल कर नाबालिग की न्यूड फोटो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर दी। लड़की ने उन आईडी पर चैट करके उसे रोकने के लिए कहा तो आरोपी ब्लैकमेल करने लगा। कहा रुपये दो या फिर होटल में आकर मिलो। पैसा नहीं देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने परिजन को मामला बताया तो उन्होंने शिकायत 1090, 112 और 1930 पर की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। घटना से नाबालिग बेहद डरी हुई है।

चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़ सामान पार किया

अमृत विचार, काकोरी: पारा क्षेत्र में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुये नकदी व गहने पार कर दिये। क्षेत्र के जनता विहार कालोनी निवासी सूरज गुप्ता ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया गुरुवार सुबह करीब 10 बजे निजी काम से पत्नी के साथ बाहर गया था। दोपहर 2 बजे घर पहुंचा तो मेन गेट का ताला टूटा मिला। चोर कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर दो लाख के गहने और 20 हजार नकदी चुरा ले गये। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया मामला संज्ञान में नहीं है। बताया जानकारी कर आगे की कार्रवाई करायेंगे।

खेत में मिला युवक का शव, चेहरे पर चोट के निशान

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार: सरोजनीनगर क्षेत्र में एयरपोर्ट की बाउंड्री से सटे खेत में युवक का शव मिला। उसकी नाक और आंख पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण पता चलने पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

बिजनौर क्षेत्र के भक्ति खेड़ा निवासी परशु रावत (30) मजदूरी करता था। गुरुवार सुबह सरोजनीनगर क्षेत्र के न्यू रहीमाबाद में एयरपोर्ट की बाउंड्री से सटे खेत में उसका शव पड़ा मिला। आसपास के लोगों की सूचना पुलिस पहुंची। उसने भाई महादेव को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे महादेव ने पुलिस को बताया परशु शराब का लती था। बुधवार शाम उसे शांति नगर स्थित देसी शराब के ठेके पर मिला था। इसके बाद से लापता था। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया रात में नशे में घर जाते समय अरहर के खेत में गिरने से नाक और आंख में चोट आई होगी। अधिक खून बहने से मौत हो गई। पुलिस को कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

हाईस्कूल की छात्रा का फंदे से लटका मिला शव

अमृत विचार, ठाकुरगंज : दौलतगंज मोहल्ला निवासी दर्शिका (17) क्षेत्र के बगिया महात्मा मेमोरियल स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा थी। बुधवार दोपहर में परिजन किसी काम से बाहर गये थे। शाम करीब 7 बजे लौटे तो दर्शिका को पंखे में फंदे से लटका देख उतार कर निजी अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि छात्रा की मां विजय देवी चौक में कपड़ों की दुकान पर काम करती हैं। देर शाम वह दामाद संतोष के साथ घर पहुंचीं तब घटना पता चली।

बुरा हाल — होटल लेवाना में अग्निकांड के बाद चिह्नित किए गए थे होटल

नोटिस तक सीमित रही 140 होटलों पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 100 होटल आवासीय क्षेत्र में तो 40 बिना मानचित्र के बने

अमृत विचार : होटल लेवाना में आग लगने के बाद से शहर में बिना मानक के चल रहे 140 होटलों को नोटिस जारी किए गए लेकिन लखनऊ विकास प्राधिकरण आज तक उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाया।

5 सितंबर 2022 को हजरतगंज क्षेत्र के होटल लेवाना में आग लगी थी। इसके बाद एलडीए ने अभियान चलाकर शहर में 140 अवैध होटल चिह्नित किए थे। इनमें से 100 होटल आवासीय क्षेत्र व 40 बिना मानचित्र या फिर मानचित्र के विपरीत बने थे। इनमें 2018 से सुरक्षा व सुविधा के मानक भी पूरे नहीं मिले थे। इनमें कुछ होटलों की विहित न्यायालय में सुनवाई लंबित थी तो कुछ अपील पर थे। इनकी सूची बनाकर टीम ने जांच की थी। सुधार नहीं मिलने पर होटल संचालकों को दोबारा नोटिस जारी किया गया था। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि नोटिस जारी किए गए थे। होटल के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया में हैं।

नेताओं व अधिकारियों के होटल, बनाते दबावः चिह्नित होटलों की टीम बनाकर जांच कराई गई थी। इनमें ज्यादातर होटल सील और ध्वस्त किए जाने थे। लेकिन, पूर्व में जारी आदेशों का पालन नहीं किया गया। लंबे समय के बाद भी मानक पूरे नहीं किए गए थे। जांच के दौरान यह भी बात सामने आई कि ज्यादातर होटल नेता, अधिकारी व अन्य बड़े लोगों के हैं। जिनके दबाव में टीम कार्रवाई नहीं कर पाई थी और नोटिस जारी कर खानापूरी की गई।

सुरक्षा के लिहाज से यह मानक जरूरी

होटल में पार्किंग, फायर के प्वाइंट, अग्निशमन वाहन पहुंचने का रास्ता, स्मोक अलार्म, अग्निशमन यंत्र, हाईड्रेंट प्वाइंट, आकस्मिक निकास द्वार, फायर स्टेयर केस।

स्वीकृत मानचित्र के अनुसार देनी होती हैं सुविधाएं

प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराना होता है। मानचित्र के अनुसार निर्माण करने पर सड़क, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, पार्क, पानी, बिजली, पार्किंग, सीवरेज आदि सुविधा दी जाती हैं।

कारोबारी से 32 लाख ठगे यूनिक इंफ्रा पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: महिला कारोबारी से राजस्थान के यूनिक इंफ्रा इंजीनियरिंग इंडिया प्रा. लि. ने 32 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता ने जेसीपी कानून-व्यवस्था से गुहार लगाई। इस मामले में हजरतगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है।

हजरतगंज में प्राग नारायण रोड पर रहने वाली सर्वजीत कौर रेडलैंड इंटरप्राईजेज फर्म की मालकिन हैं। सर्वजीत के मुताबिक दो साल पहले उन्हें राजस्थान के उदयपुर में स्थित यूनिक इंफ्रा इंजीनियरिंग इंडिया प्रा. लि. फर्म के मालिक राम सुरेश यादव ने 1.37 करोड़ का गिट्टी और मौरंग का ऑर्डर दिया था। महिला कारोबारी ने 12 नवंबर 2022 को उक्त माल राम सुरेश के अंसल स्थित अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी साइट पर पहुंचा दिया था। तय समय बीते पर जब उन्होंने माल का भुगतान करने को कहा तो आरोपी ने साइट इंचार्ज अमित यादव से लेने को कहा। अमित ने कई किस्तों में 1.5 करोड़ का भुगतान कर दिया। सर्वजीत के पति जब आरोपी फर्म संचालक के उदयपुर स्थित कार्यालय शेष बची रकम लेने पहुंचे तो वहां मौजूद मैनेजर मोनिका अग्रवाल व फाइनेंस मैनेजर मोहित यादव ने भुगतान करने से मना कर दिया।

एक नजर

बदलेगा अभ्यास का समय

अमृत विचार, लखनऊ : बढ़ती गर्मी को देखते हुए शहर के सभी स्टेडियमों में अभ्यास के लिए आने वाले खिलाड़ियों के समय में बदलाव की तैयारी की गई है। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी के अनुसार, सुबह के समय खिलाड़ी साढ़े आठ बजे तक ही अभ्यास कर सकेंगे। वहीं शाम के समय आने वाले खिलाड़ियों को साढ़े पांच बजे तक आना होगा। उनकी छुट्टी पूर्व निर्धारित समय छह बजे होगी। अभी तक शाम को चार बजे ही खिलाड़ी अभ्यास को पहुंच रहे हैं।

टेक्ट्रो लखनऊ बेबी लीग के फाइनल मुकाबले आज

अमृत विचार, लखनऊ : एआईएफएफ और लखनऊ फुटबॉल एसोसिएशन की देखरेख में खेली जा रही टेक्ट्रो लखनऊ बेबी लीग अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। छह महीने तक चले इस लीग में 100 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। गोमती नगर में खेली जा रही लीग के फाइनल मुकाबले शुक्रवार को खेले जाएंगे। यह जानकारी लखनऊ फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव कन्हैया लाल ने गुरुवार को दी। **इनके बीच होगा फाइनल :** अंडर-14- बीएफए बनाम एलडीए एफसी, अंडर-12- टीएफए एलीट बनाम डिवाइन एफसी, अंडर-10-टीएफए एलीट बनाम फीनिक्स फुटबॉल अकादमी, अंडर-8- टीएफए एलीट बनाम टीएफए एलीट लिटिल वारियर्स।

पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी

अमृत विचार, लखनऊ : पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के लिए 13 जून को होने वाली प्रवेश परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ऑनलाइन होने वाली प्रवेश परीक्षा में साढ़े तीन लाख से अधिक छात्र शामिल होंगे। मुख्य रूप से प्रवेश परीक्षा 13 से 18 जून तक होगी। 19 और 20 जून को आरक्षित दिवस के रूप में रखा गया है। 21 से 23 जून के बीच आपत्तियां प्राप्त कर उसका मिलान किया जाएगा। इसके बाद एक जुलाई को इसका रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। इसके साथ ही ग्रुप ए इंजीनियरिंग, ग्रुप ई-1, ई-2 ग्रुप डिप्लोमा इन फार्मेसी के साथ, ए, बी, सी, डी, एफ जी, आई, एच और ग्रुप के की परीक्षाएं ऑनलाइन होंगी जबकि ग्रुप एल में दाखिला काउंसलिंग के आधार पर होगा।

विधायक जयदेवी ने सांई धाम मंदिर में माथा टेका

अमृत विचार, लखनऊ : मलिहाबाद विधायक जयदेवी कौशल ने गुरुवार को विभूति खंड गोमती नगर स्थित सांई धाम मंदिर में माथा टेक हवन पूजन किया। आगामी 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा की विशाल जीत की कामना की। जिससे मोदी-योगी की जनहित परियोजनाओं का लाभ जनता उठा सके। उन्होंने मोहनलालगंज से उनके पति कौशल किशोर की विजय के प्रति विश्वास जताया। उनके द्वारा क्षेत्र में किये गये कार्यों से संतुष्ट जनता उन्हें फिर अपना सांसद चुनेगी।

जूनियर आइटीएफ अंडर-18 चैंपियन बनी आशी शमेशरी

बालक युगल में दिल्ली के देव व यूपी के वरुण की जोड़ी बनी चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

प्रतियोगिता के दौरान शॉट लगाती आशी। अमृत विचार

- प्रतिद्वंदी जुफिशा खान के प्रतियोगिता में ना आने की वजह से आशी को मिला वॉकओवर
- देव (दिल्ली) और वरुण (यूपी) की जोड़ी ने यूपी के मेहर और रोहिन को दी मात
- बालक एकल में अनुज और सानिध्य में खिताबी मुकाबला आज

अमृत विचार : जूनियर आइटीएफ अंडर-18 में गुरुवार को बालक वर्ग के एकल में जहां सेमीफाइनल के मुकाबले उलटफेर भरे रहे, वहीं बालिका एकल के फाइनल में एक खिलाड़ी के ना आने से दूसरे को वॉकओवर दिया गया। इस वॉकओवर के चलते यूपी की आशी शमशेरी बिना खेले आसानी से चैंपियन बन गई। बालक युगल में देव प्रकाश (दिल्ली) और वरुण सिंह (यूपी) की जोड़ी ने फाइनल में दमदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी में बालिका एकल वर्ग का आज फाइनल मुकाबला खेला जाना था। यूपी की आशी शमशेरी का मुकाबला यूपी की जुफिशा खान से होना था। इस मुकाबले में हिस्सा लेने जुफिशा आज आयोजन स्थल पर नहीं पहुंची। उनके ना आने पर आयोजकों और रेफरी ने आशी को वॉकओवर दिया। इसके बाद आशी शमशेरी को बालिका एकल का चैंपियन घोषित किया गया।

बालक युगल वर्ग के फाइनल में रोमांचक मैच देखने को मिला। देव प्रकाश (दिल्ली) और वरुण सिंह (यूपी) की जोड़ी ने मेहर खोसला और रोहिन राज (दोनों यूपी के) की चुनौती को तोड़ी और चैंपियन बने। पहले सेट में देव प्रकाश और वरुण की जोड़ी ने 6-4 से जीत दर्ज की। लेकिन दूसरे सेट में मेहर और रोहिन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह सेट 7-5 से जीता। लेकिन अंतिम सेट में भी एक-एक प्वाइंट के लिए संघर्ष देखने को मिला। इस मुकाबले में देव और वरुण ने आपसी तालमेट के साथ दमदार शॉट लगाते हुए यह सेट 10-8 से हरा दिया।

ट्रॉफी के साथ बालक युगल वर्ग के विजेता और उपविजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

बालक वर्ग के सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के अनुज कुमर और सानिध्य धर द्विवेदी ने दमदार खेल दिखाते हुए बड़ा उलटफेर किया। पहले सेमीफाइनल में छठीं वरीयता प्राप्त अनुज कुमार ने चौथी वरीयता प्राप्त आसाम के रामानुज पी तेंदुलकर को सीधे दो सेटो में 6-3, 6-1 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया। दूसरे सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश गैर वरीय सानिध्य धर द्विवेदी भी बड़ा उलटफेर किया। सानिध्य ने दूसरी वरीयता प्राप्त उत्तर प्रदेश के वरुण सिंह को सीधे दो सेटों में आसानी से 6-2, 6-2 से हरा दिया। इसी के साथ बालक वर्ग के एकल मुकाबले का फाइनल मुकाबला आज अनुज और सानिध्य के बीच खेला जाएगा

प्रयागराज ने जीता स्वर्ण और लखनऊ ने रजत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रथम राज्य स्तरीय टैग रग्बी चैंपियनशिप 27 से 29 मई तक नैनीताल के एयूजी इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज और लखनऊ के खिलाड़ी छाए रहे। टैग रग्बी एसोसिएशन इंडिया के मार्गदर्शन में प्रयागराज की टीम ने स्वर्ण पदक और विजेता शील्ड अपने नाम की। लखनऊ की टीम ने रजत पदक के साथ रनरअप शील्ड पर कब्जा किया।

प्रतियोगिता के तीसरे स्थान पर प्रयागराज की मिश्रित टीम ने कांस्य पदक साथ ही तीसरे स्थान के लिए शील्ड हासिल की। सम्मान समारोह के दौरान राष्ट्रीय टीम के सदस्यों में अभिजीत, तुलसी जॉर्ज सहित नेशनल टेक्निकल डायरेक्टर डॉ. राजीव शर्मा ने उत्तर प्रदेश टैग रग्बी की महासचिव मीनाक्षी सनवाल, इवेंट कॉर्डिनेटर अनुराग सिंह, लखनऊ जोन कॉर्डिनेटर शशि, प्रयागराज जोन कॉर्डीनेटर वीडी शुक्ला, उप सचिव ललिता सिंह, मीडिया प्रभारी सौम्या पांडेय और व्यवस्थापक अनीमेश श्रीवास्तव, उत्तराखंड के टेक्निकल एक्सपर्ट देवेन्द्र बिष्ट, देवेश गुणवंत, राजेश पांडे और उत्तराखंड की सचिव विदुषी सनवाल को सम्मानित किया। इस मौके पर राष्ट्रीय तकनीक निदेशक डॉ. राजीव शर्मा ने कहा कि टैग रग्बी खेल काफी ऊर्जा का खेल है, लेकिन इसमें खतरा काफी कम है।

ट्रॉफी के साथ प्रयागराज और लखनऊ की विजेता और उपजेता टीम। अमृत विचार

- प्रयागराज की मिश्रित टीम ने जीता कांस्य

गोकुल के खेल से जीता आरकेबी क्लब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मैन ऑफ द मैच गोकुल मिश्रा के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर आरकेबी क्रिकेट क्लब ने प्रथम सूरज प्रसाद सचान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में एनडीबीजी क्रिकेट क्लब को 36 रनों से हरा दिया।

सूर्या क्रिकेट मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में आरकेबी क्लब ने पहले बल्लेबाजी की और 35.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 198 रन बनाए। गोकुल मिश्रा ने 65 गेंदों में 11 चौको की मदद से 71 रन बनाए। अभय ने 31 और अंशुमान सिंह ने 32 रनों का योगदान किया। एनडीबीजी क्रिकेट क्लब की ओर से नीरज और विद्यांश ने 3-3 विकेट चटकाए। जवाब में एनडीबीजी क्रिकेट क्लब की टीम 32.1 ओवर में 162 रन ही जोड़ सकी। आजाद पी सिंह ने 31, मंदीप सिंह ने 30 और नीरज ने 32 रन बनाए। आरकेबी क्लब की ओर से परवेज अख्तर, आशुतोष सिंह और आयुष ने 2-2 विकेट चटकाए।

मैन ऑफ द मैच गोकुल मिश्रा

सीएएल पर्पल ने ऑरेंज को हराया

सीएएल अंडर-14 ट्रायल मैच में सीएएल पर्पल ने सीएएल आरेंज को 55 रनों से हरा दिया। सिंड्रा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल पर्पल ने 45 ओवर में 6 विकेट खोकर 174 रन बनाए। तन्मय सोनी ने नाबाद 50 और तनिष्क दिवाकर ने नाबाद 37 रन बनाए। सीएएल ऑरेंज की ओर से अर्जुन जायसवाल ने 3 विकेट चटकाए। जवाब में सीएएल ऑरेंट की टीम 39 .5 ओवर में 119 रनों के योग पर ढेर हो गई। मो . कैफ अंसारी ने 23 और आर्यन यादव ने 20 रन बनाए।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-प्रापण निविदा सं.: उप मु.इं.-निर्माण-एलजेएन-01-2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं:-

क्रम सं.-1, खुली निविदा संख्याः उप मु.इं.-नि.-एलजेएन-01-2024, दिनांक 27-05-2024 कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में मल्हौर-डालीगंज परियोजना के अन्तर्गत गोमतीनगर यार्ड में ओवर हेड वाटर टैंक से प्लेटफार्मो तक पाइप लाइन के कनेक्शन का कार्य, सी०आर०एस० कार्यालय, उप मुख्य इन्जीनियर/निर्माण/लखनऊ जं. कार्यालय एवं निर्माण ओ०आर०एच०/लखनऊ जं0 के मरम्मत/रखरखाव तथा अन्य विविध कार्य। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 2,14,09,161.66, बयाना राशिः ₹ 2,57,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः –निल–, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 (बारह) माह।

● क्रम सं.-1, ई-टेण्डर डालने की अन्तिम तिथि 17-06-2024 समय 15:00 बजे तक है तथा उसी दिन 15:30 बजे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर के कार्यालय में खोली जायेगी। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://www.ireps.gov.in* अथवा वेबसाइट *www.ner.indianrailways.gov.in* पर भी देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, लखनऊ जं.
मुजाधि/डब्लू-87

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

जैन ग्रंथ का ज्ञान कराकर ली गई परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वाधान में गोमती नगर जैन मन्दिर में आयोजित 10 दिवसीय गुरु उपकार श्रावक संस्कार शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। पं. अनुज जैन शास्त्री एवं पं. अरिहंत शास्त्री ने जैन धर्म के ग्रंथ छः ढाला का ज्ञान कराया और उसकी परीक्षा भी ली।

इस परीक्षा में वरिष्ठों में प्रथम स्थान रज्जो जैन, द्वितीय स्थान गजेन्द्र और तृतीय स्थान मनीषा को मिला। बच्चों में प्रथम स्थान वैभवी, द्वितीय स्थान आरोही और तृतीय स्थान अंश जैन ने प्राप्त किया। परीक्षा देने वाले सभी परीक्षार्थियों को पुरस्कार दिए गए।

परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रज्जो जैन और वैभवी को सम्मानित करतीं अथिति।

यह शिविर आचार्य मुनि सुधासागर दिशा-निर्देशन में और अल्पना के प्रयास से सम्पन्न हुआ। जैन समाज ने इस शिविर को हर साल कराने की सहमति प्रदान की। सांगानेर से आए हुए दोनों पंडितों का जैन समाज ने सम्मान किया। पंडित अनुज शास्त्री ने बताया कि यह जीव निगोद पर्याय से लेकर नरक, तिर्यंच, मनुष्य, देव गति में भ्रमण करते हुए फिर निगोद में पहुंच जाता है, इससे छुटकारा पाने या मोक्ष में जाने के लिए धर्म और त्याग का रास्ता अपनाना पड़ेगा। तभी हम इस जीवन चक्र से छुटकारा मिल सकता है।

- परीक्षा में वरिष्ठों में रज्जो जैन व बच्चों में वैभवी रही प्रथम

वर्तमान दौर में विश्व में शांति के लिए जैन धर्म के सिद्धांत अहिंसा, सत्य, जियो और जीने दो, दूसरों के प्रति दया भाव रखना बहुत ही प्रासंगिक है, ऐसे संस्कारी शिविर लगाने से मनुष्य के जीवन में बदलाव संभव है।

इस शिविर में महिलाएं, बच्चे, युवा सभी ने भाग लिया। अल्पना, आशा, अनीता, दीपाली, नीलम, लता, दीपिका, जूली, रज्जो, आदि मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा नोटिस

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 140-Dy.CEE-C-LKO-2024-25 IREPS की वेबसाइट यानी **http://www.ireps.gov.in** पर समापन तिथि **21.06.2024** समय (11:30 Hrs) दो पैकेट प्रणाली के तहत 'ई–टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

NIT. संख्या	140-Dy.CEEC-LKO-2024-25 दिनांक 30.05.2024
निविदा संख्या	140-Dy.CEE-C-LKO-2024-25
कार्य का नाम	उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन और अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के रिमोडेलिंग कार्य के संबंध में मौजूदा ओएचई के संशोधन सहित 50 हर्ट्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग।
निविदा प्रपत्र लागत	कुछ नहीं।
लगभग निविदा मूल्य	रु. 13,08,13,846.28 (तेरह करोड़ आठ लाख तेरह हजार आठ सौ छियालीस रूपये और अट्ठाईस पैसे मात्र)
बोली सुरक्षा/अग्रिम राशि (EMD)	रु. 8,04,100/– (आठ लाख चार हजार एक सौ रूपये मात्र)
समापन की अवधि	06 (छः) माह.
ऑफर की वैधता	90 दिन.
IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक	30.05.2024
जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है	07.06.2024
निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय	21.06.2024 (11:30 Hrs.)
पात्रता मापदंड	निविदा दस्तावेज के अनुसार।

ध्यान दें : 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू–मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।"

टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

No. 140-Dy.CEE-C-LKO-2023-24 दिनांक 30.05.2024 1618/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना संख्याः SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T03 Dt-27.05.2024 "खुली ई–निविदा"

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते है।

क्रम सं 1:– कार्य का नामः यातायात की भीड़ को कम करने और सुरक्षित शंटिग संचालन के लिए अतिरिक्त यात्री लाइन और स्टेबल लाइनों के साथ टनकपुर यार्ड के विस्तार के लिए ओएचई संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T03, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में: ₹ 2,18,42,818.70, अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी: ₹ 2,59,200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में: 0.00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 20.06.2024, 11.00 बजे, कार्य पूरा करने की अवधि 09 माह। खुली ई–निविदा दिनांक 20.06.2024 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत–48 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी की दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत करते नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, लखनऊ के सदस्य।

कैफी आजमी प्रेक्षागृह में हिन्दी पत्रकारिता की 198वीं वर्षगांठ पर आयोजित सम्मान समारोह में भारतीय हिन्दी पत्रकार संघ के अध्यक्ष श्याम कुमार, साथ में अन्य।

पठनीय समाचारपत्रों की साख व धाक आज भी

कार्यालय संवाददता,लखनऊ

- हिन्दी पत्रकारिता की चुनौतियां एवं संभावनाएं विषयक संगोष्ठी में बोले वक्ता

अमृत विचार : हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, लखनऊ की ओर से कैंट रोड स्थित एक होटल में 'हिंदी पत्रकारिता की चुनौतियां एवं संभावनाएं' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि मुकेश कुमार मेश्राम(प्रमुख सचिव, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग) ने कहा कि हिंदी भाषा, हिंदी साहित्य, हिंदी पत्रकार व हिंदी पत्रकारिता आज भी प्रासंगिक है। के. रविंद्र नायक (प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग) ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया की क्रांति के बावजूद भी हिंदी पत्र-पत्रिकाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रसाद गुप्ता भी इस बात से सहमत दिखे। अति विशिष्ट अतिथि व एमएलसी पवन सिंह चौहान के साथ जागरण इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड मास कम्युनिकेशन,कानपुर के निदेशक उपेंद्र पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिगुणायत, वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्रा,रामेन्द्र प्रताप सिंह, बाबा साहब भीमराव केंद्रीय विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की एसोसिएट प्रो.रचना गंगवार ने भी लोगों को संबोधित किया। वीरेंद्र सक्सेना ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

रंग भारती ने किया जस्टिस गौतम चौधरी का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हिन्दी पत्रकारिता की 198वीं वर्षगांठ पर दिया गया न्यायमूर्ति प्रेमशंकर गुप्त रंग भारती सम्मान

अमृत विचार : हिन्दी पत्रकारिता की 198वीं वर्षगांठ पर अखिल भारतीय पत्रकार संघ और सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था रंग भारती ने संयुक्त रूप से हिन्दी पत्रकारिता दिवस का आयोजन किया।

कैफी आजमी अकादमी के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य उपभोक्ता परिवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अशोक कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सुधीर हलवासिया ने की।

अदालती कामकाज में अंग्रेजी के युग में हिन्दी प्रेम के लिए विख्यात इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम चौधरी को न्यायमूर्ति प्रेमशंकर गुप्त रंग भारती सम्मान से अलंकृत किया गया। जस्टिस प्रेमशंकर गुप्त ने अंग्रेजी प्रधान युग में हिन्दी में फैसले दिए थे। इस मौके पर हिन्दी के वरिष्ठ पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

रंग भारती के अध्यक्ष श्याम कुमार ने बताया कि हिन्दी पत्रकारिता की वर्षगांठ पर हर साल सम्मान का कार्यक्रम किया जाता है। उन्होंने बताया कि 30 मई 1826 को कोलकाता में पंडित युगल किशोर शुक्ल ने प्रथम हिन्दी समाचार पत्र उदंत मार्तण्ड का प्रकाशन किया था। उसी स्मृति में 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस का आयोजन किया जाता है।

देवी भागवत महापुराण के अंतिम अध्याय का हुआ विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ : मेधज एस्ट्रो यूट्यूब चैनल पर गुरुवार को देवी भागवत महापुराण के अंतिम अध्याय का विमोचन हुआ। गत वर्ष 15 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहला अध्याय का विमोचन कर इसकी शुरुआत की थी।

इस महापुराण में संगीत ओमी और सुदेश ने दिया हैं। इन्होंने ऐसी धुनें बनाई हैं जो आत्मा को छू जाती हैं। मेधज एस्ट्रो के संस्थापक डॉ. समीर त्रिपाठी ने बताया कि देवी भागवत महापुराण के स्कंध 12 के अंतिम अध्याय का आज विमोचन हुआ। 318 दिनों में इस पवित्र ग्रंथ का प्रकाशन बिना किसी दिन चूके सफलतापूर्वक समाप्त किया गया।

नहर में डूब रहे छात्र को दोस्तों ने बचाया हालत गंभीर

अमृत विचार, हरदोई : 10वीं पास छात्र दोस्तों के साथ शारदा नहर में नहा रहा था, उसी बीच वह गहराई में चला गया और डूब गया, जिसे देख दोस्तों ने किसी तरह बाहर निकाला। छात्र की हालत देख कर उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां के डाक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। बताया गया है कि गुरुवार की सुबह सुरसा थाने के गौरहा पुरवा निवासी राघवेंद्र का बेटा आशीष कुमार (19) शारदा नहर में दोस्तों के साथ नहाने पहुंचा। आशीष ने सनेही देवी इंटर कॉलेज दहिगवां से 10वीं की परीक्षा पास की है। वह दो भाइयों में बड़ा है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई.–निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.	निविदा सं.	कार्य का नाम
1	03/डब्ल्यू/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल.के.ओ/2024-25	लखनऊ मंडल के अन्तर्गत एक्स.ई.एन ब्रिज लाइन लखनऊ के अधिकार क्षेत्र के तहत विभिन्न गर्डर पुलों के लिए निरीक्षण की व्यवस्था जैसे कि निरीक्षण प्लेटफार्म, स्तम्भ/अबटमेंट पर स्टील सीढ़ी तथा बियरिंग के आयलिंग तथा ग्रीसिंग के लिए गर्डर लिफ्टिंग ब्रैकेट का कार्य (कुल 33 ब्रिज) और पीएफएम स्टेशन पर सिविल कार्यों के साथ मेला हैंगर शेड का निर्माण का कार्य।
2	अनुमानित लागत	रु. 97605889.88
3	बोली सुरक्षा राशि	रु. 638100.00
4	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह
5	निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि	11.06.2024
6	निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय	निविदा 25.06.2024 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी।
7		न्यूनतम पात्रता की शर्तेः
अ	तकनीकी	(ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षो के दौरान निम्न लिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो **या** दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो **या** एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए।
ब	वित्तीय	निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या "V" (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञाप्ति मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा।
8	एक समान कार्य	मौजूदा स्टील गर्डर पुलों पर साइड पाथवे & ट्राली रिफ्यूजस का फ्रेबीकेशन एवं इरेक्शन या रेलवे स्टील गर्डर पुल का फ्रेबीकेशन/रिपेयर।
9	वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है।	**www.ireps.gov.in** कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता /से. कर्म. उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ

नोट : 1. ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। 2. समस्त नियम और शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है 3. मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जाएगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 03/डब्ल्यू/बी.डब्लू.एस./सी.बी./एल.के.ओ./2024-25 दिनांक 29.05.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1614/24

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SrDEE-TRD-BSB-2024-25-T02, दिनांकः 28-05-2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्रम सं.-01, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के थावे-कप्तानगंज खण्ड में पड़रौना-बढ़हरागंज के मध्य लेबल-क्रासिंग संख्या-68 बी किमी. 96/353 पर हल्के आर.ओ.बी. के प्रावधान के संबंध में 25 केवी विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SrDEE-TRD-BSB-2024-25-T02, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 1,28,09,360.97, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 2,14,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 19-06-2024 up to 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधिः 06 माह।

● खुली ई–निविदा दिनांक 19-06-2024 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।

● पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-49 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :

ई-निविदा संख्या : NER-LJN-GS-2024-02, **कार्य का नाम :** उत्तर प्रदेश के थॉमसनगंज स्टेशन पर विश्व–स्तरीय गुड्स शेड के विकास के संबंध में थॉमसनगंज यार्ड में मौजूदा ट्रैक को हटाना/स्लीविंग करना एवं नया ट्रैक बिछाना, **अनुमानित लागत :** ₹ 1,56,46,925.46, **अग्रिम धन :** ₹ 2,28,200.00, **समापन अवधि :** 12 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-GS-2024-2 के लिए ई-निविदा दिनांक 20.06.2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ
मुजाधि/डब्ल्यू-91

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

एक नजर

नहर में दोस्तों के साथ नहाने गए युवक की डूबकर मौत

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी क्षेत्र में शारदा नहर में दोस्तों के साथ नहाने गये एक युवक की डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव नहर से निकलवाकर शव का पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया। काकोरी प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद के मुताबिक, सौरभ रावत (22) निवासी प्यारेपुर मौंदा पांच दोस्तों के साथ बड़ागांव स्थित शारदा नहर में गुरुवार दोपहर नहाने गया था। इस दौरान सौरभ डूबने लगा। दोस्तों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। सौरभ के परिवार में पत्नी रेशमा है। जो सात माह की गर्भवती है। इंस्पेक्टर ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

युवती व भाभी की फोटो लगा लोगों से की अश्लील चैट

अमृत विचार, लखनऊ : मामला मड़ियांव क्षेत्र का है। इंस्टाग्राम पर शिवम वर्मा नामक लड़के ने 20 साल की युवती से दोस्ती की। भरोसे में लेकर लड़की को मिलने बुलाकर अश्लील वीडियो व फोटो बना ली। इसके बाद लड़की को ब्लैकमेल करने लगा। शिकायत आरोपी के परिवार से की गई तो थाने में समझौता करा दिया। दोबारा गलती न करने की हिदायत देकर पुलिस ने आरोपी को छोड़ दिया था। कुछ दिन बाद आरोपी ने लड़की और उसकी भाभी की फोटो का इस्तेमाल कर इंस्टाग्राम पर आईडी बना दी। इसके बाद कई लोगों से अश्लील चैट कर लड़की के भाई के पास स्क्रीनशॉट भेज दिया। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि आरोपी और लड़की पूर्व परिचित हैं। प्रार्थना-पत्र पर आरोपी युवक को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

लोन बंद कराने के नाम पर खाता खाली कर रहे ठग

लोगों को ठगने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं साइबर अपराधी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: साइबर ठग लोगों के मोबाइल फोन पर कॉल करके लोन बंद कराने का झांसा देकर खाते की गोपनीय जानकारी हासिल कर रुपये पार कर रहे हैं। जालसाज झांसे में लेने के लिए लोन खाता जल्द बंद कराने पर ब्याज की रकम 20 से 50 फीसदी माफ करने की बात कह रहे हैं। ठग बैंक जाने के लिए नहीं कहते है। बल्कि खाता से संबंधित जानकारी मांगते हैं और ओटीपी शेयर करने को कहते। साइबर ठग नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठग रहे हैं।

केस नं.1

राजेन्द्र नगर निवासी संतोष पाण्डेय के पास एक महिला का फोन आता है और बोलती है कि मैं बिरला सनलाइफ से बोल रही हूं। आपका एक लोन चल रहा है जो अभी एक स्कीम के तहत खत्म हो सकता है। आपने लोन लेते समय जो इंश्योरेंस लिया था। इसके लिए आपको अपनी बैंक डिटेल्स देनी होगी फिर आपका लोन बंद हो जाएगा। आपको खाता बंद करने और इंश्योरेंस लेने के एवज में 85 हजार रुपए भी खाते में आएंगे। खाते की डिटेल के साथ मोबाइल पर आए ओटीपी बताना है। शाम तक बताने की बात कही तो जालसाज ने बोला कि स्कीम का लाभ कुछ देर के लिए ही है। उनको शक हुआ और बैंक मैनेजर को सारी जानकारी दी। बैंक मैनेजर ने उन्हें किसी भी तरह की जानकारी देने से मना किया।

केस नं.2

कृष्णा नगर की रहने वाली सरोज अवस्थी ने बताया कि अभी चार दिन पहले उनके पास फोन आया और फोन करने वाली महिला ने लोन दिलाने के लिए कहा। उसने आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक संबंधी जानकारी मांगी और कहा पांच मिनट में आपको लोन मिल जाएगा। लोन की उनको जरूरत है यह बात फोन करने वाली कैसे जान गयी। इस बात पर आश्चर्य है। वह सारी जानकारी दे भी देती अगर उनके पति साथ में बैठे न होते। उनके पति ने जब उस फोन करने वाली महिला से जानकारी मांगी कि कहां से बोल रही हो और मैं आपके ऑफिस आ रहा हूं तो फोन कट गया। कई बार मिलाने पर भी नहीं उठा। इसके बाद उनको अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ और उन्होंने घटना की जानकारी अपने परिजन को दी।

ये तो बानगी मात्र है। इस तरह के रोजाना सैकड़ों कॉल लोगों के पास आ रहे हैं। इनमें कुछ समझदारी से बच जाते हैं। पर, कुछ ठगों के झांसे में आकर लाखों रुपये गवां दे रहे हैं।

इस संबंध में बात करने पर बैंक ऑफ इंडिया, लखनऊ के एलडीएम मनीष पाठक ने कहा कि जानकारी ही बचाव है। बैंक कभी भी आपकी निजी जानकारी न तो शेयर करता है और न ही खाताधारक से मांगता है। अगर किसी का भी फोन आता है और बैंक संबंधी जानकारी मांगता है या फिर ओटीपी मांगता है तो कभी नही शेयर करनी चाहिए।

अपहरण व हत्या के आरोप में दंपत्ति को ले गई पुलिस

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के नरसिंहपुर निवासी शेर बहादुर रैदास और उनकी पत्नी रोशनी को पंजाब पुलिस पकड़ कर ले गई है। शेर बहादुर और उनकी पत्नी पर आरोप है कि उन्होंने अलीपुर चकराई थाना गदागंज निवासी ठेकेदार संजय मौर्य पुत्र रामचरन को गायब कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संजय मौर्य लुधियाना में सिलाई के कार्य का ठेकेदार है। संजय मौर्य ने ही शेर बहादुर और उसकी पत्नी को लुधियाना में काम दिलाया था। बीच में शायद ठेकेदार संजय मौर्य और शेर बहादुर की पत्नी रोशनी के मध्य किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बीती 27 मई को, फिर से दोनों पक्षों में विवाद हुआ था, तभी से ठेकेदार संजय मौर्य गायब बताया जाता है। संजय मौर्य का गायब होना और शेर बहादुर का अपनी पत्नी के साथ वापस अपने घर नरसिंहपुर लौटने से संजय मौर्य के घर वालों ने दोनों को रघुराज सिंह रेलवे स्टेशन पर बुधवार को उतरते समय घेर लिया और पूछताछ करने लगे। बाद में 112 पुलिस को बुला करके उनके हवाले कर दिया। डायल 112 पुलिस ने दोनों पति-पत्नी शेर बहादुर और रोशनी को लालगंज पुलिस के हवाले किया। कार्यवाही न होते देख संजय मौर्य के परिजनों ने एसपी से शिकायत किया। एसपी के द्वारा संज्ञान लेने पर कार्यवाही शुरू हुई और आज गुरुवार को पंजाब पुलिस लालगंज पहुंची, जहां से लिखा पढ़ी कर शेर बहादुर और रोशनी को पंजाब पुलिस अपने साथ लुधियाना ले गई है। लुधियाना में दोनों के खिलाफ संजय मौर्य के अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

रिटायर्ड सैन्यकर्मी के घर से नौकर ने ही उड़ाए थे लाखों

संवाददाता सरोजनीनगर

- पुलिस ने नौकर व सहयोग करने वाले अपचारी को पकड़ा
- बिजनौर का मामला, चोरी हुआ सोने का बिस्किट व सामान बरामद

अमृत विचार : बिजनौर क्षेत्र में रिटायर्ड सैन्यकर्मी के घर से उनके नौकर ने ही एक अपचारी के साथ सोने के बिस्किट समेत लाखों का सामान चुराया था। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ कर उनके कब्जे से गहने समेत अन्य सामान बरामद कर गुरुवार को घटना का खुलासा किया।

इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा के मुताबिक, क्षेत्र के सूरजपुरी कॉलोनी निवासी रिटायर्ड सैन्यकर्मी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि पत्नी पैरालाइज की मरीज है। उनकी देखभाल के लिए गोंडा जिले के गोड़वा निवासी उमेश चंद्र अवस्थी को परिवार सहित रहने के लिये मकान के प्रथम तल पर दो कमरे दिए थे। वीरेंद्र का कहना है कि मंगलवार को तिजोरी खोली तो उसमें से एक्सिस बैंक का सोने का बिस्किट और अन्य गहने सहित नगदी गायब थे। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों का पता लगा रही थी। जांच में सामने आया कि घटना उमेश चंद्र अवस्थी ने एक बाल अपचारी के साथ अंजाम दी है। संदेह के आधार पर दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो जुर्म कुबूल किया। आरोपियों के कब्जे से सोने का बिस्किट, एक जोड़ी झाला, झुमकी, टप्स, पांच जोड़ी पायल, दस जोड़ी बिछिया, एक कड़ा व 12 हजार 500 रुपये व एक मोबाइल बरामद किया गया। इंस्पेक्टर ने बताया उमेश चंद्र को जेल और बाल अपचारी को बाल संरक्षण गृह भेजा है। उधर डीसीपी साउथ ने घटना का खुलासा करने वाली टीम को 10 हजार रुपये ईनाम देने की घोषणा की है।

दवा व्यापारी से लूट का खुलासा, चालक गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : नोएडा के दवा व्यापारी के साथ होटल लेबुआ हुए वारदात का पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में चालक चालक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक उसने पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर व्यापारी को पिलाया था। उसके बेहोश होने के बाद हीरे और सोने की अंगूठी को चुरा लिया। इस मामले में गौतमपल्ली थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। गौतमबुद्ध नगर जेवर निवासी दवा व्यापारी आकाश शर्मा लखनऊ आए थे। उनके साथ जौनपुर धानपुर निवासी चालक दिव्यम उर्फ नितिन सिंह भी था। आकाश ने होटल लेबुआ में कमरा किराए पर लिया। जहां उनके साथ नितिन भी रुका। आकाश ने पुलिस को बताया कि परिचित राजन श्रीवास्तव की पैरवी पर उन्होंने नितिन को चालक के तौर पर रख लिया था। ऐसे में वेरीफिकेशन कराना जरूरी नहीं समझा। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली वेदप्रकाश राय ने बताया कि 22 मई को आकाश ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। सर्विलांस की मदद से गुरुवार को कटाई पुल के पास से नितिन उर्फ दिव्यम को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से हीरे की दो अंगूठी, चेन और बाइक मिली है। इंस्पेक्टर ने बताया कि नितिन के खिलाफ जौनपुर में कई मुकदमे दर्ज है। आकाश के मुताबिक कमरे में साथ रुके नितिन से पानी मांगा था। उसे पीते ही वह बेहोश हो गए।

शॉर्ट-सर्किट से बाइक में लगी आग, अन्य सामान भी जलकर नष्ट

अमृत विचार, रायबरेली : थाना क्षेत्र के हरदी टीकर में शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। इससे घर में खड़ी बाइक आग की चपेट में आकर नष्ट हो गई। यही नहीं घर में रखा अन्य घरेलू सामान भी जलकर नष्ट हो गया। बृहस्पतिवार को हरदी टीकर में राजेंद्र बहादुर सिंह के यहां शार्ट-सर्किट से अचानक आग लग गई, जिसमें चारपाई दरवाजा जलने लगे तथा घर में खड़ी बाइक में अचानक आग पकड़ लिया और धू-धू कर जलने लगी। जब तक स्थानीय लोग आग बुझाने का प्रयास करते तब तक घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि लगभग आग लगने से डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ। जब इस बाबत थानेदार बबिता पटेल से बात की गई तो उन्होंने बताएं संदर्भ में मुझे कोई जानकारी है।

दो कारों में भिड़ंत, आधा दर्जन घायल

कमलापुर, अमृत विचार। सीतापुर की तरफ जा रही कार में ट्रक से हल्की चपेट लगने पर एक कार डिवाइडर पारकर लखनऊ की तरफ जा रही दूसरी कार से टकरा गई जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। थाना पुलिस और कस्बे के लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर गंभीर घायलों को सीएचसी रवाना कर दिया और हल्की चोटिल हुए लोगों को स्थानीय क्लीनिक पर प्राथमिक उपचार कराकर घर कर दिया गया।

घटनास्थल पर खड़ीं आपस में टकराई कारें अमृत विचार

नवीन 34पुत्र उत्तम कुमार निवासी लोकनपुरवा थाना पलियाकलां लखीमपुर लखनऊ से दिखाकर वापस जा रहा था। उसके साथ उसकी पत्नी अंजू और साढ़ू का लड़का अमन व साकेत पुत्र प्रह्लाद थे। जिसमें अंजू, अमन तथा नवीन को सीएचसी कसमंडा भेजा गया है। दूसरी कार जो लखनऊ की तरफ जा रही थी, उसमें अखिलेश चैधरी पुत्र रामनारायण चैधरी निवासी चिन्नौर थाना सदर शाहजहांपुर घायल हो गए। आटो रिक्शा में अर्चना पुत्री संतोष निवासी मनिकापुर, लल्ली देवी पुत्री कमलेश निवासी डोभा थाना मानपुर, पुष्पेन्द्र पुत्र रामसरन निवासी मिश्रापुर थाना सिधौली, मोनिका पुत्री अनिल कुमार निवासी दरियापुर, अंजलि मिश्रा पुत्री राकेश मिश्रा निवासी गौरा बहरीमऊ को हल्की फुल्की चोटें आई प्राथमिक उपचार बाद घर चले गए।

करंट लगने से आंगनबाड़ी कार्यकत्री की गई जान

अमृत विचार, रायबरेली : घर में पंखा ठीक करते समय करेंट की चपेट में आने से आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के बेलागुशीशी निवासी संतोष कुमारी श्रीवास्तव पत्नी स्व बाजीराव श्रीवास्तव गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकत्री के पद पर तैनात थी। गुरुवार को केंद्र से घर वापस लौट कर पंखे को ठीक करने लगी तभी वह करेंट की चपेट में आ गई जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन गंभीर हालत में उसे बेलाभेला सीएचसी लाए, जहां चिकित्सक ने संतोष कुमारी श्रीवास्तव को मृत घोषित कर दिया।प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि ऐसी कोई जानकारी नहीं है। पता करा रहे हैं। मृतका के पति बाजीराव की मौत उन्तीस साल पहले एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। मृतका संतोष कुमारी के चार पुत्रियां नीलम, शशी, पूनम और मोनम हैं।

संदिग्ध अवस्था में घर के कमरे में मिला युवक का शव

सदरपुर, सीतापुर

अमृत विचार। संदिग्ध अवस्था में घर के कमरे में युवक का शव मिला। ऐसे में घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए उसे जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

सदरपुर थाना क्षेत्र के मरखापुर मजरे शाहपुर निवासी दीपू उर्फ दीपकूमार (30) पुत्र सुंदरलाल बीती रात कमरे में सोने के लिए गया था। सुबह काफी देर तक वह नहीं उठा तो घरवाले उसे जगाने के लिए गये, तो देखा कि दीपकुमार मृत अवस्था में पड़ा है। ऐसे में मृतक के चचेरे भाई राजाराम ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पीआरवी 112 और थाना सदरपुर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। थाना सदरपुर में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया है कि मृतक के चचेरे भाई (ताऊ के बेटे ने) राजाराम पुत्र तेजनारायण ने थाने पर सूचना देकर शव का पीएम कराए जाने की मांग की है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

साइकिल से जा रहे अधेड़ को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, मौत

इमलियासुल्तानपुर, सीतापुर

अमृत विचार। दवा लेकर साइकिल से वापस घर जा रहे एक अधेड़ को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिसे आनन- फानन में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक तौले पुत्र हजारी कुबेरपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर का निवासी है जिसकी इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। ग्राम पंचायत बसेती के मौजूदा ग्राम प्रधान की खाद की दुकान के पास यह हादसा हुआ है।मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने जांच कर तहरीर के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।वहीं जिस ट्रैक्टर से यह हादसा हुआ है वह जलीश निवासी बसेती थाना इमलिया सुल्तानपुर का बताया जा रहा है।

घटनास्थल पर पड़ी साइकिल।

सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल

शाहाबाद, माधौगंज, हरदोई

अमृत विचार। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पहली घटना मझिला थाना क्षेत्र की है। यहां सड़क किनारे खड़े डंपर में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल घुसने से घटना स्थल पर मौत हो गई। क्षेत्र के ग्राम लोनी निवासी लाखन का पुत्र अमोष कुमार (21) पिहानी में निदा फाजली हॉस्पिटल में नौकरी करता था। लाखन की मौत लगभग पांच पूर्व हो चुकी है। बुधवार को अमोष की नाइट ड्यूटी थी। गुरुवार को सुबह वह ड्यूटी खत्म कर मोटरसाइकिल से पिहानी से घर लोनी आ रहा था। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम अयारी में सड़क के किनारे खड़े डंपर को अमोष देख नहीं सका और उसकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल डंपर में जा घुसी। सिर के बल गिरने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची मझिला पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के घर में घटना की सूचना से कोहराम मचा है। मृतक अविवाहित था और चार भाइयों में सबसे छोटा था, एक भाई दिव्यांग है। अमोष की तीन बहने भी अभी अविवाहित हैं, उनमें एक बहन भी दिव्यांग है। थाना प्रभारी सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया कि पिहानी से वापस आते समय युवक डंपर से टकरा गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

दूसरी घटना माधौगंज क्षेत्र में चौकी कुरसठ की है। यहां बेकाबू डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठा युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बघौली थाने के लोधी गांव निवासी अनुज जोशी (22) पुत्र शिवकुमार बुधवार की रात बाइक से बिलग्राम से घर लौट रहा था। बाइक पर उसके साथ आशीष मिश्रा भी बैठा था। चौकी कुरसठ के अन्तर्गत माधौगंज-बघौली मार्ग बरबरटापुर गांव के पास रात साढ़े 10 बजे बेकाबू डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी।

मृतक अमोष कुमार व अनुज जोशी।

दो घायलों को जिला अस्पताल किया रेफर

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली में दो जगह हुए हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हुए हैं, जिन्हें पुलिस ने सीएचसी में भर्ती करवाया है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर नरकतरा निवासी अरविंद किसी काम से कस्बे में आए थे। तहसील गेट पर मुड़ते समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमे अरविंद घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

उपलब्धि अमेठी, प्रतापगढ़, प्रयागराज और कौशांबी जिलों में रोजाना भेजा जा रहा तरबूज

बिहार व झारखंड तक पहुंचती है परशदेपुर के तरबूज की मिठास

परशदेपुर क्षेत्र में लगाई गई तरबूज की फसल। अमृत विचार

नीरज श्रीवास्तव

परशदेपुर,अमृत विचार। मई महीने में ही भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी के कारण सीजनल फल तरबूज की मांग काफी बढ़ गई है। बाजार में काफी संख्या में लोगों को तरबूज खरीदते देखा जा सकता है। वहीं क्षेत्र के तरबूज की मांग आस-पास के जिलों समेत कई प्रदेशों में भी बढ़ने लगी है। यहां के तरबूज की मिठास बिहार और झारखंड तक पहुंच रही है। परशदेपुर सहित पास के बरुवा, फागूपुर आदि गांवों में तरबूज की काफी ज्यादा खेती होती है। बताते हैं बलुहर मिट्टी में तरबूज की उपज अच्छी होती है, इसलिए आलू के किसान गर्मी में तरबूज की खेती करते हैं। यहां का तरबूज अमेठी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, कौशाम्बी सहित कई जिलों में भेजा जा रहा है। तरबूज की खेती करने वाले आरिफ मेहंदी ने बताया कि वो कई वर्षों से तरबूज की खेती कर रहें हैं। इस समय 500 से 600 रुपए कुंतल तरबूज बिक रहा है। तरबूज़ की तौल कुंतल में 100 की जगह 105 किलो की होती है। नूरानी बताते हैं कि तरबूज़ की फसल तीन महीने की होती है। कम समय में अच्छी पैदावार होती है। मेहनत भी कम लगती है। व्यापारी नियाज़ राइन का कहना है कि यहां का तरबूज अमेठी, प्रतापगढ़,प्रयागराज व कौशाम्बी की तरफ ज्यादा भेजा जाता है। डिमांड आने पर बिहार, झारखंड व महाराष्ट तक तरबूज भेजा जाता जाता है।

नकली तरबूज की कैसे करें पहचान

- कॉटन के सूखे कपड़े को तरबूज पर रगड़ें ,फिर देखें कि कॉटन का रंग तो नहीं बदल रहा। यदि कॉटन लाल रंग का हो जाए तो समझे तरबूज में केमिकल मिला है।
- तरबूज का एक टुकड़ा काटकर पानी में डाले। अगर पानी का रंग लाल हो जाए तो तरबूज केमिकल से पका है।
- जमीन पर उगाए जाने वाले तरबूज में अक्सर दाग और पीले निशान होते हैं, जो उनके प्राकृतिक रूप से पकने की निशानी होती है। बाजार से खरबूजे खरीदते समय हल्के दाग वाले खरबूजे का चयन करें, क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से पका हुआ हो सकता है।

250 बीघा में होती है तरबूज की खेती

परशदेपुर से थोड़ी दूर बरुवा गांव में तरबूज की करीब 250 बीघा में खेती होती है। गांव के सुरेश यादव ने 5 बीघा तरबूज लगाया है। उन्होंने बताया कि एक बीघा में करीब 15 हजार रुपए की लागत आती है। तीन-चार पानी से ही काम चल जाता है। बेचने पर नगद पैसा मिल जाता है। लेकिन इस बार तरबूज का रेट कम होने से ज्यादा फायदा नहीं मिल पा रहा है।

> तरबूज खरीदने के बाद इसे कुछ देर के लिए पानी में डुबोकर रख दें। 20-30 मिनट बाद इसे खाएं। तरबूज को काटने के बाद बहुत दिनों तक स्टोर करके न रखें। फलों को ताजा खाने से सबसे ज्यादा फायदे मिलते हैं। तरबूज में 96 प्रतिशत तक पानी मौजूद होता है, तो इसे खाने के बाद पानी, जूस या अन्य दूसरे पेय पदार्थ पीने से बचने की कोशिश करें।
> -डॉ. राजेश गुप्ता, प्रभारी चिकित्साधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परशदेपुर

अयोध्या में बनाया जाएगा महाराष्ट्र भवन

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस व पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी ने रामलला का किया दर्शन

श्रीरामलला के दर्शन के बाद महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस व तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय। अमृत विचार

श्रीरामलला के दर्शन के बाद परिवार के साथ पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी।

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार। अयोध्या में जल्द ही महाराष्ट्र भवन बनाया जाएगा। ये घोषणा गुरुवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने की। वो रामलला के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारे लिए हर्ष की बात है कि मैं रामलला का दर्शन कर पाया हूं। इसके साथ हनुमान जी का दर्शन किया है । प्रधानमंत्री के तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान पर विपक्ष के आरोप पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग घोर हिंदू विरोधी हैं। इनको मेडिटेशन में भी राजनीति नजर आ रही है। वे लोग चंद वोटों के भूखे हैं। इससे पहले उनके महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुँचने पर हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास ने स्वागत किया। सबसे पहले हनुमानगढ़ी और फिर राम जन्म भूमि में दर्शन पूजन किया। हनुमान गढ़ी पर पुजारी राजू दास ने प्रतीक चिह्न गदा भेंट की।

परिवार के साथ सरयू आरती में भी शामिल हुईं पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी

अयोध्या। पुडुचेरी की पूर्व उप राज्यपाल किरण बेदी ने गुरुवार को परिवार के साथ रामलला के दर्शन किये । श्रीराम के बाल स्वरूप विग्रह का विधि-विधान से दर्शन पूजन कर भाव विभोर हो गईं। किरण बेदी ने बताया कि अपनी मां की बरसी के मौके पर रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंची हैं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रशासन की आभारी हूं, जिनकी वजह से अयोध्या में राम मंदिर बना है। उन्होंने बताया कि वह बहुत दिनों बाद अयोध्या दर्शन करने आई हैं। जब भगवान रामलला टेंट में थे तभी एक बार यहां आई थीं। देर शाम परिवारजनों के साथ सरयू मां की आरती में भी शामिल हुईं।

राममंदिर निर्माण कार्य के समय में हुआ बदलाव

अयोध्या। निर्माणाधीन राम मंदिर के कार्य पर भी गर्मी का असर पड़ रहा है। इस कारण निर्माण कार्य में बदलाव कर दिया गया है। दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक तेज धूप के कारण कार्यों को बंद कर दिया गया है। अब सुबह 8 से 12 बजे तक और शाम 4 से देर रात तक ही कार्यों को किया जा रहा है। राम मंदिर के प्रथम तल का कार्य पूरा होने के बाद द्वितीय तल पर भी कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही शिखर निर्माण की तैयारी भी शुरू हो गई है। मंदिर की परिधि में बन रहे परकोटा का कार्य भी प्रगति पर है। राम जन्मभूमि परिसर में सप्त मंडपम, शेषवतार मंदिर का कार्य भी चल रहा है, जिसके लिए लगभग दो हजार वर्करों को लगाया गया है, जो अलग-अलग समय पर कार्य करते हैं। राम मंदिर निर्माण की देख-रेख कर रहे विहिप पदाधिकारी गोपाल जी राव ने बताया कि मौसम को देखते हुए निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के स्वास्थ्य का भी विशेष ख्याल रखा जा रहा है। दोपहर में तेज धूप और गर्मी के कारण वर्कर प्रभावित न हों। इसके लिए 12 से 4 बजे तक का कार्य बंद कर दिया जाता है। गर्मी को देखते हुए वर्करों को समय-समय पर ओआरएस का घोल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

एयरपोर्ट से राम मंदिर तक वीआईपी लेन बनाने की तैयारी, मंडलायुक्त ने वैकल्पिक मार्गों का किया निरीक्षण

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से श्रीराम मंदिर तक वीआईपी लेन बनाने की तैयारी है। इसको लेकर गुरुवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल ने वैकिल्पक मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट से अयोध्या धाम जाने वाले सभी मार्ग फोर लेन होंगे। मकसद यह भी है कि वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात बाधित न हो। अभी वीआईपी मूवमेंट होने पर काफिला एयरपोर्ट के टर्मिनल एक से अयोध्या-सुल्तानपुर मार्ग, नाका बाईपास से अयोध्या धाम पहुंचता है। इससे शहर के साथ ही हाईवे का यातायात भी बाधित होता है। इससे निजात पाने के लिए एयरपोर्ट से सीधे राम मंदिर पहुंचने के लिए एक डेडीकेटेड वीआईपी लेन बनाने का प्रयास है। मंडलायुक्त ने अयोध्या एयरपोर्ट के प्रस्तावित टर्मिनल दो से बूथ नंबर चार तक जोड़ने वाले विभिन्न मार्गों का निरीक्षण किया। इसमें गंजा से पॉवर हाउस वाला मार्ग, फिरोजपुर पीएमजीआसवाई से कुसमहा के कुटिया का पुरवा होते हुए दर्शननगर- भरतकुंड मार्ग शामिल हैं। गंजा से पॉवर हाउस वाले मार्ग को दो लेन का किया जा रहा है। फिरोजपुर पीएमजीएसवाई से कुसमहा गांव के कुटिया का पुरवा होते हुए दर्शन नगर-भरतकुंड मार्ग तक दो लेन भी मार्ग प्रस्तावित है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता ने बताया कि प्रस्तावित मार्ग का आगणन शासन को भेजा जा चुका है। इस मार्ग के बन जाने से दर्शननगर-भरतकुंड मार्ग अचारी का सगरा होते हुए बूथ नंबर चार (एनएच-27) से जुड़ जाएगा। मंडलायुक्त केनिरीक्षण के समय लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

डीएम आवास के सामने मारपीट फायरिंग, तीन घायल

संवाददाता बाराबंकी, अमृत विचार: डीएम आवास के ठीक सामने रियल स्टेट के कारोबारियों के बीच विवाद के दौरान हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। दो लोगों लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। एक जिला अस्पताल में भर्ती है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो डीएम आवास के ठीक सामने बने एक होटल के सामने भीड़ जुटी थी । इसी बीच दो पक्षों में आपसी विवाद होने लगा। कुछ ही देर बाद मारपीट होने लगी। दोनों पक्षों की तरफ से लगभग 50 से 60 लोग मौजूद रहे। इसी दौरान किसी ने फायरिंग कर दी। चंदौली के अनवर की पीठ में गोली लगी है। उसका साथी चंदौली का तौफीक घायल हो गया।

कॉमेडियन अन्नू अवस्थी की भाभी ने फांसी लगाई

- काकादेव थानाक्षेत्र के रानीगंज इलाके की घटना
- 10 वर्षों से अवसाद में चल रहीं थीं, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। काकादेव थानाक्षेत्र में कानपुर के मशहूर कॉमेडियन अन्नू अवस्थी की भाभी ने गुरुवार दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि अवसाद में उन्होंने यह कदम उठा लिया। उनका इलाज चल रहा था।

रीता अवस्थी।

रानीगंज निवासी कॉमेडियन अन्नू अवस्थी के बड़े भाई अरुण अवस्थी हॉस्टल संचालक हैं। अरुण की 61 वर्षीय पत्नी रीता अवस्थी गृहिणी थीं। उनका बड़ा पुत्र मानस उर्फ रितू अवस्थी कनाडा में जॉब करता है, छोटा पुत्र जीतू अवस्थी कोऑपरेटिव बैंक में क्लर्क है।

अन्नू अवस्थी ने बताया कि सुबह 11 बजे भाभी ने भइया को नाश्ता दिया और कमरे में चली गईं। इसके बाद भइया मार्केट गए थे। तभी भाभी ने अपने को कमरे में बंद कर लिया और रस्सी का फंदा लगाकर लटक गईं।

खेत में मिले मुगलकालीन सिक्के

500 वर्ष पुराने बताए जा रहे सिक्के, पुरातत्व विभाग को देने की तैयारी

संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीरनगर

अमृत विचार। मेंहदावल तहसील क्षेत्र के बेलहर थानाक्षेत्र अंतर्गत लोहरौली मिश्र गांव में जेसीबी मशीन से अवैध खनन के दौरान एक मिट्टी के बर्तन में रखे सैकड़ों की संख्या में मुगल कालीन चांदी जैसी धातु के सिक्के बरामद हुए हैं। ग्रामीणों में सिक्के लूटने की होड़ मच गई। जानकारी होने पर तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर 168 सिक्के बरामद किए। बरामद सिक्कों को पुरातत्व विभाग को सौंपने की तैयारी है।

गुरुवार को मेंहदावल तहसील क्षेत्र अन्तर्गत बेलहर थानाक्षेत्र के लोहरौली मिश्र गांव में सुबह अंकित मिश्रा के खेत में भट्ठा मालिक बहाउद्दीन के द्वारा बिना किसी अनुमति के जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई कराई जा रही थी। इसी दौरान खेत मे मिट्टी का घड़ा मिला। घड़े में मुगलकालीन शासकों के चित्र बने चांदी के सिक्के भरे थे। सिक्कों पर अरबी और फारसी भाषा के शब्द लिखे थे। सिक्के मिलने की खबर गांव में आग की तरह फ़ैल गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों में सिक्के लूटने की होड़ मच गई। जेसीबी चालक तबरेज और चार ट्रैक्टर चालकों ने तमाम सिक्के समेट लिये। इसी गांव के निवासी दिवाकर मिश्र 80 सिक्के अपने साथ उठा ले गए। तहसील प्रशासन के पहुंचने पर उन्होंने महज नौ सिक्के वापस किया। कलावती पत्नी राम सांवर भी दर्जनों सिक्के ले गयी थीं। उन्होंने सिर्फ पांच सिक्के ही वापस लौटाया।

खुदाई के दौरान मिले मुगल कालीन सिक्के।

बहिष्कार पर अड़े कॉलेज माने, परीक्षाएं आज से

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत अवध विश्वविद्यालय की स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा शुक्रवार से तीन पालियों में शुरू होकर नौ जुलाई तक चलेंगी। इसका बहिष्कार कर रहे साकेत महाविद्यालय और मनूचा गर्ल्स कॉलेज के शिक्षक परीक्षा में सहयोग के लिए मान गए हैं। विश्वविद्यालय की परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में कराई जायेगी। विश्वविद्यालय से संबद्ध सात जिलों में कुल 464 केंद्र बनाये गए है। जिसमें स्नातक एवं परास्नातक में कुल पांच लाख 35 हजार 654 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि 31 मई से एनईपी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन पालियों में शुरू हो रही हैं। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए उत्तर पुस्तिकाओं के लिए सात जिलों में कुल 18 संकलन केन्द्र बनाये गए है। पांच सचलदल का गठन किया गया है। वहीं, अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. विजय प्रताप सिंह ने कहा कि परीक्षा का बहिष्कार जारी रहेगा। परीक्षा कार्य के दौरान यदि किसी शिक्षक के साथ कुछ अप्रिय होता है तो संपूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की होगी।

परीक्षा के विरोध में साकेत में छात्रों का प्रदर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा को लेकर गुरुवार को साकेत महाविद्यालय में छात्रों ने प्रदर्शन करते हुए रोड जाम का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने रोक दिया। आक्रोशित छात्रों ने प्राचार्य कक्ष में पहुंच कर नारेबाजी की और परिसर में घूम-घूम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना था कि इस भीषण गर्मी में परीक्षा का कोई औचित्य नहीं है।

गुप्तांग में ईंट टांगने वाले को जमानत नहीं

कानपुर, अमृत विचार: काकादेव कोचिंग मंडी में ऑनलाइन गेम में हुए लेनदेन के विवाद में छात्र के साथ हैवानियत बरतने वाले आरोपी की जमानत याचिका एडीजे 13 की कोर्ट ने खारिज कर दी।

इटावा के लवेदी क्षेत्र का रहने वाला 17 वर्षीय किशोर केशव और शिवा संग ब्वायज हास्टल में रहता था। किशोर ने ऑनलाइन गेम खेलने के नाम पर केशव से 20 हजार रुपये उधार लिए, लेकिन वह गेम में पैसे हार गया था। पैसा न लौटा पाने पर शिवा, केशव, तनय, नितिन, योगेश विश्वकर्मा, संजीव ने उसे बंधक बना कर बेरहमी से पीटा था। आरोपियों ने किशोर को निर्वस्त्र कर उसके गुप्तांग में ईंट बांधकर लटकाया।

पीएम हाउस शुरू करने को हुई सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: तहसील मुख्यालय निघासन में करीब दो दशक से बनकर तैयार पोस्टमार्टम हाउस चालू न होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। वजह है कि इलाके में होने वाले हादसों में मौतों के शवों का पोस्टमार्टम करने के लिए एक सौ किलोमीटर दूर मुख्यालय ले जाना पड़ता है। इससे जहां परिजन परेशान होते हैं, वहीं शवों की भी दुर्गति हो जाती है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता मोहम्मद हैदर ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर इसके संचालन की आवाज उठाई, जिस पर सुनवाई शुरू हो गई है। साथ ही पोस्टमार्टम हाउस के जल्द संचालन की उम्मीद भी बंध गई है।

मोहम्मद हैदर, अधिवक्ता।

निघासन में दो दशक से तैयार पोस्टमार्टम हाउस।

गुरुवार को न्यायमूर्ति राजन राय व ओमप्रकाश शुक्ल की बेंच ने सुनवाई की। याचिकाकर्ता के अनुरोधों को संज्ञान में लेने के बाद पोस्टमार्टम हाउस के क्रियाशील न होने पर सरकार से कारण पूछा है। इसके अलावा तहसीलों से शव को जिला मुख्यालय लाने-ले जाने के लिए शव वाहन नियुक्त करने के अनुरोध को भी स्वीकार किया है। कोर्ट ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खीरी को व्यवस्था दुरुस्त करने व वाहनों की वर्तमान स्थिति का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं। अधिवक्ता मोहम्मद हैदर ने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस के न शुरू होने हो रही आसुविधाओं को लेकर चार वर्षों से शोध व वस्तुपरक जानकारियां जुटाई गई।

निघासन में किशोरी को भगा ले गया आचार्य, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: थाना निघासन क्षेत्र में एक स्कूल के आचार्य ने गांव की ही एक 16 वर्षीय किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसे लेकर भाग निकला। किशोरी की मां ने गांव की ही एक युवती पर अपने मोबाइल से उसकी पुत्री की अक्सर बात कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को बरामद करने का प्रयास कर रही है।

पीड़ित महिला ने बताया कि कोतवाली तिकुनिया के गांव गब्दू टांडा मजरा गुलरिया पत्थर शाह निवासी ओमकार उसके गांव में स्थित एक शिशु विद्या मंदिर में आचार्य है। उसने गांव की ही एक युवती की मदद से उसकी पुत्री से बातचीत करने लगा और उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। महिला का कहना है कि अक्सर आरोपी युवती अपने मोबाइल से आचार्य से उसकी पुत्री की बात चोरी छुपे कराती थी। आरोपी आचार्य 21 मई को उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुत्री को भगाने में महेंद्र सिंह निवासी महतीन टांडा कोतवाली तिकुनिया, कल्लू निवासी चूराटांडा व महताब सिंह निवासी छटूठी टाण्डा थाना भीरा का हाथ है। वह पुत्री को खोज रही है।

मां के हत्यारे को उम्रकैद, 15 हजार रुपये जुर्माना

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार : जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर खुर्द गांव में 10 साल पूर्व माता से तंग आकर उसकी गर्दन काटकर हत्या करने व सिर को कुएं में फेंककर साक्ष्य मिटाने के दोषी पुत्र महेंद्र विश्वकर्मा को न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

एडीजीसी विजय शंकर शुक्ल के मुताबिक वादी मुकदमा सुकई विश्वकर्मा 1 जनवरी 2014 को पत्नी रामकली की दवा लेने शाम को चार बजे सेमरी बाजार गया था। बाजार से लौटकर घर आया तो देखा उसकी पत्नी का सिर धड़ से अलग कर महेंद्र बैठा था। कड़ाई से पूछने पर दोषी महेंद्र ने बताया, मां नल के पास अक्सर दीर्घ शंका कर देती थी, जिससे वह बहुत परेशान था, जिस कारण उसने हत्याकांड को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुएं से रामलली का सिर बरामद किया। पिता सुकई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की। दौरान विचारण अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे में पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने दोषी पुत्र को आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदण्ड, हत्या कर साक्ष्य छिपाने के आरोप में 7 वर्ष व पांच हजार अर्थदंड की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

किशोरी से दुष्कर्म में दोषी युवक को 10 साल की सजा

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। दोषी पर 70 हजार रुपये का जुर्माना भी हुआ है। जमानत की आधी रकम पीड़िता को बतौर प्रतिकर देने का आदेश हुआ है। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम प्रदीप कुमार सिंह की अदालत से गुरुवार को हुआ। एडीजीसी सतीश चंद्र देवरस ने बताया कि कोतवाली नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली किशोरी आरोपी अविनाश तिवारी निवासी अमानीगंज कॉलोनी के यहां उसकी बहन जो उसकी सहेली थी, उससे मिलने गई थी। सहेली नहीं मिली और अविनाश ने उसे घर में अकेला पाकर उसे जहरीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। इसी को वायरल करने की धमकी देकर उसने उसके साथ पांच साल तक लगातार शारीरिक संबंध बनाए। वह गर्भवती हो गई तो दो बार गर्भपात भी करवाया। बीच में अविनाश नागपुर चला गया। वहां से आया तो 28 मई 2016 की रात आठ बजे उसे कैंट थाना क्षेत्र में एक स्कूल में फोन करके बुलाया। भयभीत होकर किशोरी ने एक सामाजिक सेविका को फोन किया। वहां आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए और इसकी रिपोर्ट किशोरी ने कैंट थाने में दर्ज करवाई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने बुधवार को अभियुक्त को दुष्कर्म, जहरीला पदार्थ खिलाने और जान से मारने की धमकी देने की धारा में दोषसिद्ध करते हुए जेल भेज दिया था। सजा के बिंदु पर गुरुवार को सुनवाई के बाद सजा दी।

दुष्कर्म के आरोपी इंस्पेक्टर की निगरानी अर्जी पर आज होगी सुनवाई

सुलतानपुर, अमृत विचार: महिला आरक्षी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी इंस्पेक्टर नीशू तोमर की निगरानी अर्जी पर आज सुनवाई होगी। हलियापुर थाने में तैनात रहने के दौरान एक महिला आरक्षी ने तत्कालीन एसओ नीशू तोमर पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए 14 जुलाई 2022 को मामला दर्ज कराया था। विवेचना में पुलिस ने दुष्कर्म का मामला हटाकर केवल गाली व धमकी देने के आरोप में चार्जशीट दाखिल की थी। पीड़ित आरक्षी ने अपने वकील संतोष पांडेय के जरिए विरोध दर्ज कराया। विरोध पर आठ अप्रैल को तत्कालीन सीजेएम बटेश्वर कुमार ने इंस्पेक्टर को दुष्कर्म के अभियोग में तलब किया था।

मदरसा छात्रों की परेशानी पर आयोग सख्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मदरसा इस्लामिया घाटमपुर के छात्रों के मामले में आयोग हरकत में आ गया है। बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग ने रेलवे प्रशासन को पत्र लिखकर आरपीएफ के दोषी अधिकारी एवं कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की है।

मदरसा इस्लामिया घाटमपुर के प्रधानाचार्य इंतजार अहमद ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग में शिकायत की थी। यह जानकारी देते हुए आयोग के सचिव शकील अहमद सिद्दीकी ने बताया कि बच्चे ईद की छुट्टी के उपरांत रेलवे के टिकट पर बिहार से वापस मदरसे में पढ़ाई के लिए आ रहे थे। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक एवं अन्य कर्मियों ने मदरसे के कक्षा-8, 10 एवं 11 के छात्रों को पकड़कर चौकी में बैठा लिया था। प्रधानाचार्य द्वारा रजिस्टर एवं अभिलेख दिखाने के बाद भी आरपीएफ ने पकड़े बच्चों को बाल सुधार गृह में भेज दिया। जबकि वहां ऐसे बच्चों को भेजा जाता है जो किसी अपराध में शामिल होता है। आरोप है कि चौकी में बच्चों को भूखा-प्यासा रखा गया तथा बाल सुधार गृह में सात दिनों तक रखा था। आयोग के चेयरमैन अशफाक सैफी ने बताया कि पहली नोटिस पर 15 मई को सुनवाई के दौरान आरपीएफ के उपनिरीक्षक अमित द्विवेदी आख्या प्रस्तुत नहीं कर सके, इस पर 28 मई को दोबारा तलब किया, तब उसमें आरपीएफ की ओर से कोई आया नहीं। प्रतिपक्षी उक्त प्रकरण में जवाब या आख्या देने पर विफल रहे। आयोग के सचिव शकील अहमद सिद्दीकी ने बताया कि जिसके चलते चेयरमैन की संस्तुति पर गुरुवार को दोषियों पर जीआरपी के वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त को कार्रवाई को पत्र लिखा गया है।

> आरपीएफ सरकार को बदनाम करने का काम कर रही है। आरपीएफ के दोषी अधिकारी ने मदरसे के बच्चों के साथ जो कृत्य किया है वह गलत है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की है।
>
> –अशफाक सैफी, चेयरमैन उ.प्र. अल्प संख्यक आयोग

स्पर्धा प्रदेशीय बालिका अंडर-17 सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

आजमगढ़ को हराकर मेरठ मंडल का ट्रॉफी पर कब्जा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्रदेशीय बालिका अंडर-17 सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में गुरुवार को आजमगढ़ मंडल को एक गोल से पराजित कर मेरठ मंडल टीम विजेता बनी। प्रतियोगिता में खुशी बेस्ट प्लेयर, शिवानी बेस्ट गोलकीपर व सलोनी बेस्ट स्कोरर रहीं। मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक सतीश सिंह ने विजेता व उप विजेता टीम के खिलाडियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम मकबरा में आदर्श इंटर कॉलेज के संयोजन में चल रहीं प्रदेशीय बालिका अंडर-17 सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेरठ व आजमगढ़ मंडल की टीमों के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले के पहले हाफ में मेरठ की अलीना ने गोल मार कर टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और मेरठ की अलीना का एकमात्र गोल विजई गोल रहा। इस तरह मेरठ मंडल टीम ने जीत दर्ज कर बालिका सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता की पहली विजेता बनीं।

इस मौके पर संयोजक प्रधानाचार्य वरुण प्रताप सिंह, मंडलीय विद्यालयीय क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह, विजेंद्र, जयंत, सुनील अवस्थी, योगेश्वर सिंह, उत्तम कुमार, दुर्गा प्रसाद, केएन सिंह सहित खिलाड़ी, प्रशिक्षक व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

प्रदेशीय सुब्रतो मुखर्जी कप बालिका फुटबाल प्रतियोगिता की विजेता मेरठ की टीम मुख्य अतिथि के साथ। अमृत विचार

मेहताब को प्रदेश में तीसरा व निकहत को मिला 7वां स्थान

बलरामपुर। मदरसा बोर्ड की परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने पर जिले के मेधावियों ने प्रदेश स्तर पर परचम लहराया है। फाजिल में दीनी शिक्षा में महताब हुसैन ने प्रदेश में तीसरा व फारसी में निकहत फातिमा ने सातवां स्थान हासिल किया है। दोनों छात्रों ने अपनी शानदार सफलता से प्रदेश में परचम लहराया है। अरबी में नूर सबा ने जिला टॉप किया है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी यशंवत मौर्य ने बताया कि मदरसा फजले रहमानिया पचपेड़वा में फाजिल के दीनी विषय के छात्र मेहताब हुसैन ने 339 अंक अर्जित करके सूबे में तीसरा स्थान हासिल किया है।

जंगल में मिला युवती का शव, हत्या की आशंका

पलिया कलां, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: गौरीफंटा कोतवाली क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा के निकट जंगल में एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान नहीं हो सकी है। आशंका जताई जा रही है कि युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। हालांकि शव कई दिन पुराना होने के कारण कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं दिख रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

गुरुवार की दोपहर कुछ लोगों ने नेपाल की ढोखा बाजार के सामने भारतीय सीमा में स्थित जंगल में एक नेपाली युवती का शव पड़ा देखा तो सीमा पर सनसनी फैल गई। दोनों देशों के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने शव पड़े होने की सूचना गौरीफंटा पुलिस को दी। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने नेपाल पुलिस व कुछ नेपाली नागरिकों को बुलाकर शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। शव करीब एक हफ्ते पुराना लग रहा है। शव की उम्र करीब 28 साल है। जिस जगह पर शव पड़ा था। वहां पर एक स्टील की थाली भी पड़ी थी। पास में एक नेपाली नोट पड़ा था। मृतक युवती नीली जींस की पैंट और सफेद शर्ट पहने थी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यथा चतुर्भि : कनकं परीक्ष्यते निर्घषणच्छेदन तापताडनै : ।
तथा चतुर्भि : पुरुष : परीक्ष्यते त्यागेन शीलेन गुणेन कर्मणा ॥

घिसने, काटने, तापने और पीटने, इन चार प्रकारों से जैसे सोने का परीक्षण होता है, इसी प्रकार त्याग, शील, गुण, एवं कर्मों से पुरुष की परीक्षा होती है।

संपादकीय

संभावनाशील अर्थव्यवस्था

भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय स्थिरता के परिदृश्य में अगले दशक में वृद्धि की गति को तेज करने की स्थिति में है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चालू वित्त वर्ष में सात फीसदी की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास दर के लिए आरबीआई ने जो अनुमान दिया है वो जानकर राहत मिल सकती है। महत्वपूर्ण है कि यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार होगी। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 वित्त वर्ष) में मजबूत गति से विस्तार किया जिससे वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई है। यह 2022-23 में सात प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरे वर्ष सात प्रतिशत या उससे अधिक रही। ग्रामीण और शहरी परिदृश्यों में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, वृद्धिशील विकास में बढ़ोतरी हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक गति में डीजल की खपत और दोपहिया वाहनों की बिक्री में तेजी देखी जा रही है। दूसरी ओर शहरी आर्थिक गति में यात्री वाहनों की बिक्री, हवाई अड्डे पर यात्री यातायात, जीएसटी संग्रह, क्रेडिट कार्ड लेनदेन, पेट्रोलियम खपत और टोल संग्रह सभी चीजों में सुधार का संकेत है। यानी वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारूपन दिखाया।

भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले दशक में प्रबल एवं प्रत्यास्थी वृद्धि प्रदर्शित की है, जहां यह विश्व स्तर पर 10 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ती हुई 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और भारत जी-20 देशों के बीच सबसे तेजी से विकास करती अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि भू-राजनीतिक तनाव, भू-आर्थिक विखंडन, वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता, अंतर्राष्ट्रीय जिंस की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अनिश्चित मौसमी घटनाक्रम वृद्धि के कम होने तथा मुद्रास्फीति के बढ़ने का जोखिम उत्पन्न करते हैं। भू-राजनीतिक तनाव, जैसे सीमा विवाद और व्यापार संघर्ष, वैश्विक व्यापार पैटर्न को बाधित कर सकते हैं। इसलिए आरबीआई ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था को एआई/एमएल (कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग) प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने के साथ-साथ बार-बार आने वाले जलवायु झटकों से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना होगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन और आगामी सरकार के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के संभावनाशील क्षेत्रों रोजगार के अवसर सृजित करना, निजी निवेश का पुनरुद्धार करना, कृषि सुधार, घरेलू उपभोग को बढ़ावा देना और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

बायोलॉजिकल इंसान की मातृ कथा

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

साढ़े तीन बरस का था। तब मां चली गईं। वह मां होने की संभावना नहीं थीं। उसकी नासूर वाली छाती में भी मुझे अपना बेटा बनाने की संभावनाओं का सपना लिए प्रजननशील रहीं। रोज उनसे बातें करता हूं। जीवित होतीं तो मैं भी कैमरामैन लेकर बार-बार जाता और मां के साथ तस्वीरें खिंचवाकर मीडिया में विज्ञापन के रेट में भी छपवाता। अमेरिका जाता तो वहां भी मां की याद में रोने का अनुष्ठान करता ही। मैं अगर जवान हो गया होता तो मां को कोई काम नहीं करने देता। बाजार में लाइन लगाने तो देता ही नहीं। वह जवानी क्या जो मां को संभावना कहे और डिजिटल क्रांति को वैज्ञानिक आध्यात्मिकता।

हां मैं बॉयोलॉजिकल एनिमल या अंधभक्त जुबान में देहधारी इंसान हूं। आसमान से नहीं टपका। मुझे मां की कोख ने जन्म दिया। यही वैज्ञानिक सच है। नाते रिश्तेदार, डॉक्टर, पास-पड़ोस के लोग गवाह हैं। अभी सुना कोई कह रहा था मुझे शायद मां ने जन्म दिया हो, लेकिन परमात्मा ने भेजा है। उसके भी दस साल पहले मुझे भी परमात्मा ने धरती पर भेजा। नासूर में गलती मां की जिंदगी खत्म होने को थी। कृष्ण भक्त नानी ने वृंदावन में तपस्या की। उन्हें सपने में कृष्ण ने आकर कहा जाओ तुम्हारी बेटी के घर वंश चिराग जलेगा, लेकिन उसे उसकी मां ही जन्म देगी। वह बायोलॉजिकल ट्रुथ होगा। बाई और नानी ने जान दे दी। तब भी मेरे बायोलॉजिकल ट्रुथ में आध्यात्मिकता नहीं आई। परमात्मा की भी इतनी हैसियत नहीं थी कि कह सकें कि इसे इसकी मां पैदा नहीं करेगी।

आध्यात्मिकता सपने में थी। विज्ञान जीवन में रह गया। कोई कह गया है कि मुझे मेरी मां ने शायद पैदा किया हो। मां क्या संभावना होती है? कपूत तो संभावना हो सकता है। किसी ने एंटन चेखव के नाम से सच्ची झूठी कहानी सुनाई थी। रात एक आदमी को प्यास लगी। उसने पानी पिया। बार-बार पिया। चाय पी। काफी पी। दूध पिया। सब पी लिया, लेकिन प्यास नहीं बुझी। फिर शराब पी। तब भी नहीं। प्यासे आदमी में हिंसा भड़कती है, लेकिन इन दिनों खासतौर पर गरीब तबके के लोगों को भी पीने का पानी नहीं मिलने से हिंसा क्यों नहीं भड़क रही है? अचानक उसे सड़क पर एक बच्चा दिखा। उस बच्चे को कैनिबॉल की तरह मारकर उसका खून पी लिया। प्यास तब भी नहीं बुझी। उसे गिरफ्तार कर फांसी पर चढ़ाने हुक्म हुआ। फांसी के तख्ते पर चढ़ रहा था। तब अचानक उसे याद आया। उसने चीखकर कहा। सुनो सब लोगों! मेरी प्यास क्यों नहीं मिट रही?

अब समझ आ गया। मुझे जन्म देते ही मां की मृत्यु हो गई। मैंने उसका स्तनपान नहीं किया। यह मेरी अमिट प्यास है। उसके लिए मर चुकी मां तक संभावना नहीं हो पाई। उसकी देह में प्राण बनी रही। लोग हैं कि मूछों पर ताव देते दाढ़ी पर हाथ फेरते कह लेते हैं कि संभावना है कि शायद मेरी मां ने मुझे पैदा किया हो। अंग्रेजी के विश्व प्रसिद्ध निबंधकार चार्ल्स लैंब मेरे बहुत प्रिय हैं। उनके एक लंबे निबंध 'ड्रीम चिल्ड्रन' याने स्वप्निल शिशु में महाकाव्यों जैसी त्रासद अनुभूतियां भी हैं। दिवास्वप्न देखते लेखक को आसमान में दो बच्चे दिखते हैं। एक लड़का। एक लड़की। दोनों कहते हैं तुमने हमारी मां को धोखा दिया। उससे प्यार किया, लेकिन शादी नहीं की। हमारी मां ने हमें जन्म देने के बाद आत्महत्या कर ली। तुम हमारे हत्यारे पिता हो। मां से ज्यादा हमारे। लेखक पिता पूछता है। आप क्या हैं? वे कहते हैं, हम इंसान होने की संभावनाएं हैं। पानी के बुलबुले हैं। तुम्हारी गोद में आएंगे या हमें छू लोगे तो हम मिट जाएंगे। अस्तित्वहीन हो जाएंगे। मां के लिए संभावनायुक्त बच्चे भी नहीं कहते कि हमारी मां हमारी संभावना मात्र थी।

लैंब की बहन मेरी ने अपनी मां की पागलपन में हत्या की थी। इसलिए आत्मीय रिश्तों के दुनिया के शीर्ष निबंधकार ने सब रिश्तों पर लिखा, लेकिन मां पर नहीं लिखा कि कहीं उसे पढ़कर मेरी बहन पर पागलपन का दौरा न चढ़ जाए। अपनी मां की याद को अपने जेहन से खरोंच डाला लैंब एक महान भाई ने। मां के नहीं होने की टीस उसके ड्रीम चिल्ड्रन जैसे निबंधों में आंखों में आंसुओं को भिगोने लगती हैं। एमए फाइनल के परचे में मैंने लिख दिया था कि लैंब का सबसे बेहतर निबंध तो उसकी मां पर है, जो उसने लिखा ही नहीं। धन्य है वह सहनशील कोख जिसने लैंब में मनुष्य होने की संभावना को पैदा किया। प्रसिद्धि की संभावनाओं के क्षितिज पर जाकर भी वह मां का बायोलॉजिकल बेटा ही तो रहा। मशहूर प्रो. एसआर स्वामीनाथन ने मेरे गलत जवाब के बावजूद मुझे यूनिवर्सिटी में सबसे ज्यादा नंबर दिए थे। मां की याद में छलके दर्द को उकेरती संभावनाओं का निबंध प्रो.स्वामीनाथन को भी उनकी मां की याद दिला गया होगा।

साढ़े तीन बरस का था। तब मां चली गईं। वह मां होने की संभावना नहीं थीं। उसकी नासूर वाली छाती में भी मुझे अपना बेटा बनाने की संभावनाओं का सपना लिए प्रजननशील रहीं। रोज उनसे बातें करता हूं। जीवित होतीं तो मैं भी कैमरामैन लेकर बार-बार जाता और मां के साथ तस्वीरें खिंचवाकर मीडिया में विज्ञापन के रेट में भी छपवाता। अमेरिका जाता तो वहां भी मां की याद में रोने का अनुष्ठान करता ही। मैं अगर जवान हो गया होता तो मां को कोई काम नहीं करने देता। बाजार में लाइन लगाने तो देता ही नहीं। वह जवानी क्या जो मां को संभावना कहे और डिजिटल क्रांति को वैज्ञानिक आध्यात्मिकता।

क्या आईटी सेल के उत्पाद को भी आध्यात्मिकता कह सकते हैं? सुनो रवीश कुमार! मैं भी तुम्हारे रिटायर्ड अंकिलों की उम्र में आ गया हूं। यदि शक करूं शायद मां ने मुझे जन्म दिया होगा तो मेरे घर के लोग पागलखाने में भर्ती कर देंगे। मेरी मां तो संभावना रही होंगी, ऐसा कहने से मनुष्य होने की संभावना क्या बच भी सकती है? अंग्रेजी के बड़े कवि लॉर्ड बॉयरन के लंगड़े होने से शायद उसकी मां लंगड़ा कहकर बुलाती थीं। आक्रोश में बायरन ने सौतेली बहन से ब्याह कर लिया। उद्दाम रोमांस और हिंसक प्रतिहिंसा को समेटे लड़ाई के मैदान में जाकर मर भी गया। किस्सा है परशुराम ने अपनी मां की हत्या कर दी थी। क्या यह आध्यात्मिकता भी है? संसद में 544 बायोलॉजिकल प्रोडक्ट के ऊपर एक आध्यात्मिक शक्तिमान बैठे तो क्या कलियुग सतयुग में बदल जाएगा?

मां मुझे कनक याने सोना कहतीं थीं। मैं जीवन भर पुकार रहा हूं मां! अगर मैं तेरे लिए सोना हूं तो तू मेरे लिए हीरा है। जब मां का नाम हीरा हो तो वह संभावना कैसे हो सकती है? बेटा भले ही मनुष्य होने की असफल संभावना हो। मां तो देवकी थीं जिन्होंने अपने लाल को मथुरा के राजा से निपटने के लिए वृंदावन में जसोदा के पास जेल यातना सहकर भी भेजा था। मां वे थीं जब चाफेकर बंधुओं को मौत की सजा सुनाई गई। तब भीड़ से चीख चीखकर कह रही थीं 'काश! मेरे दो बेटे और होते तो उनकी लाशों को भी तिरंगे झंडे में लिपटा देखकर मेरा मातृत्व धन्य हो जाता। मां की कोख ही इतिहास की जननी होती है। जिसे माता पर भरोसा नहीं हो, वह नफरती तो हो सकता है। आध्यात्मिक कैसे है? मां की बुराई करने वाले को लोग नराधम कहने लगते हैं।

> आध्यात्मिकता सपने में थी। विज्ञान जीवन में रह गया। कोई कह गया है कि मुझे मेरी मां ने शायद पैदा किया हो। मां क्या संभावना होती है? कपूत तो संभावना हो सकता है। किसी ने एंटन चेखव के नाम से सच्ची झूठी कहानी सुनाई थी।

प्रसंगवश

साइबर अपराधों से सावधान

आज के समय में माता-पिता अपने बच्चों को खुशी देने के लिए बड़े से बड़ा समझौता करने को भी तैयार हैं। बच्चों की पढ़ाई को लेकर आज माता-पिता अधिक जागरूक हुए हैं। बच्चा स्कूल जाता है तो माता-पिता को यह सोचकर प्रसन्नता होती है कि उनका बच्चा शारीरिक और मानसिक विकास कर रहा है और प्रतिदिन कुछ न कुछ नया सीख रहा है, लेकिन आज के समय में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के बीच में विलेन की भूमिका निभाते हुए मोबाइल फोन आ गया है। इस छोटे से यंत्र में वह नशा है, जो बड़े-बड़ों को ले डूबता है। फिर बच्चों की क्या बिसात!

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

वे इसके फायदे और नुकसानों का आकलन सही तरीके से नहीं कर पाते हैं। एक बार जब मोबाइल हाथ में आया तो फिर इसका नशा सा छा गया और इसे इसे अपने से दूर कर पाना बहुत मुश्किल लगने लगा। एक समय था जब जन्मदिन के अवसर पर हम माता-पिता से छोटे-छोटे खिलौनों के उपहार की उम्मीद करते थे, पर आज किसी भी बच्चे से पूछिए तो उसे आधुनिक फीचर्स वाला बढ़िया मोबाइल चाहिए होता है। अधिकतर माता-पिता भी बच्चे का यह शौक पूरा कर रहे हैं। आज छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल चलाने में एक्सपर्ट हैं और माता-पिता बहुत ही गर्वानुभूति के साथ दूसरों को यह बात बताते हैं। छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल फोन में वीडियो देखते हुए खाना खाते हैं और लोरी सुनकर सोते हैं। माता-पिता और दादी-नानी की भूमिका खत्म सी हो गई है। वर्तमान समय में माता-पिता की व्यस्तता और बच्चों की आजादी भी बढ़ी है।

आज पुराने समय की तरह न तो बच्चे हर समय निगरानी में रहते हैं और न ही माता-पिता फुर्सत में। महिलाएं घर बाहर दोनों की जिम्मेदारियां निभा रही हैं, जो नौकरी नहीं करतीं, वह भी किसी न किसी सामाजिक गतिविधि में शामिल होने के बहाने घर से बाहर निकलना चाहती हैं। परिणाम स्वरूप बच्चों को अकेले रहने का मौका अधिक मिलता है। ऐसे में उनके व्यवहार में परिवर्तन आ रहा है जिससे उनकी परफॉर्मेंस में भी असर पड़ रहा है और यह बात माता-पिता को तब समझ में आती है जब पानी सिर के ऊपर से गुजर चुका होता है। कई बार बच्चा दबंग वाली छवि अपना लेता है और दूसरे बच्चों से मारपीट करता है तो कई बार वह डरा सहमा रहता है। हम बच्चे के शारीरिक स्वास्थ्य पर तो थोड़ा बहुत ध्यान फिर भी देते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर हमारे यहां ध्यान बहुत कम दिया जाता है और यहां तक कि मानसिक बीमारी को बीमारी ही नहीं माना जाता।

इस संदर्भ में साइबर बुलिंग एक खतरनाक टर्म है। डब्ल्यूएचओ ने भारत सहित लगभग 45 देशों के स्कूली बच्चों के व्यवहार पर एक शोध किया है जिसके अनुसार आज अधिकांश बच्चे सोशल मीडिया में 6-7 घंटे बताते हैं, जो इनके जीवन के लिए खतरा उत्पन्न करता है। ऐसे बच्चे खुद को परिवार और समाज से दूर रखने की कोशिश करते हैं। आज ऑनलाइन गेम का नशा सिर चढ़कर बोल रहा है। अश्लील रील्स और शॉट्स की भरमार है। ब्लू व्हेल चैलेंज, फायर चैलेंज, पास आउट चेलैंज जैसे कई गेम खेलने के दौरान बच्चों ने खुद को नुकसान पहुंचाया है और अपनी अंतरंग तस्वीरें भी शेयर की हैं। जब तक माता-पिता को खबर पहुंचती है, बच्चा इस दलदल में फंस चुका होता है।

हालांकि साइबर क्राइम को लेकर शिकायत करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी है और साथ-साथ स्थानीय थाने के क्राइम ब्रांच ऑफिस में भी शिकायत की जा सकती है। साइबर अपराधों पर धारा 66 ए, बी लागू होती है जिसके तहत तीन साल की जेल की सजा और जुर्माना भी वसूला जाता है। समय-समय पर पुलिस की क्राइम ब्रांच द्वारा साइबर खतरों को लेकर सचेत किया जाता है, पर बच्चों को सदमे से बाहर निकल पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। निष्कर्ष यही कि माता-पिता को भी कुछ प्रतिमान गढ़ने होंगे, बच्चों के सामने कुछ आदर्श रखने होंगे। खुद को मॉडर्न टेक्नोलॉजी से अपडेट रखना जरूरी है, पर स्क्रीन टाइम हमें भी घटाना होगा।

गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। बच्चों के लिए इंडोर एक्टिविटीज की व्यवस्था की जा सकती है और उन्हें घर के छोटे-छोटे कामों में व्यस्त रखा जा सकता है। लंबे समय तक हेडफोन का इस्तेमाल बहरेपन को बढ़ा रहा है। बच्चों की आंखों में मोटे चश्मे लग रहे हैं। टिनिटस और मायोपिया की समस्याएं बढ़ रही हैं। बच्चों को प्रेम पूर्वक नियंत्रण में रखना जरूरी है और यह पता लगाना भी जरूरी है कि एक छोटा सा यंत्र जो हमने उनके हाथों में दिया है, उंगलियों की नन्हीं शरारत उन्हें कहां से कहां ले जा रही है।

विश्व मीडिया की प्रवृत्तिः झूठ का उद्योग

आज की पत्रकारिता तो हम सभी देख ही रहे हैं। हिंदी पत्रकारिता दिवस उस पत्रकारिता को भी याद करने का दिन है। आजादी की लड़ाई के जमाने की वह पत्रकारिता, जो व्यवसाय नहीं, एक जुनून और एक मिशन थी। विज्ञापन निकला-स्वराज्य अखबार को संपादक की आवश्यकता है। वेतन : दो सूखी रोटियां और एक गिलास पानी। ध्यान रहे एक संपादकीय लिखने पर 10 साल की सजा हो सकती है। वह जमाना था, जब भारत की लोक चेतना ज्वालामुखी बन गई थी। आठ लोगों ने एक के बाद एक संपादक का काम संभाला और आठों को जेल-शांतिनारायण भटनागर, रामदास, मोतीलाल वर्मा, प्रकाशानंद सरस्वती, बाबूराम हरि, नंद गोपाल चोपड़ा, लड्डाराम कपूर।

आजादी की लड़ाई पत्रकारिता और साहित्य ने भी लड़ी थी। इलाहाबाद से कर्मयोगी और अभ्युदय पत्र निकलते थे, किंतु एक साप्ताहिक (उर्दू) था - स्वराज्य। इसने तो तहलका मचा दिया था। उसका सिद्धांत वाक्य था- जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं, वह हृदय नहीं वह पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं। प्रचार तंत्र ने झूठ को सच और सच को झूठ बनाकर पैसा कमाया है। आदमी के लिए यह जहर से अधिक विनाशक है। ढिंढोरचीः वे ढिंढोरची हुआ करते थे, ढिंढोरा पीटना उनका काम था, बस्ती में जाकर घंटा, घड़ियाल, ढोल या और कोई वाद्य बजाते थे, ताकि लोग जमा हो जाए, मजमा लग जाए, फिर वे राजा या अपने हाकिम की कही हुई बात को सुना देते थे। आजकल ये काम चैनलों के जिम्मे हो गया है। कोई-कोई मजमेबाज तो हाथ-पैर पीट कर

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> हम लोग तो भारत के मीडिया की ही बात करते रहते हैं, किंतु मीडिया की यह बात विश्व बाजार के साम्राज्य से जुड़ी हुई है।

राजा की बात सुनाता है और कोई बात सुनाते-सुनाते नाचने लगता है। कोई हुड़दंग करता है तो कोई हाहाकार करने लगता है। कभी कभी तू-तू, मैं-मैं होती है तो कभी धामक-धाई हो जाती है। मालिक लोग ढिंढोरची से कहते हैं-रोबै मत, हम तुझे पत्रकार की उपाधि दिलवाए देते हैं, तुझे हम पत्रकारिता का कोई इनाम भी दिलवा देंगे। हम भी इनको ढिंढोरची नहीं पत्रकार कह देंगे, अब काम ढिंढोरची का करते हैं तो क्या हो गया? नेता भी तो डीलर का ही काम करता है, किंतु उसे डीलर कौन कहता है?

हम लोग तो भारत के मीडिया की ही बात करते रहते हैं, किंतु मीडिया की यह बात विश्व बाजार के साम्राज्य से जुड़ी हुई है। जैसे-जैसे विश्व बाजार के साम्राज्य का विस्तार हुआ, वैसे-वैसे विश्व मीडिया का चरित्र बदलता चला गया। यह बात मीडियालेंस के संपादक क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स ने 2006 में ही बतला दी थी। मीडियालेंस के संपादक क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स ने बतलाया था कि संसार का सबसे बड़ा मीडिया साम्राज्य जिस कंपनी का था, उसी की दूसरी कंपनी हथियार बनाने और परमाणु ऊर्जा के उत्पादन के कार्य भी कर रही थी। क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स ने बतलाया था कि आज के पेशेवर मीडिया का दायित्व उन शक्तिशाली लोगों के प्रति है, जो उनकी वित्त व्यवस्था का स्रोत है। आज का मीडिया लोगों को घोटालों, युद्धों, विनाशकारी आपदाओं के इर्दगिर्द अटका कर रखता है।

क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स ने बतलाया कि जनता के जीवन से जुड़े हजारों मुद्दे छिपा दिए जाते हैं। यदि उन कंपनियों के शेयरधारकों को हानि होती हो तो पर्यावरण तक के समाचार गोल कर दिए जाते हैं। उन्होंने इराक का उदाहरण देते हुए लिखा है कि मीडिया पर नरसंहारों की सूचना तक नहीं थी। इस खबर को छिपाया गया कि इराक में 350 टन गोले बिखेर दिए गए थे। क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स कहते हैं कि पेशेवर पत्रकार यह मानकर चलता है कि दुनियां वैसी ही है, जैसी शक्तिशाली और धनाढ्य लोग बतला रहे हैं।

बीबीसी के एक पत्रकार ने तो यह भी स्पष्ट कर दिया कि वे समाचार जिनमें ईराक के दृश्य दिखाए गए थे, इराक के नहीं थे, अपितु पाश्चात्य दुनिया के स्टुडियोज में फिल्माए गए थे जिनमें वह पत्रकार स्वयं भी था। अब किसी को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि मीडिया जनता की आवाज है। आज का मीडिया शक्तिशाली की आवाज है, सत्ता की आवाज है, विश्व बाजार की आवाज है और उसकी बुनियाद केवल और केवल झूठ है। मीडिया झूठ का उद्योग है। झूठ का उत्पादक। झूठ का प्रचारक।

सोशल फोरम

मनुस्मृति में दंड विधान

ऋग्वेद में मनु का उल्लेख मिलता है -विश्वो हिष्मा मनवे विश्ववेदसो, यामथर्वा मनुष्पिता, यान मनुरवृणीता पिता जिसमे मनु को विश्वदेव कहा गया, जो समस्त प्रजाओं के पिता हैं। मनु को मनुष्य जाति का कुलपुरुष अथवा पूर्वपुरुष माना जाता है। मनुष्य से समुदाय बना समुदाय से धीरे-धीरे समाज बना, समाज से राज्य अस्तित्व में आया। मनुस्मृति के सातवें अध्याय के श्लोक तीन में कहा गया कि इस जगत में राजा न होने से सब भय से व्याकुल होते हैं। इसलिए इन सबकी रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा को उत्पन्न किया। राज्य की अवधारणा व्यवस्था के लिए बनी और राजा ईश्वर का प्रतिनिधि माना गया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी जनता जनार्दन रूपी ईश्वर से राज्य और राजा अस्तित्व में आते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाएं जनता जनार्दन रूपी ईश्वर के प्रतिनिधि हैं। मनुस्मृति के सातवें अध्याय के श्लोक चौदह में कहा गया कि राज्य की व्यवस्था लिए राज्य के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्मरूप और ब्रह्म तेजरूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्न कर रखा था। दंड कोई राजा की इच्छा नहीं है। दंड धर्मानुसार ज्ञानपूर्ण तरीके से स्थापित व्यवस्था है। सातवें अध्याय के श्लोक सत्तरह के अनुसार दंड ही राजा, दंड ही पुरुष दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक होता है। ऋषियों ने दंड को ही चारों आश्रमों के साक्षी कहा है।

डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

मनुस्मृति के अनुसार दंड ही राज्य का प्रहरी होता है-दंडः सुप्तेषु जागर्ति-जब दुनिया सोती रहती है तो यह दंड ही जागता रहता है। पंडितों ने इसीलिए दंड को धर्म कहा है -दंड धर्मं विदुर्बुधा। दंड की महत्ता को देखते हुए दंड देने वाले की पात्रता महत्वपूर्ण हो जाती है। सातवें अध्याय में श्लोक छब्बीस में पात्रता के संबंध में कहा गया है कि दंड देने वाले को सत्यवादी, विचार कर काम करने वाला भली प्रकार से धर्म, अर्थ, काम जैसे पुरुषार्थ की बारीकियों का ज्ञाता तथा बुद्धिमान होना चाहिए। इस प्रकार दंड देने वाले की पात्रता महत्वपूर्ण हो जाती है। इसी अध्याय के श्लोक सत्ताईस में कहा गया-यदि राजा भली प्रकार विचार कर दंड देता है तो धर्म, अर्थ, काम की वृद्धि होती है और जो राजा नीच, कामी और अनुचित दंड देने वाला होता है, वह उसी दंड से मारा जाता है।

-फेसबुक वॉल से

मुस्कान अभी तक टैक्स फ्री है

सबेरे-सबेरे टहलते हुए बड़े रोचक नजारे दिखते हैं। दिखते तो हर समय हैं, लेकिन टहलने का काम आमतौर पर सुबह होता है तो उसी समय दिखते हैं। सुबह टहलने निकले तो सामने से एक जोड़ा आता दिखा। उनके अंदाज-ए-टहलाई से लगा कि मियां-बीबी रहे होंगे। साथ-साथ टहलते हुए भी दोनों के बीच इतनी दूरी थी कि उनके बीच से एक पूरा परिवार निकल जाए। कोरोना काल की टहलाई कर थे। दूरी अलबत्ता दो की जगह चार से भी ज्यादा गज हो गई थी। दूसरे जोड़े ने अगल-बगल की दूरी को आगे-पीछे की दूरी में बदल दिया था। पति आगे, पत्नी पीछे। अनुगामिनी सी। ऐसा नहीं कि मियां की स्पीड तेज हो, बीबी की धीमी। दोनों समान गति से एक दूसरे से समान दूरी बनाए टहल रहे थे।

एक आदमी कुत्तों के साथ टहल रहा था। कुत्ते उसके इशारे पर जीभ निकाले इधर-उधर मुंह करते टहल रहे थे। कुत्ते उछल-कूद करते हुए अपनी मर्जी से टहलने का नाटक कर रहे थे, लेकिन चल आदमी के पीछे ही रहे थे। कुत्तों की हरकतें किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के इशारे पर चलती सरकारों सरीखी लग रही थीं, जो नाटक भले अपनी जनता के भलाई का करें, लेकिन नीतियां उन कंपनियों की अनुमति से ही बनाती हैं जिनके चंदे से वे सत्ता में आईं हैं। सरकारें भी एहसान फरामोश होने से परहेज करती हैं। टहलते हुए नहर किनारे चले गए। जगह-जगह छठ पूजा की शुभकामनाओं के होर्डिंग लगे थे जिनको विधायक निधि से बनवाया गया था। ताकतवर जनप्रतिनिधियों की शुभकामनाओं की इतनी भरमार देखकर लगा कि इंच दर इंच पसरी

अनूप शुक्ल
कानपुर

> दुनिया की तमाम आबादी इसी तरह 'दिशा मंडूक' होती है। ऐसे लोग अपनी सोच के कुतुबनुमें तोड़कर अपने नायक के पास धर देते हैं। यह सोचते हुए कि हम क्यों सोचने का काम करें?

शुभकामनाओं के बावजूद कैसे इतना अशुभ होता रहता है। लगता है शुभकामनाओं में मिलावट है। कौन जांच करवाए। नहर के पानी का बहाव हमारे विपरीत था। हमारी सोच में तमाम दिनों से नहर के पानी का बहाव जिधर अंकित है, वास्तव में पानी उसकी उल्टी तरफ बहता है। जब भी पानी देखते हैं, बहाव की दिशा दिमाग में दुरुस्त करते हैं, लेकिन अगली बार फिर लगता है कि पानी उल्टी तरफ बह रहा है। दिमाग में नहर के पानी की दिशा 'सेव' नहीं होती। यह बात देश-दुनिया पर भी लागू होती है। दुनिया चाहे जिधर जा रही हो, लेकिन लोग उसको अपनी सोची हुई दिशा में जाते ही देखते हैं।

दुनिया की तमाम आबादी इसी तरह 'दिशा मंडूक' होती है। ऐसे लोग अपनी सोच के कुतुबनुमें तोड़कर अपने नायक के पास धर देते हैं। यह सोचते हुए कि हम क्यों सोचने का काम करें? जो करेगा यही करेगा, इसको नायक बना लिया, हमारा काम खत्म। उनको पता नहीं होता कि उनका नायक भी अपनी अक्क़ल का कुतुबनुमा किसी और के पास रखकर आया है। थोड़ी दूर तक पक्की सड़क के बाद कच्ची जमीन और पगडंडी शुरू हो गई। लगा किसी जंगल में आ गए। दाईं तरफ एक आदमी उकड़ू बैठा अपने सामने मोबाइल का पर्दा लगाए निपटने में तल्लीन था। उसकी साइकिल बगल में खड़ी थी। सामने पनकी पावर हाउस की चिमनी धुंआ उगल रही थी।

लौटते में एक जगह कुछ लोग खड़े दिखे। हम उनके बगल से होते हुए अंदर हो गए। देखा सड़क किनारे तरण ताल बना था। पानी अलबत्ता नहीं था। आधे में घास उगी थी, आधा सूखा था तरण ताल। सूखे सीमेंट वाले हिस्से में कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तरण ताल के किनारे कुछ लोग जिनमें अधिकांश बुजुर्ग थे, बाबा रामदेव घराने की एक्सरसाइज करने में जुटे थे। एक बुजुर्ग अपने पेट को इतनी तेजी से घुमा रहे थे कि हमको डर लगा कहीं उनके पेट की चूड़ियां न खुल जाएं। बगल में शाखा का झंडा लगा था। किसी ने कहा कि झंडा उतारने की जिम्मेदारी जिसकी है वह तो दौरे पर गया है। बुजुर्ग लोग ही दिखे वहां। लगता है इस वाली शाखा में युवा लोग कम आते हैं। झंडे की बात आगे बढ़ी तो किसी ने कहा -"हमारा समर्थन नहीं चाहिए अब उनको।" बात और भी आगे बढ़ी। कुछ हंसने लगे तो कुछ बतियाने। उनकी बातें सुनते हुए लगा कि सोशल मीडिया में चलने वाली बहसें हमारे आस-पास भी कितनी तेजी से पसरती हैं। रास्ते में तमाम जान-पहचान के लोग मिले। कई लोगों ने नमस्ते किया। हमने भी किया। कई लोगों के नाम हमको नहीं पता। पूछने की हिम्मत भी नहीं होती। डर लगता है कि अगला सोचेगा कि पचीसों नमस्ते डकारने के बाद अब नाम पूछ रहा है। सड़क किनारे आदमी तेजी से टहलते हुए अचानक उल्टे चलने लगा। ऐसा लगा जैसे कोई विकास की बात करता हुआ नेता अचानक कहे-"प्यारे देश वासियों, मैं आपको स्वर्णिम अतीत में ले चलता हूं, जो मजा वहां है वो यहां नहीं मिलेगा।" हमारे देखते-देखते वह आदमी फिर पलट गया और सीधे चलने लगा।

लोग अपने नेताओं से कितना कुछ सीखते हैं। आगे एक महिला सड़क के बीच के डिवाइडर पर बैठी दूसरी महिला से बतिया रही थी, जो कि डिवाइडर के नीचे सड़क पर बेतकुल्फ़ी से फसक्का मारकर बैठी थी। सड़क से गुजरते वाहन उससे बचते हुए निकलते जा रहे थे। एक बच्ची सड़क पर रनिंग करती जा रही थी। धीरे-धीरे। एक आदमी उसके बगल में साइकिल चलाते हुए उसको कुछ निर्देश दे रहा था। बच्ची उसके निर्देशों को चुपचाप सुनते हुए दौड़ती जा रही थी। क्या पता कल को किसी अखबार में बच्ची इंटरव्यू देते हुए कहे-"मैंने अपने दौड़ने का अभ्यास अर्मापुर में किया था। रोज दौड़ती थी मैं।"

लौटते हुए सूरज भाई आसमान से मुस्कराते हुए गुडमार्निंग कर रहे थे। उनकी देखा-देखी सड़क किनारे के अमलताश और गुलमोहर भी सुप्रभात करने लगे। हमने भी कर दिया। दोनों मुस्कराने लगे। सबकी मुस्कान को याद करके अपन भी मुस्करा रहे हैं। मुस्कान अभी तक टैक्स फ्री है। आप भी मुस्करा लीजिए।

एक नजर

गेम जोन में आग मामले में चार अधिकारी गिरफ्तार

राजकोट। गुजरात में राजकोट पुलिस ने गुरुवार को टीआरपी गेम जोन में पिछले सप्ताह लगी भीषण आग के सिलसिले में एक नगर नियोजन अधिकारी (टीपीओ) सहित चार सरकारी अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। आग लगने से हुए हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि टीपीओ एमडी सागथिया, सहायक टीपीओ मुकेश मकवाना और गौतम जोशी तथा कलावड रोड अग्निशमन केंद्र के पूर्व स्टेशन अधिकारी रोहित विगोरा को गिरफ्तार किया गया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक विकास सहाय ने चार सरकारी अधिकारियों को गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि की। सरकार ने जोशी और विगोरा को पहले ही निलंबित कर दिया था। इस मामले में अब तक कम से कम नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

अमृतसर में हेरोइन के साथ ड्रोन बरामद

जालंधर। बीएसएफ ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र से 550 ग्राम हेरोइन और एक ड्रोन बरामद किया है। प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर जिले के रोरनवाला खुर्द गांव के बाहरी इलाके से संदिग्ध हेरोइन के एक पैकेट के साथ 1 ड्रोन को बरामद किया। मादक पदार्थ पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटे हुए थे। बरामद ड्रोन की पहचान चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक के रूप में की गयी है।

दुकान में एलपीजी सिलेंडर विस्फोट में छह घायल

तिरुनेलवेली (तमिलनाडु)। तमिलनाडु में तिरुनेलवेली के वडक्कू रथ वीधी में गुरुवार शाम एक समोसे की दुकान में एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट हो जाने से छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सिलेंडर विस्फोट के बाद लगी आग से दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गई। दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। घायलों को तिरुनेलवेली मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

राम मंदिर बनने से कांग्रेस में शोक की लहर : योगी

हमीरपुर लोस और बड़सर विस क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित

हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश), एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से कांग्रेस में शोक की लहर व्याप्त हो गयी है। बिझड़ी में हमीरपुर लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी अनुराग ठाकुर और बड़सर विधानसभा के लिए हो रहे उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 500 साल का इंतजार समाप्त हुआ है। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए हैं। जब पूरी दुनिया प्रफुल्लित थी, हर सनातनधर्मी अभिभूत था तब

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

कांग्रेस में शोक की लहर थी। कांग्रेस ने अयोध्या का आमंत्रण ठुकरा दिया था। आज भी उनके बुद्धिदाता कहते हैं कि अयोध्या में राममंदिर का निर्माण नहीं होना चाहिए था, इनके सहयोगी राममंदिर को बेकार बताते हैं। उन्होंने कहा, दरअसल, कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग का दस्तावेज है। ये देश में शरिया कानून थोपना चाहते हैं और तालिबानी व्यवस्था लागू करना चाहते हैं। अगर ऐसा हुआ तो बेटियां स्कूल नहीं जा पाएंगी और महिलाओं को बुर्का पहनकर घरों में कैद रहना पड़ेगा। ये देश पर विरासत टैक्स के नाम पर जजिया कर लगाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, औरंगजेब के रास्ते पर चलने वालों को मेरा बुलडोजर हमेशा के लिए दफन कर देगा। ये देश बाबा साहेब के संविधान से चलेगा न कि शरिया कानून से। जबसे राममंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई है कांग्रेस में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवों और वीरों की भूमि है। यहां प्रकृति और परमात्मा की कृपा है। यह सबको आरोग्यता प्रदान करती है और देवत्व का अहसास कराती है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

मादक पदार्थ व रेत माफिया का अड्डा बन गया है पंजाब

लुधियाना (पंजाब)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पंजाब की आप सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पंजाब भूमि, मादक पदार्थ और रेत माफिया का अड्डा बन गया है। इनके खात्मे पर जोर देते हुए आदित्यनाथ ने एक जून को होने वाले चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील की। लुधियाना से रवनीत सिंह बिट्टू की रैली में उन्होंने कहा कि पंजाब की पवित्र भूमि को आप और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अपवित्र कर दिया है।

भाजपा तीसरी बार केंद्र की सत्ता में नहीं लौटेगी : ममता

- मुख्यमंत्री ने यादवपुर और दक्षिण कोलकाता लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में किया रोड शो

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार तीसरी बार सत्ता में नहीं लौटेगी। यादवपुर और दक्षिण कोलकाता लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 12 किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा, यदि मतगणना प्रक्रिया सही ढंग से हुई तो ऐसी संभावना है कि भाजपा इस बार सत्ता में वापसी नहीं कर पायेगी।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के पद का एक खास महत्व है और इसकी संवैधानिक जिम्मेदारियां हैं, लेकिन भाजपा को इसकी परवाह नहीं है। हर बार मतगणना से पहले वह 48 घंटे तक प्रचार पाने के लिए कहीं न कहीं बैठ जाते हैं। वे ध्यान लगा सकते हैं, लेकिन कैमरों की मौजूदगी में ही ऐसा क्यों? तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुरुवार को लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के समापन के बाद कन्याकुमारी में रॉक मेमोरियल में निर्धारित ध्यान कार्यक्रम का जिक्र कर रही थीं। कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में प्रचार के बाद भी मोदी ने केदारनाथ के निकट एक गुफा में ध्यान लगाया था और अबकी बार भी कुछ ऐसा ही कर रहे हैं।

1 जून को लोकसभा चुनाव में 7वें और अंतिम चरण का मतदान होगा। गुरुवार को चुनाव प्रचार भी समाप्त हो गया। इसी क्रम में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वाराणसी के नमो घाट पर रेत कला कृति बनाई गई है। ● एजेंसी

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा सरकार पर दिल्ली का पानी रोकने का लगाया आरोप

अपने हिस्से का पानी लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

- जल संकट को देखते हुए दिल्ली सरकार ने बताया वाटर टैंकर वॉर रूम, पानी की बर्बादी रोकने को लगाईं 200 टीमें

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी की मांग को लेकर हो रही बातचीत का हरियाणा सरकार पर कोई असर नहीं पड़ने की वजह से केजरीवाल सरकार ने अब उच्चतम न्यायालय जाने का निर्णय लिया है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के हिस्से की पानी की मांग को लेकर हम शीर्ष अदालत जा रहे हैं।

हरियाणा सरकार द्वारा यमुना में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ रहा है। इस वजह से दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। इससे निपटने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरकार ने वॉटर टैंकर वॉर रूम बनाया है, जहां से दिल्लीवासी 1916 पर कॉल कर पानी के टैंकर मंगा सकते हैं। पानी की बर्बादी रोकने के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजीबी) की 200 टीमें बनाई गई है। पाइप से कार धोने पर 2000 रुपये का जुर्माना लगाने की चेतावनी भी लोगों को दी है।

जानकारी देतीं दिल्ली की मंत्री आतिशी। साथ में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज।

आतिशी ने कहा कि दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से पानी का संकट बना हुआ है। दिल्ली के कुछ हिस्सों में पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं आ रही है। इस समस्या का मुख्य कारण हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी यमुना में नहीं छोड़ा जाना है। सबको पता है कि दिल्ली पानी के लिए काफी हद तक यमुना पर निर्भर है।

यमुना के पानी से दिल्ली के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट चलते हैं। दिल्ली सरकार पानी के मसले को लेकर उच्चतम न्यायालय का रुख कर रही है। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अगर आस-पास के राज्य दिल्ली को थोड़े दिनों के लिए पानी दे दें, ताकि दिल्ली से पानी का यह संकट दूर हो सके।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के छह अधिकारियों पर मामला दर्ज

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के खाते से लगभग 94.73 करोड़ रुपये कथित रूप से अन्य बैंक खातों में भेजकर धोखाधड़ी करने के आरोप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के छह अधिकारियों के खिलाफ गुरुवार को मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई निगम के एक अधिकारी द्वारा रविवार को आत्महत्या करने के बाद की गई है।

मृतक ने एक नोट छोड़ा है जिसमें उसने प्रबंध निदेशक जे जी पद्मनाभ, लेखा अधिकारी परशुराम जी दुरुगन्नवर और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य प्रबंधक सुचिस्मिता रावल का नाम लिखा था। निगम के महाप्रबंधक ए. राजशेखर ने 28 मई को

- कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के खाते से लगभग 94.73 करोड़ रुपये अन्य खातों में भेजे

दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एमजी रोड शाखा के शीर्ष प्रबंधन और अन्य तृतीय पक्षों की संलिप्तता वाली गंभीर धोखाधड़ी की गतिविधियों ने संगठन की प्रतिष्ठा और वित्तीय व्यवस्था को हानि पहुंचाई है। उन्होंने बताया कि निगम ने 19 फरवरी को अपना खाता राष्ट्रीय बैंक के वसंतनगर शाखा से एमजी रोड शाखा में स्थानांतरित किया था।

मेधा पाटकर की सजा पर अदालत ने पूरी की सुनवाई

नई दिल्ली। यहां की एक अदालत ने गुरुवार को मानहानि के मामले में सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर की सजा पर सुनवाई पूरी कर ली। यह मानहानि का मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उनके खिलाफ दर्ज कराया, जब वह गुजरात में एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के प्रमुख थे। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर को आपराधिक मानहानि का दोषी ठहराया है और

- दिल्ली के उपराज्यपाल ने दर्ज कराया था मानहानि का मामला

दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण से पीड़ित पर प्रभाव रिपोर्ट (वीआईआर) जमा करने को कहा है। अदालत में बहस के दौरान सक्सेना के वकील ने पाटकर के लिए अधिकतम सजा की मांग करते हुए कहा कि एक नजीर स्थापित करने की जरूरत है। इस अपराध के लिए अधिकतम दो साल तक की साधारण कैद या जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। सक्सेना के वकील ने कहा कि पाटकर ने 2006 में उसी प्रकृति का दोहरा अपराध किया था। मामले की अगली सुनवाई सात जून होगी।

कोटा में दो नवजात की मौत मामले में 14 चिकित्साकर्मियों पर कार्रवाई

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान के कोटा के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में दो नवजात शिशुओं की मौत के मामले में चिकित्सा विभाग ने 14 चिकित्साकर्मियों के खिलाफ नोटिस जारी किया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि सुकेत सीएचसी में चिकित्साकर्मियों की लापरवाही से दो नवजात शिशुओं की मृत्यु का प्रकरण सामने आया है, ऐसे में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (कोटा जोन) के संयुक्त निदेशक से तत्काल जांच करवाकर सख्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा कर्मियों की लापरवाही सामने आयी। उन्होंने कहा कि विभाग ने 14 चिकित्साकर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

- अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया नोटिस

जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि अपनी मर्जी से अनुपस्थित रही महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता चंद्रावती शर्मा को तत्काल निलंबित कर दिया गया है और बीसीएमओ डॉ. रईस खान को पर्यवेक्षणीय लापरवाही एवं राज्य सरकार के आदेशों की अवहेलना पर एपीओ किया गया है। सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. अर्पित गुप्ता को बिना अवकाश स्वीकृत कराए ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया है । इसी तरह प्रसविका पुष्पलता सक्सेना तथा नर्सिंग ऑफिसर बजरंग लाल मीणा, हेमन्त चौधरी, राहुल शर्मा, आशिक, फराज बेग, विजय कुमार पंचोली, नितेश वर्मा एवं तुषार यादव को भी कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

खरगे के दावे पर सिंधिया का तंज बोले-सबको सपने देखने का हक

इंदौर (मध्यप्रदेश)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के देश में चार जून को नई वैकल्पिक सरकार के वजूद में आने के दावे पर तंज कसते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को कहा कि हर व्यक्ति और दल को सपने देखने का पूरा हक है।

खरगे ने एक बयान में कहा था कि उन्हें विश्वास है कि देश के मतदाता चार जून को मतगणना के दौरान नई वैकल्पिक सरकार का जनादेश देंगे। खरगे के इस बयान पर प्रतिक्रिया जताते हुए सिंधिया ने इंदौर में कहा, हर व्यक्ति और हर दल को सपने देखने का संपूर्ण हक है। लोगों ने अपना जनादेश दे दिया है। पूरे देश के 140 करोड़ लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त कर चुके हैं।

सिंधिया ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस बार भारतीय जनता पार्टी और इस दल की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग), दोनों चुनावी जीत का नया कीर्तिमान रचेंगे।

आजम खां के भड़काऊ भाषण मामले में ट्रायल कोर्ट के रिकार्ड किए तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- पिछले लोस चुनाव के दौरान सपा नेता ने दिया था भड़काऊ भाषण

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सपा नेता आजम खां के भड़काऊ भाषण मामले में ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड तलब किए हैं, साथ ही अपर महाधिवक्ता ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा है।

कोर्ट ने महाधिवक्ता का अनुरोध स्वीकार करते हुए मामले को आगामी 5 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने मोहम्मद आजम खां की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान रामपुर के धमौरा विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आजम खान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणियों के साथ ही उच्च पदासीन अधिकारियों के विरुद्ध अनर्गल शब्दों का प्रयोग करते हुए व्यक्तिगत आक्षेप किये, जिससे वे उत्तेजित हो जाएं।

इसके साथ ही आजम खां ने चुनाव आयोग के निर्देशानुसार लगाए गए वीडियोग्राफर के कार्य में भी व्यवधान उत्पन्न किया। निर्वाचन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाए गए सुरक्षा बलों तथा पुलिस के विरुद्ध भी भड़काऊ भाषण दिया और निर्वाचन आयोग के खिलाफ भी टिप्पणी की, जो खुले तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन है। इस पर अनिल कुमार चौहान ने 10 अप्रैल 2019 को पुलिस स्टेशन शहजाद नगर, रामपुर में आईपीसी तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई।

नैनीताल में देर रात तेज बारिश के साथ गिरे ओले

नैनीताल में बारिश के दौरान ओले गिरने से सड़क पर बिछी सफेद चादर।

संवाददाता, नैनीताल/हल्द्वानी

अमृत विचार : गुरुवार की देर रात नैनीताल में तेज बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि हुई। तेज गर्जन के साथ आई बारिश से नगर की बिजली आपूर्ति कुछ देर के लिए ठप हो गई। झमाझम बारिश होने से लोगों को काफी राहत मिली। इधर, गुरुवार को हल्द्वानी शहर का अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस रहा। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि 1 जून को राज्य में सभी जगहों में बारिश हो सकती है, लेकिन पर्वतीय जिलों में कई स्थानों पर 10 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है।

उत्तराखंड स्थित केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने के बाद से ही दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। दर्शन-पूजन के लिए गुरुवार को भी यहां पर हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी। : एजेंसी

भालू ने हमला कर युवक को मार डाला

ब्यूरो, देहरादून

- रैथल गांव की घटना, दो किमी दूर चट्टानों के बीच मिला शव

अमृत विचार : उत्तरकाशी जिले में भटवाड़ी में भालू ने एक युवक पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। युवक का शव गांव से करीब दो किमी दूर चट्टानों के बीच मिला।

भटवाड़ी के रैथल गांव निवासी अजय राणा (33) पुत्र देवेंद्र सिंह राणा गत बुधवार सुबह बकरियां चराने जंगल गया था। शाम तक वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। बृहस्पतिवार सुबह अजय का शव गांव से करीब दो किमी दूर चट्टानों के बीच पड़ा मिला। जिसकी सूचना वन क्षेत्राधिकारी टकनौर रेंज रूपमोहन नौटियाल को दी गई। इसके बाद वन विभाग की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद शव को चट्टान के बीच से निकाला। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि युवक के शव पर भालू के पंजों के निशान हैं। सिर को भी भालू ने हमला कर क्षत-विक्षत किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि भालू युवक को घसीट कर चट्टान में ले गया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच कर जल्द ही रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

कैंचीधाम आकर अभिभूत हो गया हूं : उप राष्ट्रपति

ब्यूरो नैनीताल/भवाली

अमृत विचार : उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को सपरिवार एक दिवसीय दौरे पर भवाली पहुंचे। उन्होंने सपरिवार कैंचीधाम बाबा नीब करौरी के दर्शन और विधि विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने राम शिला में पूजा की और ध्यान भी लगाया और देश की प्रगति व खुशहाली की कामना की।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी और बेटा भी मौजूद रहे। बाबा के धाम पहुंचने पर उप राष्ट्रपति ने बाबा नीब करौरी महाराज की तपस्या स्थली पर बैठकर पूजा

आश्रम में पूजा अर्चना करते उपराष्ट्रपति व उनकी पत्नी सुदेश धनखड़।

अर्चना की। उन्होंने पूरे धाम का भ्रमण किया। मंदिर समिति के लोगों ने बाबा के जीवन के बारे में उप राष्ट्रपति को बताया। साथ ही उनके द्वारा किए गए चमत्कारों और विगत वर्षों में हुए क्षेत्र में विकास और बाबा के प्रति आस्था की जानकारी दी। उप राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि में बाबा के दर्शन करके अभिभूत हैं। ऐसे स्थानों पर दिल, दिमाग और आत्मा को शांति मिलती है। ऐसे स्थान पर आकर व्यक्ति

- उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सपत्निक भवाली में बाबा नीब करौरी के किए दर्शन

का अपनी आत्मा से परिचय होता है। दिल, दिमाग और आत्मा में समीकरण बनने के बाद व्यक्ति खुद की पहचान कर पाता है।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत महापुरुषों की भूमि है। हाल ही के काल खंड में आध्यात्मिक स्थलों के रखरखाव को लेकर सराहनीय काम हो रहे हैं जिससे राष्ट्र समर्पण की भावना में बढ़ोतरी हो रही है। भारत संस्कृति और अध्यात्म से जुड़ा देश है। जी-20 समिट में विश्व के देशों ने भारत की सांस्कृतिक विरासत और क्षमताओं को जाना है। विश्व आज जिन समस्याओं से जूझ रहा है, भारत की सांस्कृतिक विरासत उन समस्याओं से पार पाने में कारगर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति दुनिया में बेमिसाल है।

वर्तमान में भारत 'वन फैमिली, वन फ्यूचर, वन अर्थ' के उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रहा है। इस अवसर कैंचीधाम मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने उप राष्ट्रपति को बाबा की प्रतिमा देकर अभिनंदन किया। इससे पूर्व हेलीपैड पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने उनका स्वागत एवं अभिवादन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, एडीजी अमित सिन्हा, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, डीआईजी डा. योगेंद्र रावत उपस्थित रहे।

चारधाम यात्रा में वीआईपी दर्शन पर 10 जून तक रोक

देहरादून , अमृत विचार : चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की लगातार उमड़ रही भीड़ के चलते व्यवस्था लड़खड़ा रही है। इसके मद्देनजर सरकार ने चारधाम यात्रा में 10 जून तक वीआईपी दर्शन पर रोक लगा दी है। चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ व व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते दिनों यात्रा से जुड़े जिलों के अफसरों के साथ मीटिंग की थी। मुख्यमंत्री ने यात्रा मार्गों की धारण क्षमता का आंकलन करने के निर्देश दिए थे। अब मुख्यमंत्री के निर्देश पर चारधाम यात्रा में आगामी 10 जून तक रोक लगा दी है। उन्होंने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को इस संबंध में पत्र भेजा है।

एक नजर

आंधी-पानी में दीवार गिरी, एक की मौत, चार घायल

पुवायां, अमृत विचार : आंधी के साथ आई बारिश में दीवार गिरने से दबकर बारह वर्षीय बालक की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। गुरुवार को पुवायां इलाके में तेज आंधी तूफान के साथ बरसात और ओलावृष्टि हुई। तूफान के दौरान सतवां गांव में टिनशेड व दीवार गिर गई जिसके नीचे दबकर गांव के रामनरेश के 12 वर्षीय पुत्र सूरज की मौत हो गयी। जबकि मुनेश, इंद्रेश, अर्पित, सोनू घायल हो गये। मुनेश, इंद्रेश, अर्पित को अस्पताल भेजा गया है। तहसीलदार मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सतवां गांव में आंधी पानी के दौरान एक बच्चे की मौत की सूचना मिली थी। इसके बाद लेखपाल अनुराग को मौके पर भेजा गया है, जिनकी जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिवार को मुआवजा व घायलों के इलाज के लिए सहायता राशि दी जाएगी।

कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में आज भी जारी रहेगी सुनवाई

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में गुरुवार को मुस्लिम पक्ष की ओर से उपस्थित अधिवक्ता तसलीमा अजीज अहमदी ने कहा कि यह वाद वक्फ अधिनियम और पूजा स्थल अधिनियम के प्रावधानों से बाधित है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष चल रही है। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई शुक्रवार को भी जारी रखने का निर्देश दिया। दूसरी ओर, हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने इन दलीलों का यह कहते हुए विरोध किया कि यहां जो भी दलीलें दी जा रही हैं, वह पहले कई बार दी जा चुकी हैं और इसमें कुछ नया नहीं है, बल्कि अदालत के समय की बर्बादी है। हालांकि, अदालत ने अहमदी को बहस जारी रखने की अनुमति दी। यह विवाद मुगल सम्राट औरंगजेब के समय मथुरा में स्थापित शाही ईदगाह मस्जिद से जुड़ा है, जिसका निर्माण कथित तौर पर भगवान कृष्ण के जन्मस्थान पर एक मंदिर को तोड़ने के बाद किया गया था।

राजनाथ ने राहुल गांधी के पूर्ववर्ती सरकारों के गरीब एवं पिछड़ा-विरोधी संबंधी बयान पर कसा तंज, बोले

कोई समझदार व्यक्ति होता तो कांग्रेस को ठोकर मार देता

कुशीनगर, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर अपनी ही दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पिता राजीव गांधी की सरकारों को 'पिछड़ा-विरोधी' करार देने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को कहा कि कोई भी समझदार व्यक्ति ऐसी कांग्रेस को ठोकर मार देगा।

रक्षा मंत्री ने कुशीनगर में आयोजित एक चुनावी रैली में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों- कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि हमारे परिवार में प्रधानमंत्री कई रहे, परदादा (जवाहर लाल नेहरू), दादी (इंदिरा गांधी) और पिताजी (राजीव गांधी)। मैंने सिस्टम को बहुत नजदीक से देखा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऐसा कहकर उन्होंने बहुत कुछ स्वीकार कर लिया है। सिंह ने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि तब का सिस्टम पिछड़ा-विरोधी और गरीब-विरोधी था। यानी (राहुल)

कुशीनगर में जनसभा को संबोधित करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

▸▸ रक्षा मंत्री ने कुशीनगर में जनसभा को किया संबोधित

अपने ही परदादा, दादी और पिताजी की सरकार को कह रहे हैं कि उस समय का सिस्टम पिछड़ा और गरीब विरोधी था। ये बातें खुद राहुल गांधी कर रहे हैं, यानी वह स्वीकार कर रहे हैं कि उनकी सरकार दलित, गरीब और पिछड़े वर्ग की विरोधी थी। बताइए क्या ऐसा नेता आपने कहीं देखा है? अजीबोगरीब नेता हैं। सिंह ने बगल में ही बैठे पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए आरपीएन सिंह से मुखातिब होते हुए कहा कि कोई भी समझदार पुरुष होगा तो ऐसी कांग्रेस को ठोकर मार देगा। रक्षा मंत्री ने दावा किया कि हम हिंदू-मुसलमान की राजनीति नहीं करते। हम सबको भारत का नागरिक मानते हैं। चाहे हिंदू हो, मुसलमान हो, ईसाई हो... हम कभी भेदभाव नहीं करते और न ही हमारे प्रधानमंत्री कभी ऐसा करते हैं। हमारी पार्टी के विचारधारा भी ऐसी नहीं है। विपक्ष हमारे बारे में गलतफहमी पैदा करता है। उन्होंने कहा कि हम धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे। मुस्लिम समाज में भी जो लोग गरीब हैं उनके लिए तो आरक्षण की व्यवस्था पहले से ही चली आ रही है। आप (विपक्ष) कहते हैं कि धर्म के आधार पर आरक्षण देंगे। यह पूरी तरह से असंवैधानिक है।

मेरठ : पुलिस दल पर हमला होमगार्ड जवान की टांग टूटी

मेरठ, एजेंसी

जिले के लिसाड़ीगेट क्षेत्र में गुरुवार को दो पक्षों के बीच झगड़ा हो जाने की सूचना पाकर पहुंची पुलिस पर एक पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। इस घटना में होमगार्ड के एक जवान की टांग टूट गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि लिसाड़ीगेट थाना क्षेत्र के लिसाड़ी गांव में दो पक्षों के बीच झगड़े की सूचना पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे जिनपर एक पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। सिंह ने बताया कि इस घटना में होमगार्ड के एक जवान के पैर की हड्डी टूट गई जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उन्होंने बताया कि पुलिस पर हमले की सूचना मिलने पर इलाके के पुलिस क्षेत्राधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उनके अनुसार पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। सिंह का कहना है कि घटना में शामिल शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों के घर में खड़े ट्रैक्टर और दूसरे वाहनों को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

नाबालिग के धर्मांतरण के आरोपी को जमानत से इनकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मानसिक रूप से विक्षिप्त नाबालिग लड़के को बहला-फुसलाकर जबरन धर्मांतरण करने के उद्देश्य से मदरसे में रखने के आरोपी मौलवी को जमानत देने से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने मौलवी को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ विशेष आरोप है और पीड़ित ने भी सीआरपीसी की धारा 161 के तहत अपने बयान में उसके खिलाफ आरोपों का समर्थन किया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने मौलवी सैयद शाद काजमी उर्फ मोहम्मद शाद की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। हालांकि याची के अधिवक्ता का तर्क है कि उसे झूठे आरोपों के आधार पर फंसाया गया है। कथित पीड़ित मानसिक रूप से विक्षिप्त था। याची ने उसे कभी भी धर्मांतरण के लिए विवश नहीं किया।

दूसरी ओर सरकारी व्यवस्था ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि याची मस्जिद में मौलवी है, जिसने न केवल शिकायतकर्ता के मानसिक रूप से विक्षिप्त नाबालिग बेटे को अपना धर्म बदलने के लिए बहलाया बल्कि उसे बदलने के लिए जबरन मदरसे में भी रखा और उसका धर्म परिवर्तन करा दिया, जिस कारण 17 फरवरी 2024 को आईपीसी और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की विभिन्न धाराओं के तहत नौबस्ता थाना, कानपुर नगर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। अंत में कोर्ट ने आरोपों की गंभीरता और प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया।

▸▸ कानपुर के नौबस्ता थाना में दर्ज कराई गई थी प्राथमिकी

धर्मांतरण की आरोपी शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दसवीं कक्षा के एक छात्र के साथ यौन संबंध बनाने तथा जबरन धर्मांतरण कराने की आरोपी शिक्षिका को राहत देते हुए कहा कि धर्मांतरण जैसे गंभीर आरोप लगाने की परंपरा आजकल सबक सिखाने और परेशान करने के उद्देश्य से विकृत रूप लेती जा रही है। उक्त टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ ने आईपीसी, उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम तथा पोक्सो अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज मामले में आरोपी शिक्षिका की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। बता दें कि मौजूदा मामले में कोर्ट ने उक्त स्कूल के प्रिंसिपल को पहले ही राहत दे दी है। बहस के दौरान कोर्ट को याची के अधिवक्ता ने बताया कि जांच में पता चला कि शिक्षिका के खिलाफ छात्र के आरोप मनगढ़ंत थे। उसने डांस कांप्टीशन के दौरान शिक्षिका का मोबाइल नंबर हासिल किया और फर्जी आईडी बनाकर चैटिंग शुरू कर दी। मामला उजागर होने के बाद उसने शिक्षिका पर ही जबरन धर्मांतरण और यौन संबंध बनाने के आरोप लगाये। हालांकि कोर्ट ने जांच रिपोर्ट में पाया कि छात्र नाबालिग होने के बावजूद मानसिक रूप से मजबूत है और दूसरों पर हावी होने वाली प्रकृति का है। इस कारण कोर्ट ने उक्त याचिका पर सरकार से जवाब तलब करते हुए याची के खिलाफ किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्यवाही पर रोक लगा दी है और मामले को आगामी 10 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है, साथ ही कानपुर के पुलिस आयुक्त को उक्त जांच साइबर सेल को सौंपने का निर्देश दिया है।

बुंदेलखंड विवि में भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं पर जवाब-तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन द्वारा अपनाई गई भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के संबंध में निजी विपक्षियों/विभिन्न प्रोफेसरों को नोटिस जारी कर उन्हें सुनवाई की अगली तारीख यानी 11 जुलाई 2024 तक अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने रेखा लगरखा की याचिका पर सुनवाई करने के दौरान पारित किया। मालूम हो कि याचिका में आरोप लगाया गया है कि कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडेय ने रजिस्ट्रार, वित्त अधिकारी और विश्वविद्यालय के कुछ प्रोफेसरों के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के कोष से 40 करोड़ रुपये की हेराफेरी की है। बीएड परीक्षा 2023 से धन एकत्र कर इसे कुलपति और एक प्रोफेसर के निजी संयुक्त खाते में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके साथ ही एनएएसी दौरे के उद्देश्य से 150 करोड़ रुपए के दुरुपयोग के बारे में भी बताया गया है जो एक सावधि जमा में थे। इसके अलावा विश्वविद्यालय के आसपास विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए बिना विज्ञापन दिए या उचित निविदा प्रक्रिया का पालन किये निविदा कार्य प्रदान किए गए। याची रसायन विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर पिछले 21 वर्षों से विश्वविद्यालय में कार्यरत थी, लेकिन उन्हें पदोन्नति नहीं दी गई। उनका आरोप है कि वित्तीय अनियमिताओं के अलावा कई नियुक्तियां और पदोन्नति योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि पक्षपात के आधार पर की गई है। याचिका में यह भी बताया गया है कि उक्त अनियमितताओं के विषय में विभिन्न व्यक्तियों द्वारा राज्यपाल को पत्र लिखे गए थे, जिस पर राज्यपाल द्वारा कुलपति को आरोपी की जांच करने के लिए नोटिस जारी किया गया था। राज्यपाल के आदेश के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति ने दिखावे के तौर पर जांच की, लेकिन उसका कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला।

▸▸ याचिका में लगाया गया करोड़ों रुपये की हेराफेरी का आरोप

आगरा : कोठी में मिले दो सगी बुजुर्ग बहनों के शव

आगरा, एजेंसी

जिले में अर्जुन नगर की एक कोठी में दो बुजुर्ग बहनें मृत पायी गयी हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि उनकी पहचान 61 वर्षीय मधु और 59 वर्षीय रितु के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार उनकी दो मंजिला कोठी में भूतल पर किराएदार और प्रथम तल पर वे दोनों खुद रहती थीं। किराएदार चार दिन पहले बाहर गए थे और जब गुरुवार को वे वापस आए तो उन्होंने पाया कि प्रथम तल से दुर्गंध आ रही है। किराएदार की सूचना पर पुलिस पहुंची और वह पहली मंजिल के गेट का ताला तोडक़र अंदर घुसी। बड़ी बहन मधु सोफे और छोटी बहन रितु मृत पड़ी थीं। पुलिस दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए ले गयी। स्थानीय लोगों ने पूछताछ में बताया कि दोनों बहनें कई सालों से अकेली रह रही थीं। दोनों ने शादी नहीं की थी और वे आस-पास के लोगों से बात भी नहीं करती थीं। इस संबंध में डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय का कहना है कि दो बुजुर्ग महिलाओं के शव मिले हैं, मौत का कारण जानने के प्रयास किए जा रहे हैं।

▸▸ किराएदारों के वापस घर लौटने पर हुई घटना की जानकारी

टूर ट्रिप के बहाने शाखा प्रबंधक से 4.25 लाख रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इज्जतनगर क्षेत्र में महिला बैंक प्रबंधक से लखनऊ की टूर ट्रिप कंपनी के प्रोपराइटर ने 4.25 लाख रुपये ठग लिए। बैंक प्रबंधक से पैसे लेने के बाद भी वापसी के टिकट नहीं दिए। बैंक प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मिनी बाईपास के पास ग्रीन सिटी में रहने वाली पूनम गौतम स्टेट बैंक की कुतुबखाना शाखा में प्रबंधक हैं। उनके मुताबिक बैंक की ओर से चार साल बाद उन्हें टूर पैकेज की सुविधा प्रदान की जाती है। लखनऊ के द यूनिवर्सल ट्रिप के प्रोपराइटर गोपाल गुप्ता ने फरवरी में उनसे संपर्क कर आकर्षक टूर पैकेज का ऑफर दिया। उन्होंने 20 से 31 मई तक उत्तर पूर्व भारत घूमने का टूर पैकेज फाइनल किया। इसके लिए 25 हजार रुपये एडवांस दिए। उन्होंने टिकट के लिए दो लाख रुपये उसके खाते में डाले। बाद एक लाख रुपये और लिए। इसके बाद उन्हें 11 मई को दो टिकट दिए। इसमें कोलकाता जाने का टिकट दिया लेकिन वहां से वापसी का टिकट नहीं दिया। आरोप है कि गोपाल गुप्ता ने बहाने से इसके बाद भी एक लाख रुपये और ले लिए। इस तरह 4.25 लाख रुपये उसके पास पहुंच गए। इसके बाद भी उसने पूरे टिकट और बाउचर नहीं दिए और फोन उठाना भी बंद कर दिया। जब इसके बारे में जानकारी की तो पता चला कि गोपाल गुप्ता इसी तरह से लोगों के साथ ठगी करता है। टूर पर ले जाकर लोगों को छोड़ देता है। फोन न उठाने पर शाखा प्रबंधक ने 19 मई को टूर निरस्त करने का मैसेज किया। इसके बाद जब उसे मेल किया। काफी कहने के बाद 20 मई को उसने टिकट निरस्त कराए लेकिन उसका भुगतान वापस नहीं किया। पूनम की शिकायत पर पुलिस ने गोपाल गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

▸▸ धनराशि लेने के बाद नहीं दिए वापसी के टिकट

दबिश देने गई पुलिस को घर में बंधक बनाकर पीटा

संवाददाता, पाकबड़ा (मुरादाबाद)

अमृत विचार : अवैध शराब बनाने व बेचने की सूचना पर आरोपियों के घर दबिश देने गई पाकबड़ा थाने की पुलिस को बंधक बनाकर पीटा गया। दबिश देने गई पुलिस टीम में सात पुलिसकर्मी थे। आरोपियों ने जब हमला किया तो पांच पुलिसकर्मी मौके से भाग निकले, जबकि बिना वर्दी वाले दो कांस्टेबल को आरोपियों ने बंधक बना लिया और उन्हें जमकर पीटा। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

गुरुवार को अवैध शराब बनाने व बेचने की सूचना पर पुलिस दबिश देने गांव नगला बनवीर पहुंची थी। पुलिस टीम में चार दरोगा, महिला होमगार्ड और दो कांस्टेबल समेत सात पुलिसकर्मी थे। आरोपी परिवार के लोगों ने जब हमला किया तो चारों दरोगा समेत पांच लोग मौके से भाग निकले, जबकि बिना वर्दी वाले दो कांस्टेबल को आरोपी परिवार वालों ने पकड़ लिया और उन्हें जमकर पीटा। सिर में ईंट मार दी। इन दोनों पुलिसकर्मियों का थानाध्यक्ष ने टीएमयू में चिकित्सकीय परीक्षण कराया है।

वायरल वीडियो में दोनों घायल कांस्टेबल विक्रांत उर्फ सारन और प्रवीन कुमार टी-शर्ट,जींस व पैंट पहने दिख रहे हैं। इन पर आरोपी परिवार वालों ने 10 लाख रुपये के जेवर चुराने का आरोप लगाया है। कहा कि तुम वर्दी में नहीं हो, यदि कांस्टेबल हो तो आई कार्ड दिखाओ। थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि खबर मिली थी गांव नगला बनवीर में बाबू ठाकुर शराब बना रहा है तो पुलिस दबिश देने गई थी।

जब पुलिस ने बाबू ठाकुर को उसके घर से कच्ची शराब के साथ दबोच लिया और उसे कमरे से बाहर ला रहे थे, तभी आरोपियों ने हमला बोल दिया था। जिसमें दो कांस्टेबल घर के अंदर ही फंस गए। लेकिन, जब घटना की जानकारी थाने पहुंची तो पुलिस बल मौके पर गया, तब तक आरोपी फरार हो चुके थे, लेकिन बाबू ठाकुर पुलिस की हिरासत में है। कई दिनों पहले बाबू ठाकुर के बेटे विकास की तमंचा हाथ में लिए एक तस्वीर एक्स पर वायरल हुई थी। थानाध्यक्ष ने कहा कि पता चला था कि आज आरोपी (विकास) घर आया है। इसको लेकर भी पुलिस मौके पर गई थी। 11 दिनों के अंतराल में दूसरी बार हुई पिटाई से थाना पुलिस की जमकर किरकिरी हो रही है।

▸▸ चार दरोगा समेत सात पुलिसकर्मियों की गई थी टीम

▸▸ पांच लोग मौके से भाग निकले, बिना वर्दी दो कांस्टेबलों को बनाया बंधक

वर्ग पहेली-86

बाएं से दाएं

1.1. जो नियम के अनुकूल न हो 2. जो कार्य व्यवस्थानुसार न चले 3. विधि व्यवस्था का अनुसरण न होना।

3. घुटनों तक लंबा, घुटनों तक लटकता हुआ।

5. (व्याकरण) संबंध को जोड़ने वाला।

6.1. गोल छोटी थाली, तश्तरी 2. घोड़े की बगल में लटकने वाली तलवार।

8.1. छोटी रस्सी जिससे चौपायों के दो पैरों को एक दूसरे से सटाकर बांध देते हैं ताकि वे दूर तक भाग न सकें

ऊपर से नीचे

1.1. अनुबोध करने वाला, अनुबोध कराने वाला 2. आलोक-पत्र।

2.1. दिशा, ओर 2. बगल, किनारा 3. पक्ष।

4. बादशाह, सम्राट।

5.1. वहन करना, ले जाना 2. हवा

7.1. लकड़ी या काठ से निर्मित 2. जिसका छिलका मोटा और कड़ा हो 3. जिसका गूदा कड़ा हो।



वर्ग पहेली -85 का हल

1 छि	न	वा	ना	■	■	2 प
■	■	■	■	3 फ	फो	ला
■	■	4 ढौं	■	ड़	■	■
5 प	6 रि	चा	रि	क	■	7 आ
■	टा	■	■	ना	■	द
■	य	■	■	■	■	ह
8 वि	र	ह	नि	वे	द	न

सुडोकू -165

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1								
					4			
						7		
	8			9				
							4	
					7			
		2						
			1					8

सुडोकू -164 का हल

7	6	9	5	4	1	2	3	8
8	1	4	9	2	3	5	7	6
5	3	2	6	7	8	4	1	9
3	9	7	4	5	6	8	2	1
2	8	5	3	1	7	6	9	4
6	4	1	8	9	2	3	5	7
9	2	6	7	3	4	1	8	5
4	7	3	1	8	5	9	6	2
1	5	8	2	6	9	7	4	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 09 .38 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 06 .14 तक तत्पश्चात पूर्वाभाद्रपद 01 जून 04 .48 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

मेष — आज आप अपने खर्चों का प्रबंधन करने का प्रयास करेंगे। यद्यपि आप व्यापार में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल हो सकता है। उत्तम भोजन का आनंद लेंगे। आप किसी फाइनेशियल मामले को सुलझाने में व्यस्त हो सकते हैं।

वृष — आज कानूनी मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। विवाह से जुड़े मामलों पर चर्चा के लिए दिन शुभ है। कई दिनों से जिस मामले को लेकर आप अनिर्णय की स्थिति से जूझ रहे थे, उस पर आप महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

मिथुन — आज यदि आपने किसी से कर्ज लिया है तो उसे लेकर भी विवाद होने की आशंका है। आपको किसी से भी झगड़ने से बचना चाहिए। सावधान होकर परिस्थितियों का आकलन करें,शीघ्र ही आपको सुखद परिणाम प्राप्त होंगे।

कर्क — आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से शुभ नहीं है। धन को लेकर परेशानियां भी साथ में जुड़ सकती हैं। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। बाहर के और अशुद्ध खानपान से बचें। उल्टी-दस्त की शिकायत होने की आशंका है। लोग आपको गलत समझ सकते हैं।

सिंह — आज जॉब कर रहे लोग अपनी पदोन्नति को लेकर अधिकारियों से चर्चा कर सकते हैं। युवा प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा कर सकते हैं। व्यवसाय में नए प्रयोग की योजना बना सकते हैं। आपके काम से कई लोग प्रभावित रहेंगे।

कन्या — आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की डांट खानी पड़ सकती है। सरकारी कार्यों में कुछ रुकावट संभव है। उच्च अधिकारी आपके ऊपर अनावश्यक दबाव डालने का प्रयास कर सकते हैं,किंतु आप समझदारी पूर्वक काफी समस्याओं को सुलझा भी लेंगे।

तुला — आज गूढ़ विद्याओं से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। आपको स्वप्न के माध्यम से भविष्य के संकेत मिल सकते हैं। किसी उधार को चुकता करने के लिए दिन उत्तम है। आप नई और रोचक विषयों पर जानकारी लेने को उत्सुक रहेंगे।

वृश्चिक — आज व्यवसाय में धन लाभ होगा। इसके बावजूद आपको कुछ मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर सावधान रहें। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम नहीं मिल रहा है।

धनु — आज गुप्त शत्रुओं की पहचान करने में सफलता मिलेगी,जो कार्य किसी कारणवश रुक गए थे,उनकी वैकल्पिक व्यवस्था हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जॉब में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा।

मकर — आज घर बदलने का विचार कर सकते हैं। आय बढ़ाने के नए विकल्पों की खोज कर सकते हैं। दार्शनिक विषयों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। आप संतान को लेकर कुछ चिन्तित हो सकते हैं, लेकिन आपकी चिंता का समाधान अवश्य ही हो जाएगा।

कुंभ — आज नया घर खरीदना चाह रहे हैं तो इच्छानुसार डील मिल सकती है। मित्रों की सहायता कर सकते हैं। आपका सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। आभूषणों की खरीदारी कर सकते हैं। पुराने निवेश का आपको लाभ प्राप्त होगा।

मीन — आज लोगों से सोच-समझकर ही बातें करें। आध्यात्मिक चर्चाओं से मन शांत होगा। व्यापारियों को अपनी दुकान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा। अनावश्यक यात्राओं पर जाना पड़ सकता है। गले में दर्द और जुकाम की शिकायत हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
दरार — सुबह : 10 .03
अरुंधती — दोपहर : 03 .04
पार्टनर — सुबह : 11 .06
थलाइवी — रात : 08 .00

SONY PIX
ग्रान टूरिस्मो — सुबह : 10 .59
स्पाइडर-मैन 2 — रात : 09 .00

&pictures

ZEE CINEMA
जिस्म — सुबह : 11 .10
तारे जमीन पर — रात : 07 .15

colors CINEPLEX
डुप्लीकेट — सुबह : 10 .49
भेड़िया — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07 .15 बजे

जोक्स ऑफ द डे

संजू- मैं यहां नहीं रहूंगा! इतना छोटा सा कमरा न तो कोई खिड़की है और न बाथरूम! मुझे मेरे पैसे वापस चाहिए
वेटर- लेकिन सर ये तो
संता- नहीं-नहीं, मुझे पैसे वापस दे दो।
वेटर- अबे गंवार ऊपर रूम में तो चल, यह तो लिफ्ट है।

पत्नी- अगर मैं मर गई तो तुम क्या करोगे?
पति- शायद मैं भी मर जाऊं
पत्नी- क्यों?
पति- कभी-कभी ज्यादा खुशी भी जानलेवा होती है।

पूर्वांचल के अंतिम 13 द्वार, किसे मिलेगा जीत का उपहार

सातवें चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर एनडीए और इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला

मनोज त्रिपाठी

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में शनिवार को प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में वोट डाले जाएंगे। इसी के साथ लोकसभा चुनाव-2024 की मतदान प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। मतदान वाली सभी 13 सीटें पूर्वांचल की हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने इनमें से नौ सीटें जीती थी, जबकि दो सीटें उसके सहयोगी अपना दल (एस) ने जीती थीं। दो सीटें सपा के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ी बसपा के हिस्से में आई थीं। इस बार इन सभी सीटों पर दोनों गठबंधनों एनडीए और इंडिया ने प्रचार में जमकर पसीना बहाया है। भाजपा जहां सभी सीटें जीतकर क्लीन स्वीप करना चाहती है, वहीं करीब आधा दर्जन सीटों पर कड़ी टक्कर दे रहा सपा-कांग्रेस गठबंधन भाजपा के मिशन-80 में पलीता लगाना चाहता है। चार से पांच सीटों पर लड़ाई त्रिकोणीय बना रही बसपा के सामने चुनौती पिछली बार की दो सीटों का स्कोर बचाना है। इन 13 सीटों में पांच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जिले गोरखपुर के आसपास और चार सीटें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी से सटी हैं। भाजपा की कोशिश इन नौ सीटों पर बड़े अंतर से जीत हासिल करने की है।




इन सीटों पर नजर आ रहा कांटे का मुकाबला

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया के लिए कठिन हुई जीत की राह

कुर्मी बहुल मानी जाने वाली मिर्जापुर लोकसभा सीट पर भाजपा के सहयोगी अपना दल (एस) की केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को इस बार कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा से टिकट कटने के बाद भदोही के सांसद और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र एस बिंद की चुनौती से पार पाने में उनके सामने बसपा प्रत्याशी मनीष त्रिपाठी लगातार मुश्किल और बढ़ाते नजर आ रहे हैं। ऐसे में अनुप्रिया को इस बार जीत की हैट्रिक लगाने में मोदी और योगी के नाम और काम का ही सहारा है। यहां भाजपा के कोर वोटर ब्राह्मणों का एक हिस्सा अगर बसपा के साथ जाता है, तो अनुप्रिया के लिए खतरा हो सकता है, क्योंकि समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र एस बिंद जिनका मुंबई में कारोबार है, इलाके में बिंद समाज कल्याण संघ के माध्यम से सक्रिय रहे हैं। मिर्जापुर में पिछड़े वर्ग में कुर्मी के बाद सबसे ज्यादा सवा लाख से ज्यादा बिंद मतदाता हैं और उनके एक मुश्त वोट सपा की तरफ मुड़ते नजर आ रहे हैं। इन परिस्थितियों में अनुप्रिया ने बैठे ठाले एक और मुसीबत कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के खिलाफ बयान देकर ले ली है, इससे राजपूत वोटरों के एक वर्ग में नाराजगी देखी जा रही है।

- सपा की चुनौती से पार पाने में बचानी होगी अगड़े वोटों में बसपा की सेंध

घोसी में दांव पर लगी ओमप्रकाश राजभर की प्रतिष्ठा

मऊ जिले की घोसी लोकसभा सीट पर योगी सरकार के मंत्री और सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। घोसी से उनके बेटे अरविंद राजभर मैदान में हैं। यहां सपा ने राजीव राय के सहारे भूमिहार दांव खेला है, तो बसपा के नोनिया समुदाय से आने वाले प्रत्याशी पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान पिछड़े वोटों में बंटवारा करते नजर आ रहे हैं। इस चुनावी परिदृश्य से घोसी में राय और राजभर के बीच सिमटती जा रही जंग में चुनाव का फैसला जातीय समीकरणों से ही निकलने के आसार बढ़ गए हैं। ओमप्रकाश राजभर के सामने सवर्ण और राजभर वोटों के सहारे अपने बेटे को जीत दिलाने की चुनौती है। लेकिन सवर्ण वोटरों का रुख सपा के राजीव राय की तरफ भी है। ऐसे में महेंद्र राजभर के सुभासपा का दामन छोड़कर सपा के साथ आने से ओमप्रकाश राजभर की चुनौती और बढ़ गई है। यहां यादव और मुस्लिम मतदाता राजीव राय के लिए लामबंद नजर आ रहा है, तो बसपा प्रत्याशी बाल कृष्ण नोनिया और दलित वोटर जोड़ने में सफल होते दिख रहे हैं। भाजपा के समर्थन के बावजूद ओमप्रकाश राजभर द्वारा सवर्णों के खिलाफ दिए गए बयान उनके लिए मुसीबत बने हैं।

- सपा के राजीव राय से मुकाबले में बसपा के पूर्व सांसद बालकृष्ण बढ़ा रहे मुसीबत

बलिया में ब्राह्मण लगा पाएंगे 'सनातन' की जय का नारा

बलिया पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सीट है। भाजपा ने यहां से अपने सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की जगह चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को चुनाव मैदान में उतारा है। चंद्रशेखर बलिया से आठ बार चुनाव जीते थे। इस लोकसभा सीट पर राजनीतिक बदलाव के चलते इस बार समीकरण काफी दिलचस्प और मतदाता असमंजस में दिखाई पड़ते हैं। अपना गढ़ वापस पाने के लिए बेचैन सपा फिर से ब्राह्मण नेता सनातन पांडेय को उतारकर भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकना चाहती है, तो बसपा के लल्लन सिंह यादव चुनावी लड़ाई त्रिकोणीय बनाकर सपा का खेल बिगाड़ने में लगे नजर आ रहे हैं। सनातन पांडेय पिछला चुनाव सिर्फ 15 हजार वोटों से हार गए थे। बलिया सीट पर लगभग तीन लाख से ज्यादा ब्राह्मण मतदाता हैं। इसके बावजूद कभी यहां से ब्राह्मण सांसद नहीं चुना गया है। लोकसभा क्षेत्र में ढाई लाख यादव, ढाई लाख राजपूत और तकरीबन इतने ही दलित मतदाता भी हैं। ऐसे में सपा का अगर ब्राह्मण-यादव समीकरण परवान चढ़ता है, तो भाजपा को यह सीट जीतने में कड़ी मुश्किल पेश आ सकती है।

'सहानुभूति' पाने और 'गुंडाराज' के खात्मे के बीच संघर्ष

गाजीपुर लोकसभा सीट पर अफजाल अंसारी का कब्जा है। वह इस बार समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार हैं। भाजपा से भूमिहार समुदाय से आने वाले पारसनाथ राय ने उनको कड़ी टक्कर दी है, तो बसपा के ठाकुर समाज से आने वाले प्रत्याशी उमेश सिंह लड़ाई तिकोनी बनाने में जुटे नजर आए हैं। गाजीपुर में अब तक हुए 17 चुनावों में नौ बार ठाकुर या भूमिहार प्रत्याशी जीतने में सफल रहे हैं। भाजपा से भूमिहार समुदाय का प्रत्याशी होने से ठाकुरों का एक तबका अंदरखाने अफजाल अंसारी के साथ खड़ा दिख रहा है। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत इस चुनाव में एक मुद्दा है। प्रचार के दौरान इस मुद्दे पर खूब बार-पलटवार देखने में आते रहे हैं। पिछले चुनाव में अफजाल ने भाजपा के तत्कालीन केंद्रीय मंत्री मनोज सिन्हा को 1.19 लाख मतों से हराया था। इस बार का चुनाव 'सहानुभूति' पाने और 'गुंडाराज' के खात्मे की बहस में उलझा है। पांच बार के विधायक और दो बार के सांसद अफजाल के लिए यह पहला चुनाव है, जब मुख्तार अंसारी के बाहुबल का कोई सहारा नहीं है। हालांकि 2022 के विधानसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों सीटें जीतकर भाजपा का सफाया कर दिया था। लेकिन तब सपा के साथ गठबंधन में एक सीट जीतने वाली सुभासपा अब भाजपा के साथ है। अफजाल ने अपनी सजा के मद्दे नजर विकल्प के तौर पर अपनी बेटी नुसरत अंसारी को भी प्रत्याशी बनाया था। कांटे के संघर्ष में यहां करीब 20 फीसदी दलित मतदाताओं पर दारोमदार बताया जा रहा है।

- गाजीपुर में माफिया मुख्तार की मौत के बाद सांसद अफजाल अंसारी को हराने में भाजपा ने लगा रखी है ताकत

केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय को इस बार छूट रहा पसीना

चंदौली में केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, लेकिन उन्हें समाजवादी पार्टी के वीरेंद्र सिंह और बसपा के सतेंद्र मौर्य से कड़ी चुनौती मिल रही है। यहां चुनाव भाजपा और सपा में ब्राह्मण बनाम ठाकुर के बीच मुड़ गया है। राजपूत बिरादरी से आने वाले सपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री हैं और कांग्रेस तथा बसपा में भी रह चुके हैं। वह चिरईगांव विधानसभा सीट से 1996 में कांग्रेस के टिकट पर जीतकर विधायक बने थे। 2003 में चिरईगांव सीट पर हुए उपचुनाव में बसपा के टिकट पर जीत कर दोबारा विधानसभा में पहुंचे थे। इसके बाद कांग्रेस और सपा में होते हुए 2017 में फिर से बसपा और दो साल पहले सपा में शामिल हुए थे। बसपा प्रत्याशी मौर्य बिरादरी से आते हैं और अब तक भाजपा के परंपरागत वोटर रहे मौर्य समुदाय में सेंध लगा रहे हैं। मौर्य वोटों के दम पर ही भाजपा के आनंद रत्न मौर्य ढाई दशक पहले यहां से तीन बार जीते थे।

- सपा को मात देने में बसपा के दांव से फंसी नजर आ रही जीत की हैट्रिक

तीन बार के रनर सदल प्रसाद बन पाएंगे विनर

- बांसगांव सीट सुरक्षित सीट से पिछली बार जीत की हैट्रिक लगाने वाले भाजपा के कमलेश पासवान इस बार चौथी जीत दर्ज करना चाहते हैं, जिसे रोकने की कोशिश में कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद लगे हैं। वह बसपा से 2004, 2014 और 2019 में चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन हर बार दूसरे नबंर पर रहे थे। सदल प्रसाद बांसगांव विधानसभा सीट से दो बार विधायक भी रहे हैं। इस बार जीत के लिए उनके सामने दलितों के साथ सपा के यादव और मुसलमान वोट बैंक को जोड़ने की चुनौती है। बसपा प्रत्याशी डा. रामसमुझ कॉडर वोट मजबूत करके सदल प्रसाद की लड़ाई कमजोर कर रहे हैं।

कुशीनगर में स्वामी समीकरण बनाएंगे या बिगाड़ेंगे

- कुशीनगर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद विजय कुमार दुबे के मुकाबले सपा से अजय प्रताप सिंह और बसपा के शुभ नारायण चौहान ने पूरा जोर लगाया है। लेकिन चर्चा में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य हैं। माना जा रहा है कि बसपा के वोटर उनकी तरफ मुड़ रहे हैं। 2014 भाजपा के राजेश पांडेय ने कांग्रेस सांसद रतनजीत सिंह को हराया था। 2019 में भाजपा के विजय कुमार दुबे जीते थे। यहां माना जा रहा है कि भाजपा के खिलाफ पड़ने वाले वोटों का ध्रुवीकरण सपा या स्वामी प्रसाद के बीच हो सकता है। ऐसे में सीधी लड़ाई होने पर हार-जीत का आंकड़ा कम रह सकता है।

महाराजगंज में आसान नहीं कांग्रेस की जीत का गणित

- महाराजगंज लोकसभा सीट से छह बार सांसद चुने जा चुके और मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मैदान में हैं। उनको कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने टक्कर दी है। साल 2019 के चुनाव में पंकज चौधरी को 59.20 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस सीट पर 2009 में जीत दर्ज की थी। पिछले दो चुनावों में पार्टी एक लाख मत पाने के लिए तरसती रही है। लेकिन कुर्मी वोटरों की बहुलता वाली इस सीट पर दोनों प्रत्याशी कुर्मी समुदाय में होने से माना जा रहा है कि कुर्मी वोटों में बड़ी सेंधमारी करके ही वीरेंद्र चौधरी भाजपा के दिग्गज पंकज चौधरी से लड़ पाएंगे। इसके साथ ही उनके सामने बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी मो. मौसमे आलम से मुस्लिम वोटों का बंटवारा रोकने की भी चुनौती है।

सलेमपुर में त्रिकोणीय संघर्ष, फायदे में दिख रही भाजपा

- सलेमपुर में भाजपा ने दो बार के सांसद रवींद्र कुशवाहा को जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। यहां उनका मुकाबला 2009 में बसपा से सांसद चुने गए वर्तमान में सपा प्रत्याशी रमाशंकर राजभर से है। बसपा ने यहां भीम राजभर को मैदान में उतारकर राजभर वोटों में सेंध लगा रखी है। सलेमपुर में 32 प्रतिशत कुर्मी और राजभर मतदाता जीत-हार का गणित तय करते हैं। इनमें 18 फीसदी कुर्मी, मौर्य और कुशवाहा तो 14 फीसदी राजभर मतदाता गिने जाते हैं। दलित मतदाता 15 फीसदी हैं। 2019 के चुनाव में रवींद्र कुशवाहा ने बसपा के आरएस कुशवाहा को 1.12 लाख वोटों से हराया था। सुभासपा के राजाराम को 33 हजार वोट मिले थे। सुभासपा अब भाजपा के साथ है। यहां रवींद्र कुशवाहा को सपा प्रत्याशी पर मामूली बढ़त बताई जा रही है।

देवरिया में बसपा की सेंधमारी से मुश्किल में कांग्रेस

- देवरिया में जातीय गुणा-भाग जोरों पर है। भाजपा के पास यहां जीत की हैट्रिक लगाने तो कांग्रेस के सामने चार दशक बाद जीत दर्ज करने का मौका है। लेकिन कांग्रेस की सारी उम्मीदें सपा के वोट बैंक पर टिकी हैं, जिसमें बसपा के यादव प्रत्याशी की सेंधमारी से राह आसान नहीं नजर आ रही है। पिछले दो चुनावों से भाजपा जीत रही है। लेकिन दोनों सांसद बाहरी माने जाते थे, इसी कारण भाजपा ने मौजूदा सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी की जगह स्थानीय शशांक मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा था। कांग्रेस से पूर्व विधायक और राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह उनका मुकाबला कर रहे हैं। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक आनंद यादव के पुत्र संदेश यादव तीसरा कोण बनाने की कोशिश में कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किल बढ़ा रहे हैं।

राबर्ट्सगंज में कोल वोटरों पर भरोसा आ सकता काम

- राबर्ट्सगंज सुरक्षित सीट पर भाजपा के सहयोगी दल अपना दल (एस) की विधायक रिंकी कोल और सपा उम्मीदवार पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार के बीच सीधा मुकाबला देखने में आया है। छोटेलाल 2014 में इस सीट पर भाजपा से जीते थे, लेकिन 2019 के बाद इस बार भी भाजपा सीट अपना दल (एस) को दिए जाने से भाजपा को छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। बसपा से चुनाव लड़ रहे धनेश्वर गौतम कॉडर वोट सहेजने में ताकत लगाए रहे हैं। रिंकी कोल अपना दल (एस) के मौजूदा सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू हैं और मिर्जापुर के छानबे विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे पति राहुल प्रकाश कोल की मृत्यु के बाद पिछले साल उपचुनाव में विधायक चुनी गई थीं।

गोरखपुर में अभिनेता बनाम अभिनेत्री का मुकाबला

- गोरखपुर लोकसभा सीट पर योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद हुए उपचुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। सपा से चुनाव लड़े निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद ने भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया था। निषाद पार्टी अब भाजपा के साथ है। 2019 के चुनाव में फिल्म अभिनेता रवि किशन ने योगी के गृह नगर में कमल फिर से खिलाया था। इस बार रवि किशन के सामने सपा ने अभिनेत्री काजल निषाद को उतारकर लड़ाई रोचक बना दी है, बसपा के जावेद सिमनानी यहां पिछड़ते नजर आ रहे हैं। गोरखपुर सीट पर गोरक्ष पीठ का दबदबा माना जाता है। योगी आदित्यनाथ लगातार पांच बार यहां से सांसद रहे हैं। सपा काजल निषाद से उपचुनाव जैसे करिश्मे की उम्मीद लगाए बैठी है।

जीत का जयघोष अमृतसर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रचार के अंतिम दिन गदा उठाकर पंजाब में चुनाव जीतने का जयघोष किया।

जीतेंगे हम पटना में चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव वीआईपी पार्टी के मुखिया मुकेश सहनी के साथ विक्ट्री का निशान बनाते हुए।

कुल 57 सीटें 904 प्रत्याशी

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में आठ राज्यों में पंजाब की सभी 13 और हिमाचल की सभी चार लोकसभा सीटों के साथ उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, झारखंड की तीन और चंडीगढ़ की एक सीट पर शनिवार को वोट डाले जाएंगे। इन 57 सीटों पर 904 प्रत्याशी मैदान में हैं।

यूपी: 13 सीटों की 48 विस सीटें एनडीए के पास

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश में जिन 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव हो रहे हैं। उनके अंतर्गत आने वाली 65 विधानसभा सीटों का हिसाब-किताब देखें तो 2022 के विधानसभा चुनाव में 48 सीटों पर एनडीए को जीत मिली थी। 15 सीटें सपा गठबंधन और एक-एक सीट बसपा तथा कांग्रेस के खाते में आई थी।

2019 में 50 फीसदी से ज्यादा था भाजपा का वोट प्रतिशत: पिछले 2019 के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सातवें चरण की लोकसभा सीटों पर भाजपा को औसतन 52.11 फीसद वोट मिले थे जबकि विपक्षी सपा-बसपा गठबंधन के खाते में 37.43 वोट ही आए थे।

पूर्वांचल के रणक्षेत्र में राम का नाम मोदी का चेहरा और जाति की पतवार

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। पूर्वांचल में छठे और सातवें चरण की चुनावी लड़ाई में भाजपा को राम का नाम, मोदी के चेहरे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगे बढ़कर चुनावी कमान संभालने के बावजूद जातीय समीकरणों पर जिस तरह फोकस करना पड़ा है, उससे साफ है कि जमीन पर इंडिया गठबंधन ने उसके सामने कड़ी चुनौती पेश की है। पूर्वांचल के रण में जातीय समीकरण साधने का खेल नया नहीं है। पहले यहां ब्राह्मण और राजपूत चुनाव की दिशा तय करते थे। लेकिन मंडल आयोग के बाद अधिकतर सीटों पर जीत-हार का तराजू पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के हाथ में चला गया। प्रदेश में जातीय आधार पर राजनीति करने वाले अधिकतर दलों का आधार भी पूर्वांचल के अलग-अलग इलाकों में ही नजर आता है। अनुप्रिया पटेल का अपना दल (एस), संजय निषाद की निषाद पार्टी, ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा, संजय चौहान की जनवादी सोशलिस्ट पार्टी दो तिहाई सीटों पर अपने वोट बैंक की ऐसी ताकत रखता है, जो किसी भी बड़े दल का खेल बना और बिगाड़ सकता है। ऐसे में 2024 का लोकसभा चुनाव पिछड़े वर्ग की उप जातियों की राजनीति करने वाले इन दलों का लिटमस टेस्ट भी साबित होने वाला है। दरअसल इन पार्टियों के आक्सीजन पाने का सबसे बड़ा कारण यह है कि पूर्वांचल में जातियों का चक्रव्यूह ऐसा है कि कोई भी बड़ा दल चाहकर भी अपने कोर वोटर को सहेज कर नहीं सख सकता है। अधिकतर मौकों पर किसी भी बड़े दल के कोर वोटर तभी तक उसके साथ खड़े दिखाई देते हैं, जब तक उनकी जाति का प्रत्याशी होता है। अगर दलीय प्रत्याशी किसी और जाति का हुआ तो मुकाबले में खड़े अपनी जाति के प्रत्याशी के लिए उनका दिल मचलने लगता है। अपना दल (एस) को कुर्मी, निषाद पार्टी को मल्लाह और केवट, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) को राजभर तो जनवादी पार्टी को लोनिया (चौहान) वोट बैंक की राजनीति करने वाले दलों के रूप में गिना जाता है। इनमें अपना दल को यादवों के बाद कुर्मी जाति को प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी ओबीसी जाति होने के कारण सबसे बड़ा दल माना जाता है। अपना दल (एस) विधानसभा में तीसरा सबसे बड़ा दल भी है। 2022 के विधानसभा चुनाव में उसके 13 उम्मीदवार जीते थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) को दो सीटें मिली थीं। इस बार के लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) के साथ बाकी तीन दल भाजपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में समाजवादी पार्टी जिसका मुख्य आधार भी ओबीसी में ही है, के मुखिया अखिलेश पटेल ने हर सीट पर ओबीसी उपजाति में गैर यादव वोट बैंक देखते हुए जातीय समीकरण को वरीयता देकर भाजपा के लिए कांटे बिछा दिए थे। सपा ने पीडीए के तहत पूर्वांचल में 10 से अधिक गैर यादव ओबीसी प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारे दिए थे। पार्टी ने केवल तीन टिकट ही अगड़ी जाति के लोगों को मौका दिया है। कांग्रेस ने भी पूर्वांचल में अपने हिस्से में आई चार सीटों पर एक दलित, एक ओबीसी और दो अगड़ी जाति के लोगों को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह बसपा ने कई सीटों पर अगड़ी जाति तो कई सीटों पर भाजपा या सपा प्रत्याशी की जाति वाले ही उम्मीदवार उतारकर अपनी जातीय व्यूह रचना कर दी थी। यही कारण रहा कि भाजपा को मतदान के दो दिन पहले तक जातीय गोलबंदी के समीकरण में जुटना पड़ा। एक-एक सीट पर ऐसा संघर्ष हुआ है कि नारद राय और राम इकबाल सिंह जैसे नेताओं को गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भाजपा में शामिल कराने के लिए

अनुप्रिया पटेल।


ओप्रकाश राजभर।

संजय चौहान।

संजय निषाद।

इसलिए चौहान और राजभर की पड़ी जरूरत

घोसी में लोनिया और राजभर वोटर की संख्या काफी है। राजभर उम्मीदवार उतार कर भाजपा ने 2014 में पहली बार कमल खिलाया था। इस बार भी सुभासपा से अरविंद राजभर मैदान में हैं। बसपा ने चौहान जाति के बालकृष्ण को उतारा तो भाजपा ने तुरंत जनवादी सोशलिस्ट पार्टी के संजय चौहान को साध लिया। चौहान जाति का दबदबा बलिया, चंदौली, गाजीपुर, सलेमपुर, देवरिया में भी है। घोसी की घोसी और मधुबन विधानसभा में चौहान जाति निर्णायक भूमिका में है। सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर की भाजपा को जरूरत इसलिए रही क्योंकि राजभर मतदाता गाजीपुर, वाराणसी, बलिया, सलेमपुर में बड़े पैमाने पर हैं। कुर्मी मतदाता मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, राबर्ट्सगंज में जीत में तय करते हैं।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	73,885 .60	22,488 .65
नुकसान	617 .30	216 .05
प्रतिशत में	0.83	0.95

कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 31 मई 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 850।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

2024-25 में वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान

आरबीआई ने जारी की वार्षिक रिपोर्ट, मुद्रास्फीति में कमी आने की जताई उम्मीद

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7% की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार होगी। केंद्रीय बैंक ने 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में कुल मुद्रास्फीति में कमी आने की उम्मीद जताई है। हालांकि, खाद्य मुद्रास्फीति के बढ़ने का संकेत देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि यह आपूर्ति पक्ष के झटकों के कारण संवेदनशील बनी रहेगी।

भारतीय रिजर्व बैंक के बही-खाते का आकार मार्च, 2024 तक 11.08 प्रतिशत बढ़कर 70.47 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह पाकिस्तान के कुल सकल घरेलू उत्पाद (करीब 340 अरब अमेरिकी डॉलर) का करीब 2.5 गुना है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 वित्त वर्ष) में मजबूत गति से विस्तार किया, जिससे वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई है। यह 2022-23 में सात प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरे वर्ष सात प्रतिशत या उससे अधिक रही। वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारुपन दिखाया। जीडीपी वृद्धि को बैंकों तथा कॉरपोरेट जगत की स्वस्थ बैलेंस शीट, पूंजीगत व्यय पर सरकार के ध्यान देने और विवेकपूर्ण मौद्रिक, नियामकीय तथा राजकोषीय नीतियों से समर्थन मिला है। हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतिकूल वैश्विक समष्टि आर्थिक तथा वित्तीय परिवेश से जूझ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 के खरीफ और रबी दोनों मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ने सभी फसलों के लिए उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया।

रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय स्थिरता के परिदृश्य में अगले दशक में वृद्धि की गति को तेज करने की अच्छी स्थिति में है।

बीते वित्त वर्ष बैंकों में बढ़े धोखाधड़ी के मामले

बैंकों से जुड़े धोखाधड़ी के मामले बीते वित्त वर्ष (2023-24) में बढ़कर 36,075 रहे। हालांकि, इस दौरान धोखाधड़ी वाली राशि 46.7 प्रतिशत घटकर 13,930 करोड़ रुपये रही। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सालाना रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 के दौरान धोखाधड़ी में शामिल राशि 13,930 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 26,127 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान धोखाधड़ी के मामलों की संख्या 36,075 हो गई, जो एक साल पहले 13,564 थी। रिपोर्ट के अनुसार, धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और भुगतान अनुभव को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से नये अधिनियम डिजिटल व्यक्तिगत सूचना संरक्षण कानून, 2023 के अनुपालन के तहत वास्तविक रूप से कोष अंतरण से पहले भुगतान प्राप्त करने वाले के नाम की वास्तविक समय पर सत्यापन की संभावना टटोली जाएगी।

एमएसपी ने उत्पादन लागत पर 50% का न्यूनतम मुनाफा किया सुनिश्चित

मुंबई। वित्त वर्ष 2023-24 के खरीफ और रबी दोनों मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ने सभी फसलों के लिए उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया कि 31 मार्च 2024 तक खाद्यान्नों का समग्र सार्वजनिक भंडारण कुल तिमाही भंडारण मानक का 2.9 गुना था। सरकार ने 29 नवंबर 2023 को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्यान्न के मुफ्त वितरण की योजना को एक जनवरी 2024 से पांच और वर्षों के लिए बढ़ा दिया था। रिपोर्ट में कहा कि असमान तथा कम दक्षिण-पश्चिम मानसून वर्षा के साथ ही अल नीनो की स्थिति के मजबूत होने से कृषि और संबद्ध गतिविधियों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा।

कांग्रेस हमेशा विकास के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराई

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री सीतारमण ने पोस्ट में विपक्षी पार्टी पर लगाया आरोप

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर हमेशा भारत के विकास और वृद्धि के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराने तथा केवल प्रतिगामी नीतियों को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पेश किए गए इंसोल्वेंसी एंड बैंक्रप्सी कोड (आईबीसी) से पहले वित्तीय कॉर्पोरेट संकट की कार्यवाही कानूनों के एक टुकड़े द्वारा शासित होती थी, जिससे समस्याएँ सुलझने के बजाय और बिगड़ जाती थीं।

वित्त मंत्री सीतारमण ने इसको लेकर एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि माल एवं वस्तु सेवा कर (जीएसटी) की तरह कांग्रेस आम सहमति बनाने और सुधारों को लागू करने के लिए राजनीतिक पूंजी खर्च करने के वास्ते उत्सुक नहीं थी। कांग्रेस हमेशा भारत के विकास और वृद्धि के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराती रही है और केवल प्रतिगामी नीतियों को प्रोत्साहित करती रही है। उन्होंने कहा कि इंसोल्वेंसी कानून लागू करने की सख्त जरूरत के बजाए संप्रग सरकार ने जानबूझकर बैंकों और परिचालन ऋणदाताओं की कीमत पर अपने साथियों को फ़ायदा पहुंचाने की कोशिश की।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	95,550
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,050
गिन्नी (प्रति नग)	55,200-55,400
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	92,000
चांदी तैयार	92,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	73,000
सोना जेवरात गिन्नी	72,000
चांदी पक्की	908 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,100
चांदी आभूषण	91,300।

भीषण गर्मी के साथ बिजली की मांग 250 गीगावाट पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से बिजली की अधिकतम मांग बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड 250 गीगावाट पर पहुंच गई है। बिजली मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

गर्मी से राहत के लिए घरों एवं दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ रही है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति बृहस्पतिवार को 250 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रही, जो अभी तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। इससे पहले बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग इस सत्र में 246 गीगावाट के उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार देश भर में गैर-सौर ऊर्जा की मांग भी 29 मई को 234.3 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह मांग भीषण गर्मी, बढ़ती औद्योगिक और आवासीय बिजली खपत के संयुक्त प्रभाव को दर्शाती है। बृहस्पतिवार को उत्तरी क्षेत्र ने भी 86.7 गीगावाट की मांग पूरी की, जो सर्वकालिक उच्च स्तर है।

सोने-चांदी की कीमतों में आई गिरावट

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। जबकि चांदी अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, चांदी की कीमत 1,100 रुपये टूटकर 96,000 रुपये प्रति किग्रा रह गई। बुधवार को चांदी 97,100 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। इस बीच, सोने का भाव 350 रुपये गिरकर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले सत्र में सोना 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

एफडीआई प्रवाह 3.49% घटकर 44.42 अरब डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त वर्ष 2023-24 के सरकारी आंकड़ों से हुआ खुलासा

भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) इक्विटी प्रवाह 2023-24 में 3.49 प्रतिशत घटकर 44.42 अरब डॉलर रहा है। सेवा, कंप्यूटर हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, मोटर वाहन और औषधि जैसे क्षेत्रों में कम निवेश के कारण यह गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

वित्त वर्ष 2022-23 में एफडीआई प्रवाह 46.03 अरब अमेरिकी डॉलर था। हालांकि, वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में प्रवाह 33.4 प्रतिशत बढ़कर 12.38 अरब डॉलर हो गया। 2022-23 की इसी तिमाही में यह 9.28 अरब डॉलर था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई 2023-24 में मामूली रूप से एक प्रतिशत घटकर 70.95 अरब डॉलर रहा, जबकि 2022-23 में यह 71.35 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में एफडीआई प्रवाह में 22 प्रतिशत की गिरावट आई थी। कुल एफडीआई में इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी शामिल है। एफडीआई प्रवाह वित्त वर्ष 2021-22 में सर्वाधिक 84.83 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-24 में मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से निवेश में वृद्धि हुई है। क्षेत्रवार बात की जाए, तो सेवा, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, व्यापार, दूरसंचार, मोटर वाहन, औषधि और रसायन में प्रवाह में कमी आई है।

राष्ट्रीय

गठबंधन की सरकार कृषि ऋण करेगी माफ

ओडिशा की चुनावी रैली में बोले राहुल, हमने संविधान को बचाने का लिया है संकल्प

बालासोर (ओडिशा), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अग्निवीर योजना के जरिए जवानों को मजदूर बना दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हाल ही में ओडिशा के लोगों का अपमान किया, जब उसके एक नेता ने कहा कि भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त हैं। भद्रक लोकसभा सीट के सिमुलिया में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लिया।

गांधी ने घोषणा की कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर खाद्यान्न पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी जामा पहनाया जाएगा, कृषि ऋण को माफ किया जाएगा और अग्निवीर योजना को खत्म कर दिया जाएगा। गांधी ने यहां जनसभा से इतर संवाददाताओं से कहा-हम अग्निवीर योजना को खत्म करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने जवानों को मजदूर बना दिया है। हम जवानों को फिर से सैनिक बना देंगे। उन्होंने कहा कि सभी जवानों को पेंशन, कैंटीन सुविधाएं मिलेंगी और उनकी मृत्यु की स्थिति में शहीद का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने बीजू जनता दल (बीजद) पर भाजपा के साथ साझेदारी में काम करने का आरोप लगाया। गांधी ने कहा कि वह भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं, जिसकी वजह से केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ मानहानि के 24 और आपराधिक मामले दायर किए हैं।

इंडिया गठबंधन 48 घंटे के भीतर करेगा प्रधानमंत्री का चयनः जयराम रमेश

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन स्पष्ट एवं निर्णायक जनादेश हासिल करेगा और नतीजों के 48 घंटे के भीतर प्रधानमंत्री का चयन कर लिया जाएगा। लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण के मतदान से पहले, प्रचार के आखिरी दिन दिए साक्षात्कार में रमेश ने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन में जिस पार्टी को सबसे अधिक सीट मिलेंगी, वही पार्टी अगली सरकार के नेतृत्व के लिए स्वाभाविक दावेदार होगी। उनका यह भी कहना था कि इंडिया जनबंधन के घटक दलों को जनादेश मिलने के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कुछ घटक भी इस गठबंधन में शामिल हो सकते हैं, हालांकि कांग्रेस आलाकमान को यह तय करना होगा कि उन्हें गठबंधन में शामिल किया जाए या नहीं।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दो आतंकवादी सहयोगियों को लगाया जीपीएस डिवाइस

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को अनंतनाग जिले में दो आतंकवादी सहयोगियों को ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) ट्रैकिंग डिवाइस लगाया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अदालत के आदेशानुसार, अनंतनाग पुलिस ने आज गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) मामले में जमानत पर रिहा किये गये आतंकवादी सहयोगियों पर जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस लगाया, जिससे पता लगाया जा सके कि वे कहीं जमानत शर्तों का उल्लंघन तो नहीं कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने जानकारी दी है कि आरोपियों को 2018 में थाना डूरू में यूएपीए अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। बाद में, उन्हें न्यायालय द्वारा जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

ई-रिक्शा चालक ने महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर किया दुष्कर्म

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली में 26 मई को हुई थी वारदात, आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय राजधानी में एक ई-रिक्शा चालक द्वारा 25 वर्षीय महिला को कथित तौर पर नशीला पदार्थ पिलाकर उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मामले में उत्तर दिल्ली के कोतवाली इलाके से आरोपी मोहम्मद उमर (24) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि 26 मई को कोतवाली पुलिस थाने को डकैती की घटना की पीसीआर कॉल आई, जिसके बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंची। वहां पर महिला घायल अवस्था में मिली और उसका खून बह रहा था। महिला का तीन साल का बेटा बगल में बैठा था। उन्होंने कहा कि महिला मूल रूप से बिहार की रहने वाली है और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया और चिकित्सा परीक्षण कराया गया। पुलिस के मुताबिक, महिला अपने तीन साल के बेटे के साथ बिहार से पंजाब अपने पति से मिलने जा रही थी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 26 मई को महिला ट्रेन से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन उतरी और सदर बाजार गई। जब वह सदर बाजार से रेलवे स्टेशन लौट रही थी तो ई-रिक्शा चालक ने कथित तौर पर उसे पेय पदार्थ की पेशकश की जिसे पीकर वह बेहोश हो गई। मीणा ने बताया-महिला के बयान के मुताबिक रिक्शा चालक उसे सुनसान स्थान पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

आचार संहिता का उल्लंघन करने पर बीडीपीओ सहित छह लोग निलंबित

चंडीगढ़। गुरदासपुर लोक सभा सीट के अंतर्गत फतेहगढ़ चूड़ियां में चुनाव आचार संहिता की उल्लंघनाओं की शिकायतें मिलने के बाद गुरदासपुर के रिटर्निंग अफ़सर-कम-ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने फतेहगढ़ चूड़ियां के ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) परगट सहित, कुलजिन्दर सिंह ग्राम विकास अधिकारी, मेजर सिंह पंचायत सचिव, विलियम मसीह, सुखजीत सिंह और शमशेर सिंह सभी ग्राम रोज़गार सेवकों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि फतेहगढ़ चूड़ियां के विधायक की शिकायत मिली थी कि एक सरकारी पार्क में इंटरलाकिंग टाइलें लगवाईं जा रही हैं जो कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है।

एक नजर

झारखंड के मंत्री को दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

रांची। रांची की एक पीएमएलए अदालत ने झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को कथित धन शोधन मामले में दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आलम को एक जून को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। मंत्री को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 मई को एजेंसी के कार्यालय में दो दिन तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। आलम के वकील किशलय प्रसाद ने कहा-14 दिन की ईडी रिमांड बृहस्पतिवार को पूरी हो गई। न्यायिक हिरासत के लिए अनुरोध किया गया और इसे मंजूर कर लिया गया।

छत्तीसगढ़ में 16 नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग स्थानों से 16 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के बीजापुर और उसूर थाना क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग कार्रवाइयों में 16 नक्सलियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि बीजापुर कोतवाली थाने के जवानों ने गोरना-पड़ियापारा से 11 तथा उसूर थाना क्षेत्र में पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया।

पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट से तीन लोगों की मौत, 33 घायल

पुरी/भुवनेश्वर, एजेंसी

- मुख्यमंत्री पटनायक ने प्रशासनिक स्तर की जांच के दिए आदेश

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट होने से एक नाबालिग समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार रात हुए पटाखा विस्फोट की प्रशासनिक स्तर की जांच के आदेश दिए और प्रत्येक मृतक के परिजन को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, जांच राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा की जाएगी, जो विशेष राहत आयुक्त भी हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-एक लड़के की कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई, जबकि दो अन्य की भुवनेश्वर के निजी अस्पतालों में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पिनाक मिश्रा ने बताया कि बुधवार रात को यह हादसा उस समय हुआ जब सैकड़ों लोग अनुष्ठान देखने के लिए नरेन्द्र पुष्करिणी के तट पर एकत्र हुए थे। अचानक जलते हुए पटाखों का एक टुकड़ा भंडार में जा गिरा, जिससे विस्फोट हो गया।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार सुबह घायलों से मिलने के लिए एक निजी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों से बात की और उन्हें वहां इलाज करा रहे घायलों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की।

ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना, खुर्दा जिलाधिकारी चंचल राणा और स्वास्थ्य सचिव शालिनी पंडित घायल लोगों के इलाज की जानकारी लेने के लिए बुधवार देर रात अलग-अलग अस्पताल पहुंचे। जेना ने 'एक्स' पर कहा-विभिन्न अस्पतालों में भर्ती 36 मरीजों में से छह को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, तीन को मृत घोषित कर दिया गया और 27 का इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि घायल लोगों को पुरी, भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न निजी और सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

काला जादू के संदेह में पीट-पीटकर व्यक्ति की हत्या

रांची, एजेंसी

- रांची में महिलाओं ने की थी पिटाई, पांच गिरफ्तार

झारखंड में रांची जिले के एक गांव में काला जादू करने के संदेह में महिलाओं के एक समूह ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस मामले में पांच महिलाओं को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार की गईं सभी महिलाओं की उम्र 30 से 50 वर्ष के बीच है। अनगड़ा पुलिस थाने के प्रभारी चमरा मिंज ने बताया-बालेश्वर उरांव नामक बुजुर्ग व्यक्ति को काला जादू करने के संदेह में महिलाओं ने डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। उन्होंने उसकी पत्नी इतवारी देवी के साथ भी मारपीट की। यह घटना रांची से करीब 25 किलोमीटर दूर अनगड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत जारगा तेतरटोली गांव में मंगलवार शाम को हुई, जब पीड़ित कथित तौर पर एक पड़ोसी के घर में घुस गया और सो रही लड़की के पास जाकर उस पर काला जादू करने लगा। मिंज ने बताया कि लड़की के चिल्लाने पर गांव की महिलाएं वहां जमा हो गईं और उसके साथ मारपीट करने लगीं। जब उसकी पत्नी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो महिलाओं ने उसे भी पीटा।

बंगाल में सीएए के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया शुरू

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक सरकारी विज्ञप्ति में गुरुवार को यह जानकारी दी गयी। विज्ञप्ति में कहा गया, " पश्चिम बंगाल में अधिकार प्राप्त समिति ने राज्य से प्राप्त आवेदनों के पहले सेट को बुधवार को नागरिकता प्रदान कर दी। दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप में इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया था कि सीएए केवल भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए है। जो शरणार्थी दूसरे देशों में धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर आये हैं।" हरियाणा और उत्तराखंड राज्यों की अधिकार प्राप्त समितियों ने भी बुधवार को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के तहत अपने-अपने राज्यों में आवेदकों के पहले समूह को नागरिकता प्रदान की है।

ईडी ने शाहजहां शेख के खिलाफ दाखिल किया आरोपपत्र

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन मामले की जांच के तहत पश्चिम बंगाल के निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और दो कथित सहयोगियों के खिलाफ अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया है। यह जानकारी जांच एजेंसी ने बृहस्पतिवार को दी। अभियोजन पक्ष की शिकायत में नामजद अन्य लोगों में एसके आलमगीर (शाहजहां के भाई) के अलावा शिब प्रसाद हाजरा और दीदार बोक्श मोल्ला शामिल हैं। कोलकाता में पीएमएलए की विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया गया है।

ईडी ने मनोरंजन कंपनी की 290 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली, एजेंसी

धन शोधन का मामला

प्रवर्तन निदेशालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने धन शोधन की जांच के तहत नोएडा के लोकप्रिय जीआईपी मॉल सहित अन्य स्थलों पर मनोरंजन सेवाएं प्रदान करने वाली एक कंपनी की 290 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है।

एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड कंपनी पर आरोप है कि उसने गुरुग्राम के सेक्टर 29 और 52-ए में दुकानों/अन्य जगह के आवंटन का वादा करके लगभग 1,500 निवेशकों से 400 करोड़ रुपये से अधिक इकट्ठा किया है। इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड, इंटरनेशनल रिक्रिएशन एंड एम्यूजमेंट लिमिटेड (आईआरएएल) की होल्डिंग कंपनी है। हालांकि, उक्त इकाई परियोजना को पूरा करने में विफल रही और समय-सीमा खत्म हो गई। उसने आरोप लगाया कि निवेशकों को मासिक सुनिश्चित रिटर्न (लाभ) का भुगतान नहीं किया गया। बयान में कहा गया कि कंपनी ने "निवेशकों के पैसे हड़प लिए और संबंधित व्यक्तियों/संस्थाओं के पास धन को जमा कर दिया जिसका इस्तेमाल अपने निजी लाभ के लिए किया गया है।

सरकारी जमीन पर अवैध धार्मिक स्थल की नहीं दी जाएगी अनुमति

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि सरकारी जमीन पर किसी भी अवैध धार्मिक स्थल के निर्माण को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए फिर चाहे वह किसी भी धर्म का क्यों न हो। उच्च न्यायालय ने कहा कि ईश्वर सर्वशक्तिमान है और श्रद्धालुओं के शरीर, उनके घर सहित हर जगह मौजूद है। न्यायमूर्ति पी. वी. कुन्हीकृष्णन ने कहा-इसलिए ईश्वर में आस्था रखने वालों को धार्मिक संरचनाओं के निर्माण के लिए सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने की आवश्यकता नहीं है। इसे भूमिहीन लोगों में वितरित किया जाना चाहिए और मानव जाति के लिए उपयोग में लाया जाना चाहिए। ऐसा करने से ईश्वर ज्यादा खुश होंगे और सभी को आशीर्वाद देंगे। केरल प्लांटेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अदालत में एक याचिका दाखिल कर राज्य सरकार, पुलिस और पथनमथिट्टा जिला अधिकारियों को संस्थान को पट्टे पर दी गई संपत्तियों की पहचान करने और वहां से सभी अतिक्रमणकारियों को हटाने का निर्देश देने की मांग की थी, जिसपर उच्च न्यायालय ने यह निर्देश और टिप्पणियां कीं।

T20 विश्व कप
लखनऊ, शुक्रवार, 31 मई 2024
www.amritvichar.com

दिग्गज बल्लेबाज रनों और स्ट्राइक रेट में रहे अव्वल, रोहित-विराट और वॉर्नर ने खेली हैं कई अहम पारियां

इनके बल्ले से रन बरसे...

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में क्रिकेट महज खेल नहीं है यह भारतीयों की भावनाओं से जुड़ा है। क्रिकेट में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी देखना शायद ही किसी को पसंद न हो। सभी चाहते हैं कि टी-20 मुकाबले में बड़ा स्कोर बोर्ड पर लगे ताकि प्रतिद्वंद्वी टीम को भी लक्ष्य पाने के लिए मशक्कत करते देखा जा सके। कुल मिलाकर एक रोमांचक मैच देखने को मिले।

क्रिकेट के खेल में मुख्य आकर्षण अगर बल्लेबाजी को कहें तो यह गलत नहीं होगा। टी-20 विश्वकप की शुरुआत से हम महज एक कदम दूर हैं कल से विश्वकप का यह संग्राम शुरू हो जाएगा। चार ग्रुप बनाए गए हैं जिसमें 20 टीमें आपस में भिड़ती दिखेंगी। नौवें टी-20 विश्व कप से पहले अब तक ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों की सूची पर एक नजर डालते हैं।

● टी-20 विश्वकप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज में भारत के दो स्टार शामिल हैं वहीं कुछ बल्लेबाजों ने अपने दम पर टीम को खिताब जीतने में भूमिका निभाई है।

1. विराट कोहली

1,141 रन

किंग कोहली के सिवाय कौन नंबर वन हो सकता है। अब तक पांच सत्रों में वह एक हजार से अधिक रन बना चुके हैं। दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता उन्हें टी-20 क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार करती है। उन्होंने 2014 टी-20 विश्व कप में 319 रन बनाए जो एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा 2016 में 296 रन बनाए।

2. महेला जयवर्धने

1,016 रन

अब क्रिकेट से विदा ले चुके जयवर्धने पूर्व चैंपियन श्रीलंका की सफलता की कुंजी रहे। उन्हें पांचों सत्रों में अच्छे रन बनाए।

3. क्रिस गेल

965 रन

क्रिकेट के इतिहास के सबसे मनोरंजक बल्लेबाजों में से एक गेल टी-20 क्रिकेट में सबसे विध्वंसक बल्लेबाज माने जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले चुके गेल का टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन उन्हें दर्शकों का चहेता बनाता है। वह 2012 में वेस्टइंडीज की खिताबी जीत के सूत्रधार थे।

4. रोहित शर्मा

963 रन

मौजूदा भारतीय कप्तान ने पारी की शुरूआत करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। बड़ी पारियां बनाने और शीर्ष क्रम को स्थिरता देने की उनकी काबिलियत भारत की सफलता के लिए अहम है। उन्होंने सभी सत्रों में खेलकर 963 रन बनाए जिनमें 91 चौके जड़े।

5. तिलकरत्नेदिलशान

897 रन

2009 विश्व कप में सर्वाधिक 317 रन बनाने वाले दिलशान आक्रामक बल्लेबाजी में माहिर रहे हैं। अब खेल से विदा ले चुके दिलशान श्रीलंका की बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं।

सर्वाधिक स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज

जोस बटलर (144.48)

दुनिया के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में से एक बटलर की ताकत तेजी से रन बनाना है। यही वजह है कि टी-20 विश्व कप में उनका स्ट्राइक रेट सर्वाधिक है। उन्होंने 27 मैचों में 799 रन बनाये हैं।

क्रिस गेल (142.75)

गेल किसी भी गेंदबाज के लिए आतंक का पर्याय बनाने के लिये काफी है। विश्व कप में दो शतक जड़ने वाले एकमात्र बल्लेबाज गेल ने उन दोनों मैचों में भी टीम को जीत दिलाई।

एबी डिविलियर्स (142.75)

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट शानदार रहा है। दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक एबी डिविलियर्स ने 29 पारियों में 717 रन बनाये हैं जिसमें 51 चौके और 30 छक्के शामिल हैं।

वॉर्नर (133.22)

डेविड वॉर्नर की आक्रामक बल्लेबाजी एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के लिए अहम होगी। तेजी से रन बनाने के कारण वह टी-20 विश्व कप के आकर्षक बल्लेबाजों में से है।

खेल डायरी

प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल में कार्लसन को हराया

स्टावेंगर (नॉर्वे)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ पहली बार क्लासिकल बाजी में जीत दर्ज करते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त बना ली। कार्लसन को रेपिड और ऑनलाइन मुकाबलों में हरा चुके 18 साल के प्रज्ञानानंदा पिछले विश्व कप फाइनल में नॉर्वे के इस खिलाड़ी से हार गए थे लेकिन यहां अंततः क्लासिकल बाजी में उन्हें 37 चाल में हराने में सफल रहे। इस प्रारूप में कार्लसन और प्रज्ञानानंदा के बीच पिछली तीन बाजियां ड्रॉ रही थी। प्रज्ञानानंदा ने इस जीत के साथ तीन दौर के बाद 5.5 अंक से पुरुष वर्ग में बढ़त बना ली है। प्रज्ञानानंदा ने सफेद मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की और इस हार के साथ कार्लसन तीन अंक के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गए। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने अमेरिका के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फाबियानो करूआना पर आधे अंक की बढ़त बना रखी है।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को शूटआउट में हराया

ब्रेडा। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया, वहीं जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑरेंज रूड के खिलाफ ड्रॉ के साथ अपने यूरोप दौरे का समापन किया। भारतीय टीम की ओर से मुकेश टोप्पो ने (33 मिनट में) गोल दाग कर टीम को बढ़त दिला दी थी इस दौरान मैच समाप्त होने से चार मिनट पहले जर्मनी ने गोलकर मुकाबले को 1-1 से बराबरी ला दिया। शूटआउट में गुरजोत सिंह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किए। शूटआउट में भारत ने 3-1 से जीत हासिल की। वहीं वर्ग में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए संजना होरो ने 18 मिनट और अनीशा साहू ने 58 मिनट में गोल किये ने ओरांजे रूड के साथ 2-2 से ड्रॉ में गोल किया।

एफआईएच प्रो लीग के लिए लंदन पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम

लंदन। भारतीय उच्चायोग ने एफआईएच प्रो लीग मुकाबले खेलने के लिए पहुंची देश की महिला हॉकी टीम का भव्य स्वागत किया और उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की। सीनियर भारतीय पुरुष टीम के साथ महिला हॉकी टीम भी एफआईएच प्रो लीग खेलने के लिए यहां आई हैं जिन्हें शनिवार को यहां जर्मनी से अपने मैच खेलने हैं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरइस्वामी ने हॉकी टीम के स्वागत के दौरान कहा टीम की प्रत्येक सदस्य भारत के हर हिस्से, हर क्षेत्र और समुदाय का प्रतिनिधित्व करती है। कप्तान सलीमा टेटे और कोच हरेंद्र सिंह की अगुआई वाली टीम के सम्मान के लिए आयोजित इस विशेष स्वागत उनके समर्थक और खेल प्रशंसक मौजूद थे।

सचिन, संजीत मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में जीते

बैंकॉक। भारत के सचिन सिवाच (57 किग्रा) और संजीत कुमार (92 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर कदम बढ़ाते हुए गुरुवार को यहां मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। सचिन ने प्री क्वार्टर फाइनल में तुर्की के ओलंपियन बटुहान सिफ्टसी को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया। संजीत ने राउंड ऑफ 32 में वेनेजुएला के लुई सांचेज को इसी अंतर से मात दी। सचिन को पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए दो और मुकाबले जीतने होंगे क्योंकि उनके 57 किग्रा वर्ग से सिर्फ तीन मुक्केबाजों को ओलंपिक में जगह मिलेगी। राउंड ऑफ 64 में संजीत को बाई मिली थी और उन्हें भी अब दो और मुक्केबाजों को हराना होगा क्योंकि उनके वजन वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले चारों मुक्केबाजों को पेरिस खेलों का कोटा मिलेगा। संजीत और सांचेज के बीच मुकाबले में भी भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआत से ही बढ़त बनाई।

रथिका पीएसए चैलेंज कप के क्वार्टर फाइनल में

हांगकांग। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रथिका सीलान ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी का हुएन लेउंग पर 3-2 की जीत से हांगकांग पीएसए चैलेंज कप के चौथे चरण के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने मुकाबले के दूसरे दौर में लेउंग को 4-11, 5-11, 11-4, 11-4, 11-7 से हराया। रथिका को पहले दौर में बाई मिली थी। तमिलनाडु की रथिका ने पिछले सप्ताहांत इंदौर में एचसीएल स्क्वाश टूर में अपना पहला पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) टूर खिताब जीता था। यहां क्वार्टर फाइनल में रथिका की भिड़ंत तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया की सेहवीत्रा कुमार से होगी।

भारत-पाकिस्तान मैच से पहले बढ़ाई गई सुरक्षा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

टी-20 विश्वकप में हमले के खतरे को देखते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच नौ जून को होने वाले मुकाबले के लिए आइजनहावर पार्क स्टेडियम की सुरक्षा बढ़ा दी गई।

न्यूयार्क प्रांत के गवर्नर कार्यालय द्वारा जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि वे इस पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं। हालांकि अभी तक उन्हें इस संदर्भ में भी कोई भी पुख्ता सबूत नहीं मिल सका है। प्रांत की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा मैंने न्यूयॉर्क राज्य पुलिस को उन्नत सुरक्षा उपायों में संलग्न होने का भी निर्देश दिया है, जिसमें

कानून प्रवर्तन (लॉ इनफोर्समेंट) पुलिस की मौजूदगी में वृद्धि, उचित एवं उन्नत निगरानी और गहन स्क्रीनिंग प्रक्रियाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा सार्वजनिक सुरक्षा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सभी लोगों के लिए क्रिकेट विश्व कप एक सुरक्षित, आनंददायक अनुभव हो। मैनहट्टन से लगभग 25 मील पूर्व में स्थित आइजनहावर पार्क स्टेडियम में तीन से 12 जून तक आठ मैच खेले जाने हैं।

भारत की जर्सी पहनना अलग अहसास इसे यादगार बनाना चाहूंगा : पंत

न्यूयॉर्क। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पांच जून को जब नासाउ काउंटी मैदान पर आयरलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के पहले मैच के लिए भारत की जर्सी पहनेंगे तब तक उनकी भयानक कार दुर्घटना को 527 दिन हो चुके होंगे। वह इस मुकाबले में खेलने के लिए बेताब हैं। पंत ने इस साल 23 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स की नीली जर्सी पहनी थी लेकिन वह नीले रंग की एक अलग जर्सी पहनने के लिए अधिक उत्सुक हैं- भारत की नीली जर्सी। एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से पूर्व भारत के पहले नेट सत्र के इतर पंत ने कहा भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर वापस आना एक अलग ही अहसास है। यह कुछ ऐसा है जिसकी मुझे बहुत याद आती थी उम्मीद है कि मैं इसे भुना पाऊंगा और यहां से बेहतर प्रदर्शन करूंगा। एनसीए में 15 महीने तक रिहैबिलिटेशन से गुजरने वाले पंत के साथ इस बातचीत के दौरान टीम के साथी सूर्यकुमार यादव भी मौजूद थे। पंत ने उस समय को याद किया जब उनकी मौजूदगी ने उन्हें एनसीए में अपने चोट प्रबंधन कार्यक्रम के अकेलेपन से निपटने में मदद की थी।

विश्व कप में बुमराह और हेड का रहेगा दबदबा : पोंटिंग

दुबई, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को लगता है कि दो जून से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप में बुमराह का गेंदबाजों में और हेड का बल्लेबाजी में दबदबा रहेगा जिन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था।

आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह ने 13 मैच में 20 विकेट झटके जबकि पांच बार की चैंपियन का 17 चरण में प्रदर्शन सबसे खराब रहा जबकि ऑस्ट्रेलिया के हेड ने 15 मैच में 567 रन बनाए। पोंटिंग ने कहा टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट चटकाने के मामले में मैं जसप्रीत बुमराह को चुनूंगा। उसने आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन किया है। वह नई गेंद

● इस वर्ष आईपीएल में दोनों ही खिलाड़ियों ने किया है शानदार प्रदर्शन

को स्विंग कर सकता है, सीम अप कर सकता है। वहीं, हेड हालांकि आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर रहे लेकिन उन्होंने सभी को अपनी बल्लेबाजी के तरीके से प्रभावित किया। आईपीएल के ज्यादातर समय में उनका स्ट्राइक रेट 200 से अधिक का रहा और उन्होंने 15 मैच में 567 रन बनाए जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल थे।

जीत के साथ जोकोविच तीसरे दौर में

पेरिस, एजेंसी

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए लगातार सेट में जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने राबर्टो कार्बालेस बेयना को दो घंटे चार मिनट में 6-4, 6-1, 6-2 से हराया।

बारिश के कारण लगातार तीसरे दिन मैच प्रभावित हुए लेकिन इस बीच ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका भी जापान की क्वालीफायर मोयुका उचिजिमा को 6-2, 6-2 से हराकर आगे बढ़ने में सफल रही। सबालेंका का अगला

● सबालेंका और मेदवेदेव आगे बढ़े स्वियातेक ने ओसाका को हराया

मुकाबला पाउला बैडोसा से होगा, जो उनकी करीबी सहेली है और इस साल महिला युगल में उनकी जोड़ीदार है। एलेना रयबाकिना ने अरांटेक्सा रुस को 6-3, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में पांचवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। यह रूसी खिलाड़ी जब 6-1, 5-0 से आगे चल रहा था तब उनके प्रतिद्वंद्वी मिओमिर केकमैनोविच ने मैच से हटने का फैसला किया। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपना विजय अभियान जारी रखा। उन्होंने डेविड गोफिन को 7-6 (4), 6-2, 6-2 से हराया। वहीं गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने महिला एकल के बेहद कड़े मुकाबले में नाओमी ओसाका को तीन गेम में हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। स्वियातेक ने ओसाका को 7-6, 1-6, 7-5 से शिकस्त दी। स्वियातेक ने रोलां गैरो पर जीत के क्रम को 16 मैच तक पहुंचा दिया और उनकी नजरें इस क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरे खिताब पर टिकी हैं।

टेटे चैंपियनशिप में भारतीय युवाओं ने जीते स्वर्ण पदक

नई दिल्ली। भारत की अंडर-19 और अंडर-15 लड़के और लड़कियों ने दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंतिम दिन एकल और युगल स्पर्धा के सभी संभावित स्वर्ण पदक जीते।

टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, श्रीलंका के कैंडी में खेले गए मुकाबलों में भारतीय लड़कों और लड़कियों ने स्वर्ण पदक के साथ एकल मुकाबलों में अपने खाते में चार रजत पदक भी जीते। अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में अंकुर भट्टाचार्जी ने जश मोदी को 11-8, 5-11, 11-9, 11-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जश मोदी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने कांस्य पदक जीते। वहीं लड़कियों के वर्ग में सायाली वानी ने प्रीथा वर्तिकार को 11-9, 10-12, 11-4, 11-8 से हराकर खिताब जीता, जिससे प्रीथा दूसरे स्थान पर पहुंच गई। इस वर्ग में पाकिस्तान और मेजबान श्रीलंका को कांस्य पदक मिला।

त्रिसा-गायत्री ने किया उलटफेर, सिंधू हारीं

सिंगापुर, एजेंसी

पीवी सिंधू को अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन के खिलाफ सिंगापुर ओपन बैडमिंटन के प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने दुनिया की दूसरे नंबर की दक्षिण कोरियाई टीम बाएक हा ना और ली सो ही को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने एक घंटे आठ मिनट तक चला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 का यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला 21-13, 11-20, 20-22 से गंवाया। यह 2018 से सिंधू की मारिन के खिलाफ लगातार छठी

सिंगापुर ओपन

मैच के दौरान शॉट लगातीं त्रिसा-गायत्री।

हार थी। वहीं राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री ने बाएक और ली को 21-9, 14-21, 21-15 से हराया। अब उनका सामना दक्षिण कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त किम सो योंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से होगा। इस जोड़ी ने हांग्झोऊ एशियाई खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी को हराया था।

पुरूष एकल में दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी एच एस प्रणय को विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज जापान के केंता निशिमोतो ने 21-12, 14-21, 21-15 से हराया। महिला एकल में डेनमार्क ओपन सेमीफाइनल में हुई बहस के बाद सिंधू और मारिन सात महीने में पहली बार एक दूसरे का सामना कर रही थी। पहला गेम गंवाने के बाद मारिन ने वापसी करते हुए लगातार छह अंक बनाए और 17-7 की बढत बना ली। निर्णायक गेम में सिंधू ने बढ़त बनाई लेकिन मारिन ने वापसी करके जीत दर्ज की। यह सिंधू के खिलाफ 17 मैचों में उनकी 12वीं जीत थी।

मेस्सी के गोल के बाद भी हारा इंटर मियामी

फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)। लियोनल मेस्सी के गोल के बावजूद इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में अटलांटा यूनाईटेड के खिलाफ 3-1 से हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम का 10 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। इंटर मियामी की ओर से मेस्सी के अलावा कोई अन्य खिलाड़ी गोल नहीं कर सका। अटलांटा यूनाईटेड की तरफ से साबा लोबजानिद्जे से दो जबकि जमाल थियरे ने एक गोल किया। इस जीत के साथ अटलांटा यूनाईटेड का एमएलएस में नौ मैच से जीत का इंतजार भी खत्म हो गया।

ओलिंपियाकोस ने जीता खिताब

एथेंस (यूनान)। ओलिंपियाकोस ने यूरोपा कांफ्रेंस लीग फुटबॉल फाइनल में अतिरिक्त समय में फायोरेंटिना को 1-0 से हराकर यूनान को पहला यूरोपीय क्लब खिताब दिलाया जिसके बाद देश में जश्न का महौल है। मैच के अतिरिक्त समय के दूसरे हाफ में अयोब अल काबी ने ओलिंपियाकोस की ओर से विजयी गोल दागा। इस गोल की वीएआर (वीडियो सहायक रैफरी) की मदद से ऑफ साइड के लिए समीक्षा की गई लेकिन इसे गोल करार दिया गया जिसके बाद मेजबान टीम के प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

उज्बेकिस्तान की कड़ी चुनौती के लिए तैयार भारतीय महिला फुटबॉल टीम

ताशकंद। भारतीय महिला फुटबॉल टीम को शुक्रवार को अपने से अधिक रैंकिंग वाली उज्बेकिस्तान की टीम के खिलाफ अगर अपना रिकॉर्ड सुधारना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम फीफा की नवीनतम रैंकिंग में 66वें जबकि उज्बेकिस्तान 48वें स्थान पर है। इन दोनों टीम के बीच अभी तक 11 मुकाबले हुए हैं जिनमें भारत केवल एक मैच में जीत दर्ज कर पाया है। उसने 2003 के एएफसी एशिया कप में अपने इस प्रतिद्वंदी को 6-0 के बड़े अंतर से हराया था। इन दोनों टीम के बीच हालिया मुकाबला पिछले साल नवंबर में एएफसी ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान हुआ था जिसमें भारत को 0-3 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। रिकॉर्ड कुछ भी कहते हों लेकिन भारत की मुख्य कोच लंगम चाओबा देवी टीम के अच्छे प्रदर्शन को लेकर आशावादी हैं। उन्होंने कहा हम सभी जानते हैं कि उज्बेकिस्तान की रैंकिंग हमसे बेहतर है लेकिन हमारी खिलाड़ी उन्हें उनके घरेलू मैदान पर कड़ी चुनौती देने का माद्दा रखती हैं। हम ओलंपिक क्वालीफाईंग में उनका सामना कर चुके हैं लेकिन दुर्भाग्य से हमें उस मैच में हार का सामना करना पड़ा था।



बॉलीवुड हलचल

भूल भुलैया 3 में काम करेंगी माधुरी

मुंबई। बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 में काम करती नजर आएंगी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। कुछ दिनों पहले माधुरी दीक्षित के फिल्म की स्टार कास्ट को ज्वाइन करने की खबर आई थी। भूल भुलैया 3 सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में माधुरी दीक्षित की एंट्री कन्फर्म हो गई है। भूल भुलैया 3 के सेट पर उन्हें ब्लैक साड़ी में देखा गया। इसके साथ ही विद्या बालन का भी लुक सामने आया है। वह भी माधुरी की तरह ब्लैक साड़ी में नजर आ रही हैं। तृप्ति डिमरी लाल साड़ी में बंगाली लुक में नजर आ रही हैं। वहीं, कार्तिक आर्यन, रुह बाबा वाले अवतार में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का हिस्सा मनीष वाधवा और राजेश शर्मा भी होंगे। राजेश शर्मा बंगाली अटायर में देखे जा सकते हैं। वहीं, मनीष शर्मा पंडित के लुक में नजर आ रहे हैं।

7 जून को रिलीज होगी फिल्म रंग दे बसंती

मुंबई। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत निर्माता रौशन सिंह और सुपर स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती 7 जून को रिलीज होगी। फिल्म निर्माता रौशन सिंह ने कहा कि फिल्म रंग दे बसंती की शूटिंग समाप्त होने के बाद से हम इसके प्रमोशन में लगे हैं, लेकिन अब हम सभी इसमें और तेजी ला रहे हैं। इसके लिए हमने खेसारीलाल यादव के कटआउट लगाया है। आने वाले दिनों में हम फिल्म के प्रमोशन में और भी तेजी लाएंगे। यह फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने वाली है। फिल्म हर एंगल से ब्लाक बस्टर बनी है और अब इसके रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है। फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रौशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंहऔर निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। यह फिल्म महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, झारखण्ड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल, असम, उड़ीसा, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, राजस्थान, जम्मू एंड कश्मीर और नेपाल में प्रमुखता से रिलीज होगी। इस फिल्म में खेसारीलाल यादव, अभिनेत्री रति पांडेय और डायना खान के साथ अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव राज प्रेमी, मीर सरवर, ज्योति कलश, संजय महानंद, रीना रानी, श्रद्धा नवल, सुजान सिंह और चाहत प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। बॉलीवुड के बड़े सिंगरों की आवाज भी सुनाई देगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

मालिक और चिकित्सक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली, एजेंसी

अस्पताल अग्निकांड

- दिल्ली पुलिस ने घटना की दर्ज प्राथमिकी में किशोर न्याय कानून की धाराएं भी जोड़ी

दिल्ली की मेट्रोपोलिटन अदालत ने गुरुवार को उस निजी अस्पताल के मालिक और ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जहां 25 मई को आग लगने से सात नवजात बच्चों की मौत हो गई थी और पांच घायल हो गए थे। दिल्ली पुलिस ने अस्पताल में आग लगने की घटना के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में किशोर न्याय कानून की धाराएं भी जोड़ी हैं।

मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन खिची और पिछले शनिवार देर रात आग लगने के समय ड्यूटी पर मौजूद डॉ. आकाश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस बीच, डॉक्टर ने जमानत याचिका दायर की है, जिस पर तीन जून को सुनवाई होगी। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बोर्न चाइल्ड अस्पताल में शनिवार रात भीषण आग लग गई थी, जिसका संचालन कथित तौर पर लाइसेंस समाप्त होने के बाद भी अग्निशमन विभाग से किसी मंजूरी के बिना अवैध रूप से किया जा रहा था। विवेक विहार थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 336 (दूसरों के जीवन और व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य), 304 ए (लापरवाही से मौत का कारण बनना), 304 (गैर इरादतन हत्या) और 308 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों को रविवार को गिरफ्तार करने के बाद 27 मई को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था।

प्रज्ज्वल के खिलाफ सैकड़ों महिलाएं उतरीं सड़क पर, किया प्रदर्शन

हासन (कर्नाटक)। कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जनता दल (एस) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ गुरुवार को सैकड़ों महिलाओं और लोगों ने प्रदर्शन किया और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। लोगों ने हासन चलो मार्च में शिरकत की व आरोपियों की गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की।

मार्च का आयोजन नवेड्डु निलादिद्दरे नामक मानवाधिकार समूह नें किया था। इसमें राज्य भर से महिलाओं, श्रमिकों, किसानों और दलितों ने हिस्सा लिया। मार्च महाराजा पार्क के पास हेमावती प्रतिमा से शुरू हुआ और हासन की उपायुक्त सी सत्यभामा को ज्ञापन सौंपने के बाद यह संपन्न हुआ। लोगों ने सरकार से पीड़ितों की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन से राजग उम्मीदवार प्रज्ज्वल पर महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है।

अपनी एसी को कुछ देर दे आराम...

एयर कंडीशनर (एसी) आज के समय में हर घर और ऑफिस की जरूरत है। ये गर्मी के मौसम में आरामदायक होता हैं, जिससे हमारी जीवनशैली में सुधार होता है। लेकिन, कभी-कभी एसी के फटने की घटनाएं भी सामने आती हैं, जो न केवल उपकरण को नुकसान पहुंचाती हैं बल्कि जीवन को भी खतरे में डाल सकती हैं। ऐसी घटनाएं अक्सर अत्यधिक गर्मी के मौसम में ही देखी जा सकती है। आज हम एसी फटने की घटनाओं के संभावित कारणों और उनसे बचाव के उपायों पर चर्चा करेंगे। उचित रखरखाव और सावधानी बरतने से इन घटनाओं से बचा जा सकता है। आइए जानें, कैसे हम एसी को सुरक्षित और प्रभावी तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं...

एसी फटने के कारण



- **अत्यधिक दबाव** : एसी में अत्यधिक दबाव बढ़ने से कूलेंट का रिसाव हो सकता है, जो विस्फोट का कारण बन सकता है।
- **अत्यधिक तापमान** : अत्यधिक गर्मी में एसी के कंडेंसर में अधिक तापमान बढ़ सकता है, जिससे उसके फटने की आशंका बढ़ जाती है।
- **खराब रखरखाव** : यदि एसी का नियमित रखरखाव नहीं किया जाता है, तो इसमें धूल और गंदगी जमा हो सकती है, जिससे कूलिंग क्षमता कम हो जाती है और फटने का खतरा बढ़ जाता है।
- **गैस लीक** : यदि एसी के कूलिंग सिस्टम में गैस लीक हो रही हो तो यह भी विस्फोट का कारण बन सकता है।
- **इलेक्ट्रिकल फॉल्ट** : इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट या ओवरलोडिंग भी इसके फटने का कारण बन सकते हैं।

विशेषज्ञ की सलाह, लगातार न चलाएं एयर कंडीशनर

40 साल से एसी व्यवसाय में लगे कमल शर्मा का कहना है कि बाहरी तापमान और स्पेयर पार्ट्स की गुणवत्ता असरदार नहीं होने से यह समस्या आती है। देश में 42 से 45 डिग्री तापमान सहने की क्षमता वाले एसी और उनकी मशीन तैयार होती है। मशीन में कम्प्रेशर और उसमे इस्तेमाल किए जाने वाले कॉपर पाइप की गुणवत्ता उच्च श्रेणी की होना चाहिए। खाड़ी देशों में 50 डिग्री के तापमान को सहन करने वाले एसी और मशीन बनती है। बाजार में कुछ कंपनियां सस्ते उपभोक्ताओं को सस्ते एसी उत्पाद की बिक्री करके ऐसी घटनाओं को बढ़ावा दे रही हैं। बढ़ते तापमान से आउटडोर को भी बचाने की जरूरत है। आउटडोर पर शेड लगाएं। लगातार एसी न चलाएं। एसी बंद करके आउटडोर की क्वाइल पर पानी का स्प्रे कर सकते हैं। सर्विसिंग भी अनुभवी टेक्नीशियन से ही कराएं।

ऐसे करें निवारण

- **नियमित रखरखाव** : एसी का नियमित रूप से सर्विसिंग करवाएं ताकि धूल और गंदगी जमा न हो।
- **कूलेंट की जांच** : कूलेंट के स्तर की नियमित जांच करवाएं और सुनिश्चित करें कि कोई लीकेज नहीं है।
- **प्रोफेशनल इंस्टॉलेशन** : एसी को हमेशा प्रोफेशनल तकनीशियन से ही इंस्टॉल करवाएं।
- **अत्यधिक दबाव का नियंत्रण** : एसी में सही दबाव बनाए रखने के लिए इसे नियमित रूप से जांचें और उचित कूलिंग सुनिश्चित करें।
- **सुरक्षा उपकरणों का उपयोग** : एसी में ओवरलोड प्रोटेक्शन और सर्किट ब्रेकर जैसे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें।
- **समय-समय पर निरीक्षण** : एसी के सभी हिस्सों का समय-समय पर निरीक्षण करें ताकि किसी भी प्रकार की समस्या को समय रहते पहचाना जा सके।

एक नजर

अमेरिकी में गोलीबारी में एक की मौत, दूसरा घायल

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिकी में कैलिफोर्निया के पूर्वी ओकलैंड में मंगलवार रात गोली बारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि ओकलैंड निवासी एक व्यक्ति की अस्पताल में चोटों के कारण मौत हो गई। परिजनों की सूचना मिलने तक उसकी पहचान गुप्त रखी जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि ओकलैंड का एक अन्य निवासी, जिसके बारे में माना जाता है कि वह गोलीबारी में शामिल था, गोली लगने से घायल होकर अस्पताल पहुंचा। बुधवार सुबह तक उनकी हालत स्थिर थी।

ईरानी सेना की गोलीबारी में चार पाकिस्तानियों की मौत

पाकिस्तान। ईरान के सैनिकों ने दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र के एक सुदूर इलाके में पाकिस्तानियों के एक समूह को ले जा रहे एक वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार को बलूचिस्तान प्रांत के सीमावर्ती गांव मश्केल के पास हुई। सरकारी प्रशासक साहिबजादा असफंद ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि ईरानी सेना ने गोलीबारी क्यों की। स्थानीय पुलिस का कहना है कि चारों लोगों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।

स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको की हालत अब स्थिर

ब्रातिस्लावा। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको गोली लगने के बाद हुए घाव से उबर रहे हैं और उनकी हालत अब स्थिर है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। स्लोवाक समाचार एजेंसी के अनुसार उप प्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री रॉबर्ट कालिनक ने भी पुष्टि की कि फीको के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। कलिनक ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्थिति में अब सुधार है। यह हमारे लिए बहुत खुशी की खबर है। उन्होंने खाना- पीना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि फिको 15 मई को मध्य स्लोवाक शहर हैंडलोवा में एक सरकारी बैठक की अध्यक्षता करने के बाद समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे तभी 71 वर्षीय जुराज सी ने उन पर गोली चला दी थी।

सीरिया पर इजरायली हमले में एक लड़की की मौत

दमिश्क। सीरिया के कई क्षेत्रों पर इजरायली हमलों के एक नए दौर में बुधवार को लड़की की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि इजरायली सेना ने शाम साढ़े सात बजे लेबनान की दिशा से हवाई हमला किया और मध्य प्रांत होम्स में सैन्य स्थल और तटीय शहर बनियास में आवासीय इमारत को निशाना बनाया। हमले की पुष्टि सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने की, जिसमें बताया गया कि बनियास में नफस पहाड़ी पर हुए दो विस्फोटों में एक लड़की की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। इजरायली मिसाइलों ने बुधवार शाम को होम्स के पूर्वी ग्रामीण इलाके में अल-फुरक्लस क्षेत्र के पास एक सैन्य स्थल को निशाना बनाया, जिससे साइट से धुआं उठने लगा।

सऊदी अरब ने हज से पहले 6 पत्रकारों को निकाला : ईरान

दुबई। ईरान ने बुधवार को कहा कि सऊदी अरब ने अपने सरकारी टेलीविजन प्रसारक के 6 सदस्यों को निकाल दिया है, जिन्हें हज से पहले देश में लगभग एक सप्ताह तक हिरासत में रखा गया था। सऊदी अरब ने कहा कि ये लोग अपने वीजा का उल्लंघन करके काम कर रहे थे। यह घटना रियाद और तेहरान के बीच चीन की मध्यस्थता से हुए समझौते के एक साल बाद हुई है। देश में पवित्र स्थलों को लेकर सुन्नी और शिया देशों के बीच दशकों से तनाव रहा है। ईरानी सरकारी टीवी ने बताया कि गिरफ्तारियां एक हफ्ते पहले हुईं जब मदीना में मुहम्मद की मस्जिद में रिकॉर्डिंग के समय कर्मीदल के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया गया।

पाकिस्तान में उभर रहा है एक निष्पक्ष दृष्टिकोण : भारत

लाहौर समझौते के उल्लंघन पर नवाज शरीफ की टिप्पणी पर भारत की प्रतिक्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के लाहौर समझौते का उल्लंघन करने संबंधी पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की टिप्पणी के कुछ दिनों बाद भारत ने गुरुवार को कहा कि पड़ोसी देश में इस मुद्दे पर एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है।

शरीफ ने मंगलवार को कहा था कि पाकिस्तान ने उनके और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बीच 1999 में भारत के साथ हुए समझौते का उल्लंघन किया है। उनका इशारा जनरल परवेज मुशर्रफ की ओर से करगिल पर किए गए हमले की ओर था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि आप इस मुद्दे पर हमारी स्थिति से अवगत हैं। मुझे इसे दोहराने की आवश्यकता नहीं है। हम देखते हैं कि इस मामले पर पाकिस्तान में भी एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है। वह अपनी साप्ताहिक प्रेसवार्ता में इस मामले पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

लाहौर में ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद, भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री वाजपेयी और शरीफ ने 21 फरवरी, 1999 को लाहौर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों पड़ोसी देशों के बीच शांति और स्थिरता के दृष्टिकोण पर बात करने वाला यह समझौता एक सफलता का संकेत है। कुछ महीने बाद, हालांकि जम्मू कश्मीर के करगिल जिले में पाकिस्तानी घुसपैठ के कारण भीषण संघर्ष हुआ। शरीफ ने पीएमएल-एन की आम परिषद की बैठक में कहा कि 28 मई 1998 को पाकिस्तान ने पांच परमाणु परीक्षण किए। उसके बाद वाजपेयी साहब यहां आए और हमारे साथ समझौता किया, लेकिन हमने उस समझौते का उल्लंघन किया... यह हमारी गलती थी। इस आम परिषद की बैठक में उन्हें पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पार्टी का अध्यक्ष चुना गया है।

- शिखर सम्मेलन के बाद दोनों देशों ने 1999 में घोषणापत्र पर किए थे हस्ताक्षर
- जम्मू कश्मीर के करगिल में इसके बाद पाकिस्तानी घुसपैठ से हुआ था संघर्ष
- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हमारी स्थिति साफ, दोहराने की जरूरत नहीं

पाकिस्तान एनएफयू नीति का नहीं करता पालन

- पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अधिकारी ने कहा- सभी खतरों का सामना करने में सक्षम

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु हथियारों का पहले प्रयोग न करने की नीति का पालन नहीं करता है और देश प्रतिरोधी सैन्य क्षमताओं के जरिये दुश्मन के सभी खतरों का सामना करने में सक्षम है। अधिकारी ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के संबंध में पाकिस्तान के रुख को भी स्पष्ट किया। राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) खालिद अहमद किदवई बुधवार को सेंटर फॉर इंटरनेशनल स्ट्रेटेजिक स्टडीज (सीआईएसएस) में पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण की 26वीं वर्षगांठ, यौम-ए-तकबीर के मौके पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। पाकिस्तान ने भारतीय सेना के पोखरण परमाणु परीक्षण के जवाब में बलूचिस्तान प्रांत के दूरस्थ चागई पर्वत में एक गहरी सुरंग खोदकर 28 मई, 1998 को छह परमाणु परीक्षण किए थे। पाकिस्तान के इस सफल परमाणु परीक्षण को यौम-ए-तकबीर कहा जाता है। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार किदवई ने कहा, परमाणु हथियारों के मामले में पाकिस्तान के पास नो फर्स्ट यूज (एनएफयू) की नीति नहीं है। एनएफयू नीति पहले परमाणु हथियारों का उपयोग न करने की प्रतिबद्धता है। पाकिस्तान ने पारंपरिक रूप से अपनी एनएफयू नीति के बारे में अस्पष्टता बनाए रखी है।

रूस की चेतावनी यूक्रेन के हमलों से अमेरिका चिंतित

वाशिंगटन। अमेरिका ने रूस की मिसाइल प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों पर यूक्रेन के हमलों के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की है और इससे स्थिति अस्थिर होने का भी खतरा बताया है। वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि अमेरिका रूसी बैलिस्टिक मिसाइल प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के खिलाफ यूक्रेन के हालिया हमलों से चिंतित है। अमेरिका ने पिछले सप्ताह पारंपरिक वायु रक्षा के साथ-साथ पश्चिमी परमाणु प्रक्षेपणों की चेतावनी देने वाले रडार स्टेशनों के खिलाफ दो हमलों के प्रयासों के बारे में यूक्रेन को अपनी चिंताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ये प्रणलियां यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध का समर्थन करने में शामिल नहीं हैं लेकिन वे संवेदनशील स्थान हैं क्योंकि रूस को लगता है कि उसकी रणनीतिक निवारक क्षमताओं को निशाना बनाया जा रहा है, जो अमेरिका के खिलाफ परमाणु प्रतिरोध बनाए रखने की रूस की क्षमता को कमजोर कर सकता है। समाचार पत्र ने यूक्रेनी अधिकारी के हवाले से बताया कि यूक्रेन का सैन्य खुफिया निदेशालय इन हमलों के लिए जिम्मेदार हैं।

पाकिस्तान में नौ मई 2023 को हुई हिंसा का मामला

दंगों से जुड़े दो मामलों में इमरान खान बरी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान की अदालत ने अपर्याप्त सबूत का हवाला देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री के पक्ष में सुनाया फैसला
- समर्थकों ने भ्रष्टाचार मामले में खान की गिरफ्तारी के बाद सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को पहुंचाया था नुकसान

पाकिस्तान की एक अदालत ने नौ मई, 2023 की हिंसा से संबंधित दो मामलों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके खिलाफ अपर्याप्त सबूत का हवाला देते हुए गुरुवार को बरी कर दिया।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान के समर्थकों ने पिछले साल नौ मई को कथित भ्रष्टाचार मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। पीटीआई संस्थापक इमरान खान के खिलाफ शहजाद टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज दो मामलों को चुनौती देने वाली याचिका को इस्लामाबाद के जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट उमर शब्बीर ने मंजूरी दे दी।

अदालत ने इमरान खान (71) को बरी करने का आदेश देते हुए अपने फैसले में कहा कि चूंकि अभियोजन की ओर से पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं किए गए हैं, इसलिए पीटीआई संस्थापक इमरान खान को बरी किया जाता है। खान को सुनवाई के बाद 15 मई को दो मामलों में बरी कर दिया गया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिब बिलाल ने पूर्व प्रधानमंत्री की याचिका मंजूर करते हुए उन्हें बरी करने का आदेश जारी किया है। इमरान खान के खिलाफ दोनों मामले इस्लामाबाद के खन्ना पुलिस स्टेशन में दर्ज कराए गए थे। पीटीआई संस्थापक के खिलाफ मार्च और अनुच्छेद 144 के उल्लंघन के लिए मामले दर्ज किए गए थे। खान की गिरफ्तारी के बाद, उनके हजारों समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई बिल्डिंग समेत एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की। रावलपिंडी स्थित सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी पहली बार भीड़ ने हमला किया। भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने हंगामा किया था।

ट्रंप मामले में निर्णय लंबित होने पर ज्यूरी बर्खास्त

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चुप रहने के लिए पैसे लेने के मामले में सुनवाई कर रही ज्यूरी के घंटों की चर्चा के बाद भी किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पाने के बाद न्यूयार्क सुप्रीम कोर्ट के जज जुआन मर्चेन ने ज्यूरी को ही बर्खास्त कर दिया है। एनबीसी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी।

रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि जज मर्चेन ने जूरी को दिन भर के लिए बर्खास्त कर दिया और उन्हें मामले पर चर्चा न करने या इसके बारे में जानकारी न खोजने का आदेश दिया। जूरी गुरुवार को सुबह 9:30 बजे विचार-विमर्श फिर से शुरू करेगी। श्री ट्रम्प पर वयस्क फिल्म अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को कथित रूप से चुप रहने के लिए पैसे देने से संबंधित रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है हालांकि उन्होंने इन सभी आरोपों से इनकार किया है और 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ के बीच उठाये गये इस मामले की निंदा करते हुए इसे चुनाव में हस्तक्षेप बताया है।

हाय ये गर्मी...

ज्येष्ठ के महीने में शरीर झुलसा देने वाली पड़ रही गर्मी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। मगर जरूरी काम होते घर से निकलना ही पड़ता है और बचाव के भी उपाय करने पड़ते हैं इसी क्रम में राजस्थान के जयपुर में भीषण गर्मी के बीच में चिलचिलाती धूप से बचाने के लिए लड़कियां अपना चेहरा ढक लेती हैं ● एजेंसी

मालदीव को एफटीए के लिए नहीं दिया गया कोई प्रस्ताव : भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

- मालदीव सरकार इस संबंध में रुचि दिखाती है, तो हम इस पर करेंगे विचार : विदेश मंत्रालय

भारत ने गुरुवार को कहा कि उसने मालदीव के समक्ष द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (डीटीए) के लिए कोई प्रस्ताव नहीं रखा है और यदि द्वीपीय राष्ट्र इस तरह के समझौते के लिए रुचि दिखाता है तो वह इस पर विचार करने को तैयार है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मालदीव के साथ द्विपक्षीय एफटीए के लिए भारत सरकार द्वारा कोई विशेष प्रस्ताव नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि यदि मालदीव सरकार भारत के साथ एफटीए करने में रुचि दिखाती है, तो हम इस पर विचार करेंगे। पिछले सप्ताह मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद ने संकेत दिया था कि भारत ने दोनों देशों के बीच एफटीए के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। सईद ने माले में कहा था कि भारत चाहता है कि मालदीव के साथ साफ्टा (दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार समझौता) के अलावा एक मुक्त व्यापार समझौता भी हो। सईद ने कहा कि मालदीव के राष्ट्रपति ने सभी देशों को यह अवसर प्रदान किया है। मालदीव सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक देशों के साथ ऐसे समझौते करना है, ताकि व्यापार गतिविधियों में आसानी हो।

हर चीज़ का सिद्धांत | प्रतिभाशाली पीढ़ी ने ब्रह्मांड की परतों के साथ परमाणु की भी परतें उधेड़ दीं

विफलता का डर भौतिकविदों की खोज में बाधा

मैनचेस्टर, एजेंसी

- क्वांटम यांत्रिकी को आइंस्टीन के सिद्धांत से जोड़ा जाना, जो बड़े पैमाने पर ब्रह्मांड पर लागू होता है

अल्बर्ट आइंस्टीन, मैक्स प्लैंक और अन्य लोगों के साथ भौतिकी के तूफानी दौर को शुरू हुए एक सदी से अधिक हो गया है, जिसने हमें हमारे पहले से व्यवस्थित ब्रह्मांड से अराजकता की एक नई दुनिया में भेज दिया है। भौतिकविदों की इस प्रतिभाशाली पीढ़ी ने अंततः ब्रह्मांड की परतों के साथ-साथ परमाणु की भी परतें उधेड़ दीं, ताकि कल्पना से भी अधिक अजनबी दुनिया सामने आ सके।

परमाणुओं और कणों के सूक्ष्म जगत पर शासन करने वाले क्वांटम यांत्रिकी सिद्धांत के शुरुआती दिनों से ही, भौतिकी के पवित्र गुरु हर चीज का सिद्धांत ढूंढ रहे हैं - क्वांटम यांत्रिकी को आइंस्टीन के सामान्य सापेक्षता के सिद्धांत के साथ जोड़ा जाना, जो बड़े पैमाने पर ब्रह्मांड पर लागू होता है, लेकिन हमारे पास अभी भी हर चीज़ का आजमाया हुआ और परखा हुआ सिद्धांत नहीं है। हर चीज़ का सिद्धांत बनाना बिल्कुल आसान नहीं है। इस अंतिम प्रश्न का उत्तर देने वाले के लिए पुरस्कार इतिहास में शाश्वत गौरव है। आइंस्टीन की पीढ़ी में इसे हल करने की भूख थी। लेकिन भौतिक विज्ञानी आर्थर एडिंगटन, हरमन वेइल और गणितज्ञ डेविड हिल्बर्ट इतने भाग्यशाली नहीं थे, कुछ को तो बहुत बुरे परिणामों का सामना करना पड़ा। उदाहरण के लिए, एडिंगटन को लें, शायद वह ऐसे वैज्ञानिक हैं जिनके बारे में कभी नहीं सुना होगा।

कैम्ब्रिज के खगोलशास्त्री और भौतिक विज्ञानी ने 1919 के ग्रहण का विश्लेषण करके आइंस्टीन को सही साबित कर दिया। जॉर्जेस लेमेत्रे के बिग बैंग सिद्धांत पर ऐसा करने से पहले एडिंगटन ने सापेक्षता पर पहली अंग्रेजी किताबें भी लिखीं। तारकीय भौतिकी पर अभूतपूर्व काम के साथ 1920 और 1930 के दशक में विज्ञान पर सबसे लोकप्रिय लेखक बन गए। फिर भी वह मौलिक सिद्धांत की गहन खोज के कारण आज अस्पष्ट है। आइंस्टीन और एडिंगटन के बाद भौतिक विज्ञानी रिचर्ड फेनमैन (1918-88) की पीढ़ी ने हर चीज के सिद्धांत में रुचि खो दी। फेनमैन और उनके साथियों ने नई उप-परमाणु खोजों और सिद्धांतों, और रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के लिए भौतिकी के अनुप्रयोगों में प्रसिद्धि पाई। उनके द्वारा सहा गया उपहास, जिन्होंने उनसे पहले कोशिश की और असफल रहे, इसका एक कारण हो सकता है। विफलता की यह अत्यधिक लागत अंततः इंटरवार भौतिकी की महिमा के साथ-साथ बढ़ी। अद्वितीय सफलता के दौर में, विफलता अधिक अक्षम्य थी। सबसे बड़े प्रश्न पर खुद को लागू करने की चाहत रखने वाले युवा और प्रतिभाशाली आधुनिक दिमागों के लिए यह शायद ही कोई प्रोत्साहन था। आज भी हर चीज़ के सिद्धांतों की कोशिशों का मज़ाक उड़ाया जाता है।

बेटे को निर्दोष साबित करने के लिए मां के खून से बदला नमूना

पुणे, एजेंसी

पुणे पोर्श हादसा

- दो चिकित्सकों और एक कर्मचारी की हिरासत 5 जून तक बढ़ाई गई
- किशोर को बचाने के लिए उसकी मां से लिए गए थे रक्त के नमूने

पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर के रक्त के नमूनों को महिला के नमूनों से बदला गया ताकि ये साबित हो सके कि हादसे के समय आरोपी नशे में नहीं था। पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में यह जानकारी दी।

कोर्ट ने पुलिस की याचिका स्वीकारते हुए गिरफ्तार ससून जनरल अस्पताल के दो चिकित्सकों और एक कर्मचारी की हिरासत अवधि 5 जून तक बढ़ा दी। पुलिस ने कहा कि वह उस महिला की पहचान करना चाहते हैं जिसके खून के नमूनों से किशोर के नमूनों को बदला गया। सूत्र के अनुसार वह कोई और नहीं किशोर की मां थी। नमूनों की अदला-बदली का मामला सामने आने के बाद डॉ. अजय तावड़े, डॉ. श्रीहरि हलनोर और अतुल घाटकांबले को गिरफ्तार किया गया था। उनकी प्रारंभिक हिरासत समाप्त होने पर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने उनकी आगे की हिरासत की मांग करते हुए कहा कि डॉ. हलनोर ने किशोर के रक्त के नमूनों को फेंका नहीं था जैसा कि पहले माना गया था बल्कि उन्हें किसी को सौंपा था। वह किशोर के रक्त के नमूनों को प्राप्त करना चाहते हैं। महाराष्ट्र लोक स्वास्थ्य विभाग के सूत्र ने बताया कि किशोर को बचाने के लिए उसकी मां के रक्त के नमूने का प्रयोग किया गया। पुणे में 19 मई को पोर्श कार के नाबालिग चालक ने बाइक से जा रहे दो इंजीनियरों को कुचल दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी।

सीवर टैंक की सफाई को उतरे 3 लोगों की जहरीली गैस से मौत

जयपुर। राजस्थान के भरतपुर जिले में सीवर टैंक की सफाई को उतरे दो युवकों समेत तीन लोगों की जहरीली गैस से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार इन्हें बचाने के लिए टैंक में उतरे एक अन्य युवक की हालत गंभीर है।

घटना गुरुवार को लखनपुर थाना क्षेत्र में हुई। आकाश और करण घर में बने सेफ्टी टैंक की सफाई करने उतरे। दम घुटने पर वे चिल्लाने लगे। उन्हें बचाने के लिए भोलू, नरेश और इंद्र नीचे उतरे लेकिन वे भी बेहोश हो गए। बगल में गड्ढा खोदा गया और टैंक तोड़कर उन्हें निकाला गया। अस्पताल में आकाश, करण और भोलू की मौत हो गई, जबकि नरेश और इंद्र भर्ती हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शोक जताते हुए एक्स पर लिखा, संबंधित अधिकारियों को इसकी निष्पक्ष जांच व पीड़ित परिवार को राहत प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।